| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | ~ | 81,451.01 |
| निफ्टी | ~ | 24,750.70 |
| सोना | ~ | 97,310 |
| चांदी | ~ | 99,900 |
| डॉलर | ~ | 85.56 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

PMG

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
शनिवार 31 मई 2025
ज्येष्ठ शुक्ल 05 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 245
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

## पीएम मोदी ने बिहार के विक्रमगंज और यूपी के कानपुर में भरी हुंकार

# बिहार से आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का वादा किया था, उसे पूरा करके ही आया

**रोहतास। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार यह एलान किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना को भी सीधा टारगेट किया गया था। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जघन्य आतंकी हमले के एक दिन बाद बिहार आया था तो बिहार की धरती से देश को वादा किया था आतंक के आकाओं के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। उन्हें कल्पना से भी बड़ा सजा होगी। जिन लोगों ने पाकिस्तान में बैठकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, हमारी सेना ने उनके ठिकानों को खंडहर में बदल दिया है। पाकिस्तानी सेना की छत्रछाया में आतंकी खुद को सुरक्षित मानते थे। हमारी सेना ने एक ही झटके में उनको भी घुटनों पर ला दिया। पाकिस्तान के एयरबेस, उनके सैन्य ठिकाने हमने कुछ ही मिनट में तबाह कर दिए।**



### राम की रीति ही नए भारत की नीति बन गई

बिहार के रोहतास जिले के विक्रमगंज में पीएम मोदी की सभा थी। जिला मुख्यालय सासाराम है। सासाराम का नाम लेते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इसके तो नाम में ही राम है। राम राज्य में यह रीति थी- प्राण जाए पर वचन न जाए। राम की रीति अब नए भारत की नीति बन गई है। उन्होंने आगे इस बात को और साफ करते हुए कहा- पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। जघन्य आतंकी हमले के एक दिन बाद बिहार आया था तो बिहार की धरती से देश को वादा किया था। वचन दिया था। बिहार की धरती पर आंख में आंख मिलाकर कहा था कि आतंक के आकाओं के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। उन्हें कल्पना से भी बड़ा सजा होगी। आज जब बिहार आया हूं तो अपना वचन पूरा करने के बाद आया हूं। यह नया भारत है, यह नए भारत की ताकत है।

### दुश्मन कहीं भी हो, खत्म कर देंगे

वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानपुर में कहा कि पहलगाम के कायराना हमले में हमारे कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी भी बर्बरता का शिकार हुए। बेटी ऐशन्या की वो पीड़ा, वो कष्ट और भीतर का आक्रोश हम सब महसूस कर सकते हैं। हमारी बहनों-बेटियों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने, घर में घुसकर, सैकड़ों मील अंदर जाकर तबाह कर दिए। हमारी सेना ने ऐसा पराक्रम किया कि पाकिस्तानी सेना को गिड़गिड़ा कर युद्ध रोकने की मांग करने पर मजबूर होना पड़ा। अगर मैं कनपुरिया अंदाज में कहूं तो- दुश्मन कहीं भी हो, हौंक दिया जाएगा। पीएम ने करीब 45 मिनट तक जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले, मोदी ने कानपुर एयरपोर्ट पर शुभम द्विवेदी के परिवार से मुलाकात की। मोदी ने शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशन्या, मां सीमा और पिता संजय द्विवेदी से मुलाकात की। शुभम के चाचा मनोज द्विवेदी ने बताया कि पीएम परिवार से मिलकर भावुक हो गए। ऐशन्या और शुभम के पिता की आंखों से आंसू निकल आए तो पीएम ने ढांढस बंधाया। कहा, आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर रुका है, खत्म नहीं हुआ है। यह आगे भी जारी रहेगा। हम आगे भी आप लोगों से मिलते रहेंगे। नरवल एसडीएम शुभम के परिवार को कार से लेकर चकेरी एयरपोर्ट पहुंचे थे।

## सुप्रीम कोर्ट को मिले तीन नए जज, चीफ जस्टिस गवई ने दिलाई शपथ



नई दिल्ली। भारत के चीफ जस्टिस बीआर गवई ने शुक्रवार को जस्टिस एन वी अंजनिया, जस्टिस विजय बिश्नोई और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। इसके बाद अब सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या 34 हो गई है। बता दें 29 मई को सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने इन तीनों जजों की नियुक्ति की सिफारिश की थी, जिसे बाद में केंद्र सरकार ने मंजूरी दे दी थी। इस संबंध में केंद्र सरकार की तरफ से अधिसूचना भी जारी की गई थी। न्यायमूर्ति एन वी अंजनिया पूर्व में कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश थे। न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई पूर्व में गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर पूर्व में बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायाधीश थे। जस्टिस अंजनिया का कार्यकाल 23 मार्च 2030 तक रहेगा जस्टिस बिश्नोई का कार्यकाल 25 मार्च 2029 तक और जस्टिस चंदुरकर का कार्यकाल 7 अप्रैल, 2030 तक रहेगा।

न्यायमूर्ति अंजनिया का जन्म 23 मार्च, 1965 को अहमदाबाद में हुआ। उन्होंने 1989 में यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ, अहमदाबाद से कानून में मास्टर डिग्री हासिल की थी। उन्होंने 1988 में गुजरात हाईकोर्ट में अपने वकालत के करियर की शुरुआत की। न्यायमूर्ति अंजनिया ने 25 फरवरी, 2024 को कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी। इससे पहले उन्हें 21 नवंबर, 2011 को गुजरात हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था। इसके बाद छह सितंबर 2012 को उन्हें स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया।

26 मार्च, 1964 को जोधपुर में जन्मे न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई ने 1989 में वकालत शुरु की थी। बिश्नोई ने 5 फरवरी 2024 को गुवाहाटी हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। उन्हें 8 जनवरी, 2013 को राजस्थान हाईकोर्ट का अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किया। इसके बाद 7 जनवरी, 2015 को उन्होंने हाईकोर्ट के स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।

## खास खबर

### पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 5 की मौत

मुक्तसर। पंजाब के मुक्तसर में गुरुवार देर रात एक पटाखा फैक्ट्री में धमाका हो गया। 5 वर्करों की मौत हो गई। मलबे से 33 लोगों को निकाला गया है। बचाव एवं राहत कार्य जारी है। घायलों को बठिंडा एम्स में भेजा गया है। फैक्ट्री में कुल 40 लोग काम करते थे। घायल वर्कर उत्तर प्रदेश के बताए जा रहे हैं। घटना सिंघेवाला गांव में रात 1.30 बजे हुई। यहां काम करने वाले वर्कर अरुण ने बताया कि हम रात की शिफ्ट के बाद सो रहे थे, तभी अचानक धमाका हुआ और कई लोग मलबे के नीचे दब गए। धमाका इतना जोरदार था कि फैक्ट्री की इमारत का एक बड़ा हिस्सा ढह गया।

### पाकिस्तानी घुसपैठिया को किया गया गिरफ्तार

पठानकोट। सुरक्षा एजेंसियों ने पठानकोट भारत-पाक सीमा के पास बमियाल सेक्टर में सिंबल पोस्ट से एक घुसपैठिए को गिरफ्तार किया है। आरोपी को सुबह पकड़ा गया। सूत्रों से पता चला है कि उसे फिलहाल नारनोट जैमल सिंह थाने में रखा गया है। एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि वह वहां से कैसे आया। हालांकि, अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहे हैं। जानकारी के मुताबिक पिछले महीने से ही देश की सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड़ पर है। इसी बीच बीएसएफ के जवानों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से घुसपैठिए को पकड़ा है। जवानों को उसकी गतिविधि संदिग्ध लगी तो उसे तुरंत सीमा से दबोच कर पूछताछ की।

### इंजीनियर के घर से 2 करोड़ कैश बरामद

भुवनेश्वर। ओडिशा में विजिलेंस डिपार्टमेंट ने शुक्रवार को एक चीफ इंजीनियर के 7 ठिकानों पर रेड की। इस दौरान उसके दो घरों से 2 करोड़ से ज्यादा कैश बरामद हुआ। लाखों रुपए के सोने के गहने और मंहगे कपड़े भी मिले हैं। विजिलेंस टीम को देखते ही चीफ इंजीनियर भुवनेश्वर स्थित अपने फ्लैट की खिडक़ी से 500 रुपए के नोटों के बंडल फेंकने लगा था। अधिकारियों ने नोटों की गड्डी बरामद कर ली है। इंजीनियर की पहचान ओडिशा सरकार के कर्मचारी बैकुंठ नाथ सारंगी के रूप में हुई है।

### ईडी के डिप्टी डायरेक्टर गिरफ्तार

भुवनेश्वर। सीबीआई ने ओडिशा में प्रवर्तन निदेशालय के डिप्टी डायरेक्टर चिंतन रघुवंशी को रिश्वत मामले में गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को यह जानकारी सामने आई है। एजेंसी को गुरुवार को सूचना मिली कि रघुवंशी भुवनेश्वर के एक खनन व्यवसायी से 20 लाख रुपए की रिश्वत लेने जा रहा है। सीबीआई ने मौके पर पहुंचकर 2013 बैच के इंडियन रेवन्यू सर्विस अधिकारी रघुवंशी को पकड़ा और पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

### दिल्ली पुलिस ने 38 बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने 38 बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस की नॉर्थ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट इकाई ने एक विशेष अभियान के तहत विभिन्न इलाकों से इन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह सभी घुसपैठिए बिहार के रास्ते दिल्ली पहुंचे थे। दिल्ली में गिरफ्तार हुए घुसपैठिए दिल्ली में रहने से पहले हरियाणा के नूंह में भी रहे और वहां काम कर काफी समय गुजारा।

## देश में कोरोना के 1828 एक्टिव केस, 15 मौतें

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसेज की संख्या शुक्रवार को 1828 पहुंच गई। गुजरात के अहमदाबाद में एक दिन के नवजात की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

बच्चे को आईसीयू में रखा गया है। पिछले सप्ताह बच्चे की मां भी कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी, हालांकि अब उनकी रिपोर्ट निगेटिव है। इसके अलावा 8 महीने की एक बच्ची गुरुवार से ऑक्सीजन सपोर्ट पर है। वहीं, देश में कोरोना से जान गंवाने वालों का आंकड़ा 15 हो गई है, इनमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। राज्य सरकार कोरोना वायरस के लिए इन्फ्लूएंजा और सांस से जुड़ी बीमारियों पर सर्वे करा रही है। उधर केरल में एक्टिव मामले 727 हो गए हैं। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बताया कि राज्य में ओमिक्रॉन जेएन वैरिएंट एलएफ7 के मामले आ रहे हैं। है।

## सुप्रीम कोर्ट का आदेश

## नीट पीजी एग्जाम एक शिफ्ट में हो

नई दिल्ली। नीट पीजी परीक्षा एक ही शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को यह आदेश दिया। छात्रों ने 2 शिफ्ट में परीक्षा के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। उनका कहना था कि 2 शिफ्ट में एग्जाम से क्वेश्चन पेपर के डिफिकल्टी लेवल में फर्क होता है, जो फेयर इवैल्युएशन नहीं है। परीक्षा में हासिल किए गए नंबर्स में भी फर्क आ जाता है।

नीट पीजी एग्जाम 15 जून को होना है जिसके लिए एडमिट कार्ड 2 जून को जारी होंगे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने मामले की जल्द सुनवाई की है। बेंच ने कहा कि ये तर्क माना नहीं जा सकता कि एग्जाम कराने के लिए एनबीई (नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन) को पर्याप्त सेंटर नहीं मिले। 2 शिफ्ट में एग्जाम कराना फेयर नहीं है। दो पेपर्स का डिफिकल्टी लेवल कभी एक जैसा नहीं हो सकता। नॉर्मलाइजेशन का



इस्तेमाल एक्सेप्शनल केसेज में होना चाहिए, न कि रूटीन परीक्षाओं में। इस साल का एग्जाम 15 जून को होना है। अभी भी एग्जामिनेशन बॉडी तय करने और सेंटर्स चुनने के लिए 2 सप्ताह से ज्यादा का समय बाकी है। इसके बावजूद अगर और समय की जरूरत होती है तो आवेदन कर सकते हैं।

## पतंजलि पर पैसे के लेन-देन में गड़बड़ी का आरोप, एजेंसियों ने शुरू की जांच

### केंद्र सरकार ने नोटिस भेजा, दो महीने के भीतर जवाब मांगा

नई दिल्ली। योग गुरु बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि को केंद्र सरकार ने नोटिस भेजा है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक सरकारी जांच एजेंसियों को पतंजलि के पैसों के लेन-देन में गड़बडियां मिलीं हैं। एजेंसियों ने कई फाइनेंशियल ट्रांजैक्शंस को संदिग्ध माना है।




कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय ने पातंजलि को नोटिस जारी कर दो महीने के भीतर जवाब देने को कहा है। जांच शुरुआती चरण में है, इसलिए रकम का खुलासा नहीं हुआ है। कंपनी के खिलाफ कॉर्पोरेट गवर्नेंस नियमों के उल्लंघन और फंड डायवर्जन की आशंका पर जांच शुरू की गई है।

### पिछले महीने शरबत विवाद में फसे थे रामदेव

बाबा रामदेव ने 3 अप्रैल को पतंजलि के शरबत की लॉन्चिंग की थी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा था कि एक कंपनी शरबत बनाती है। उससे जो पैसा मिलता है, उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है। बाबा रामदेव ने कहा था कि जैसे लव जिहाद और वोट जिहाद चल रहा है, वैसे ही शरबत जिहाद भी चल रहा है। इसके खिलाफ रूह अफजा शरबत बनाने वाली कंपनी हमदर्द ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कंपनी की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने दलीलें दीं। रोहतगी ने कहा कि यह धर्म के नाम पर हमला है।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने यूट्यूबर अजीत भारती को नोटिस जारी किया

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने टीएफआई मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के मानहानि के मुकदमे में यूट्यूबर अजीत भारती और एक अन्य प्रतिवादी को नोटिस जारी किया है। इस याचिका में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कथित रूप से अपमानजनक पोस्ट को लेकर 2।1 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगा गया है।

27 मई, 2025 को दायर इस मुकदमे की सुनवाई न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव कर रहे हैं। अजीत भारती के वेरिफाइड एक्स हैंडल @ajeetbharti से 22 और 23 मार्च को दो पोस्ट किए गए थे। टीएफआई मीडिया का दावा है कि ये




ट्वीट दुर्भावनापूर्ण और निराधार थे। इसका उद्देश्य कंपनी की प्रतिष्ठा को धूमिल करना था।

अधिवक्ता जय अनंत देहाद्राई ने वादी की ओर से अजीत भारती को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से तत्काल दोनों पोस्ट हटाने का निर्देश देने की मांग की है। अदालत ने इसको लेकर नोटिस जारी किया है। 7 जुलाई को इस मामले की अगली सुनवाई होगी।

टीएफआई मीडिया भी पोस्ट के सर्कुलेशन को रोकने के लिए एक स्थायी निषेधाज्ञा और सोशल मीडिया मंच (प्रतिवादी नंबर 2 के रूप में संदर्भित) को उन्हें हटाने के लिए एक अनिवार्य निर्देश की मांग कर रहा है। मुकदमे में प्रतिष्ठा को नुकसान, मानसिक पीड़ा और वित्तीय नुकसान के दावों की रूपरेखा तैयार की गई है। साथ ही मुकदमे की लागत भी वसूलने की मांग की गई है। हाईकोर्ट ने प्रतिवादियों को समन मिलने के 30 दिनों के भीतर अपने लिखित जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है।

## अरशद वारसी शेयर मार्केट से बैन

मुंबई। सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने बॉलीवुड एक्टर अरशद वारसी और उनकी पत्नी मारिया गोरेट्टी को 1 साल के लिए शेयर मार्केट से बैन कर दिया है। यह कार्रवाई साधना ब्रॉडकास्ट के शेयरों में पंप एंड डंप स्कीम के तहत हेराफेरी के मामले में हुई है। सेबी ने इनपर 5-5 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इन दोनों के अलावा इस मामले में 57 अन्य लोगों पर भी 1 से 5 साल तक का बैन लगा है। पंप एंड डंप स्कीम एक तरह की शेयर बाजार धोखाधड़ी है। इसमें कुछ लोग मिलकर किसी कंपनी के शेयर की कीमत को गलत तरीके से बढ़ाते हैं, जैसे भ्रामक खबरें फैलाकर या झूठी सलाह देकर। जब कीमत ऊंची हो जाती है, तो वो अपने शेयर बेचकर मुनाफा कमा लेते हैं।

## अंकिता भंडारी मर्डर-भाजपा नेता के बेटे समेत 3 को उम्रकैद

-2 साल 8 महीने बाद जिला कोर्ट का फैसला, हत्या करके लाश नहर में फेंकी थी

कोटद्वार। उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा नेता और पूर्व मंत्री के बेटे पुलकित आर्य समेत 3 को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलकित के अलावा उसके दो कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को भी सजा सुनाई गई है। कोटद्वार जिला कोर्ट ने इस मामले में 2 साल 8 महीने के बाद फैसला दिया है। तीनों दोषियों पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

लाइव लॉ के अनुसार कोर्ट ने तीनों को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। अंकिता ऋषिकेश में पुलकित आर्या के रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट थी। 18 सितंबर, 2022 को अंकिता गायब हो गई थी। 24 सितंबर 2022 को अंकिता का शव चीला नहर में मिला था। कोर्ट का फैसला आने से पहले अंकिता भंडारी के पिता वीरेंद्र सिंह ने बेटी के हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की थी।

## जाति जनगणना से पहले कास्ट लिस्ट बनेगी

### सभी पार्टियों से सहमति लेगी सरकार; एससी-एसटी गिनती में हैं, लेकिन ओबीसी जातियों पर असमंजस

नई दिल्ली। जाति जनगणना से पहले केंद्र सरकार जातियों की सूची बनाएगी, ताकि सुनियोजित डेटा इकट्ठा हो। जातियों पर राजनीतिक सहमति के लिए इसे सर्वदलीय बैठक में भी रखा जाएगा। राजनीतिक पार्टियों के सुझावों-आपत्तियों के आधार पर सूची फाइनल होगी। गृह मंत्रालय और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की हाल में हुई बैठक में यह तय हुआ। जातीय जनगणना के लिए सामाजिक न्याय मंत्रालय समन्वयक रहेगा। जातियों की मान्य सूची जरूरी है, क्योंकि अनुसूचित जाति और जनजाति तो गिनती में हैं। लेकिन अन्य पिछड़े वर्ग की जातियों पर असमंजस है। देश में जनगणना की प्रक्रिया 2026 में शुरू होने की संभावना है।

2011 की जनगणना में जाति-उपजाति का आंकड़ा 46.73 लाख मिला था। यह अविश्वसनीय माना गया था। आखिरी जातीय जनगणना 1931 में हुई थी, जिसमें 4,147 जातियां बताई गई थीं। मंडल कमीशन ने 1980 में अनुमान लगाया था कि ओबीसी 52 प्रतिशत हैं। अनुसूचित जाति में 28 राज्यों में 1109 जातियां हैं। अनुसूचित जनजाति में 705 जातियां हैं। सामान्य श्रेणी की जातियों की आबादी 30 प्रतिशत और जातियों के बाहर मुस्लिम, ईसाई और अन्य वर्ग की आबादी 12.56 प्रतिशत है। यह संख्या अनुमान और सर्वे आधारित हैं।

#### 30 अप्रैल को जाति जनगणना को मंजूरी

केंद्रीय कैबिनेट ने 30 अप्रैल को जाति जनगणना को मंजूरी दी थी। देश में आजादी के बाद यह पहली बार होगा, जब जाति जनगणना कराई जाएगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया था कि इसे मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा। देश में इसी साल के आखिर में बिहार विधानसभा के चुनाव होने हैं। ऐसे में कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल जाति जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि जाति जनगणना की शुरुआत सितंबर में की जा सकती है। हालांकि जनगणना की प्रोसेस पूरी होने में एक साल लगेगा। ऐसे में जनगणना के अंतिम आंकड़े 2026 के अंत या 2027 की शुरुआत में मिल सकेंगे। देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है। इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।

## पाकिस्तान में फिर कांपी धरती, रिएक्टर स्केल पर 4.2 तीव्रता का भूकंप; लोगों में दहशत का माहौल

नई दिल्ली। पाकिस्तान में एक बार फिर भूकंप के तेज झटकों ने लोगों को दहशत में डाल दिया। शुक्रवार दोपहर 1:37 बजे आए इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र जमीन से 180 किलोमीटर गहराई में स्थित था, जिससे झटके थोड़े गहरे स्तर से उत्पन्न हुए। हालांकि, फिलहाल किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन झटकों के बाद बड़ी संख्या में लोग अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। इससे पहले दो दिन पूर्व भी पाकिस्तान में जोरदार भूकंप महसूस किया गया था।

#### भूकंप के पीछे वैज्ञानिक कारण

नेशनल सिस्मोलॉजिकल सेंटर के अनुसार, हाल के दिनों में लगातार भूकंप की घटनाएं इसलिए सामने आ रही हैं क्योंकि धरती के भीतर मौजूद 7 टेक्टोनिक प्लेट्स लगातार अपने स्थान पर घूमती व खिसकती रहती हैं। जब ये प्लेटें आपस में टकराती या घर्षण करती हैं, तो ऊर्जा के मुक्त होने से भूकंप उत्पन्न होता है।

#### भारत में भी उच्च जोखिम

विशेषज्ञों के अनुसार, भारत का लगभग 59 प्रतिशत भूभाग भी भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है। भारत को चार भूकंपीय जोन में बांटा गया है:

जोन-2: न्यूनतम खतरा
जोन-3: मध्यम खतरा
जोन-4: उच्च खतरा
जोन-5: अत्यधिक खतरा

राजधानी दिल्ली जोन-4 में आती है, जहां 7 या उससे अधिक तीव्रता के भूकंप आने की आशंका बनी रहती है।

#### भविष्य के लिए सतर्कता जरूरी

पाकिस्तान और भारत जैसे क्षेत्र, जो भूकंपीय गतिविधियों के लिहाज़ से सक्रिय जोन में आते हैं, उन्हें बिल्डिंग कोड, भूकंप पूर्व चेतावनी प्रणाली, और आपातकालीन तैयारी पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। लगातार आ रहे झटके एक बड़ी भूगर्भीय हलचल की चेतावनी भी हो सकते हैं।

# जनपद में महिला सशक्तिकरण संगोष्ठी का हुआ आयोजन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत भवन के सभा कक्ष में ३० मई को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म शताब्दी पर महिला सशक्तिकरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गणमान्य लोगों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जहां उपस्थित जनों के द्वारा सर्वप्रथम महारानी अहिल्याबाई होल्कर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तिकरण की सबसे बड़ी उदाहरण है । उनके द्वारा अपने राज्य का सफल संचालन किया गया साथ ही देश में सबसे ज्यादा मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया गया। आक्रांताओं का खुलकर विरोध किया राज्य में महिलाओं के प्रति कुरीति को समाप्त करवाया। महिलाओं को सशक्त करने के लिए बहनों को रोजगार से जोड़ने के लिए उन्हें साड़ी बुनने का कार्य सिखाया। खेती बाड़ी के लिए कुएं बनवायें और आदिवासी अंचलों में भील समाज की पलटन का गठन





किया। इस सभी कार्यों के पीछे राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत उनकी गहरी भावना थी। उनकी यह ३०० वीं जन्म जयंती है जिस पर देश के प्रधानमंत्री के द्वारा महिला सशक्तिकरण किया जा रहा है। इस अवसर पर नरेंद्र भैरम ,पुष्पा अमूले, किशोर अमूले ,संदीप मिश्रा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रही।

# सीटू ने मनाया 55 वां स्थापना, श्रमिकों के हक में लगातार कर रहा संघर्ष

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । सीटू युनियन के द्वारा सीटू का 55 वां स्थापना दिवस 30 मई को शहर मुख्यालय में मनाया गया। इस दौरान सीटू का झंडा फहराकर पुष्प गुच्छ भेंट कर पूजा वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस संबंध में सीटू जिलाध्यक्ष कामरेड वाय.आर बिसेन ने बताया कि सीटू का उदय 30 मई 1970 को किया गया। तब से अब तक स्थापना सम्मेलन का नारा एकता व संघर्ष को बुलंदी से आगे बढ़ाया गया है। पूरे भारत में श्रमिकों के हितों में कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि 9 जुलाई को श्रमिकों की मांगों को लेकर राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल किया जाएंगा। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा वर्तमान में इंदौर खंडपीठ से न्यूनतम वेतन के प्रकरण में जीत प्राप्त किया है। उसे लागू कराने युनियन भरसक प्रयास कर रहा है और सभी श्रमायुक्त व श्रम कार्यालय में आवेदन व ज्ञापन दिया जा रहा है। श्रमिकों को न्यूनतम वेतन का लाभ मिल सकें और श्रमिक बेहतर जीवन यापन कर सकें इसके लिये सीटू युनियन लगातार संघर्ष कर रहा है। इस दौरान सीटू युनियन से रमजान भाईजान, एमआर युनियन से कामरेड रूपेश बिसेन, तोमेन्द्र हरिनखेड़े, शैलेष ठाकरे, महेन्द्र हनवत, अजय बघेल, हिंमाशु शरणागत, रजत चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर जन जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर शुक्रवार को पुलिस लाइन बालाघाट से जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी से



अवगत कराया गया। रैली पुलिस लाईन से प्रारंभ होकर आम्बेडकर चौक, हनुमान चौक, मेन रोड, काली पुतली चौक से होते हुऐ वापस पुलिस लाईन में ही जाकर सम्पन्न हुई। जनजागरूकता रैली में बड़ी संख्या में महिला पुलिसकर्मी, महिला बाल विकास विभाग, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिकों की भी सहभागिता रहीं।

# ग्राम कोतरी मे लगेगी वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत किरनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत आमगांव के ग्राम कोतरी में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर 29 मई दिन गुरुवार 2025 को सभा मंच,शिव मंदिर के पास महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित करने ब्लॉक राजपूत क्षत्रिय सभा द्वारा भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन पश्चात मंच के माध्यम से जय भवानी, जय महाराणा,जय राजपूताना के जय घोष के साथ अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। मंच के माध्यम से उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि यह बहुत ही पुनीत कार्य है,इस प्रकार के कार्यों को करने से नई पीढ़ी को अपने महापुरुषों के बारे मे जानने समझने का अवसर मिलता है साथ ही उन्हें इससे प्रेरणा भी मिलती है। महाराणा प्रताप भारत के उन वीरों में से थे जो उन्होंने कभी भी मुगल सत्ता के सामने हथियार नहीं डाले और डटकर उनका सामना किया। जरूरत आज नई पीढ़ी को महाराणा प्रताप कि वीरता और शौर्य से अवगत कराने कि है, ताकि नई पीढ़ी भी उनसे प्रेरणा ले सकें। कार्यक्रम पश्चात इस वर्ष परीक्षा में पास हुए पांचवीं, आठवीं,दसवीं और बारहवीं के प्रतिभावान छात्रों को शील्ड और प्रोत्साहन राशि प्रदान कि गई और उन्हें उज्जवल भविष्य कि शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सम्राट सिंह सरस्वार अध्यक्ष जिला पंचायत बालाघाट, प्रमुख अतिथि कल्याण सिंह राणा अध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर, विशिष्ट अतिथि असीम सिंह चौहान सदस्य जनपद पंचायत किरनापुर, कार्यक्रम के अध्यक्ष रणजीत सिंह चौहान पूर्व जिला अध्यक्ष जिला राजपूत क्षत्रिय सभा एवं मुख्य संरक्षक ब्लाक



राजपूत सभा, झलेंद्र सिंह चौहान अध्यक्ष ब्लाक राजपूत क्षत्रिय सभा किरनापुर,सुरेन्द्र सिंह परिहार, जितेन्द्र सिंह चौहान, टुनेंद्र सिंह तोमर, बलराज सिंह तोमर, नरेन्द्र सिंह तोमर, दामेंद्र सिंह कछवाहा, नवलकिशोर सिंह राजकुमार, शिवपाल सिंह तोमर, सुशील सिंह तोमर, नरेन्द्र सिंह तोमर, इंद्रपाल सिंह चौहान, रणजीत सिंह चौहान, सुशील सिंह राणा, प्रमोद सिंह बैस, मनोहर सिंह तोमर, गौरव सिंह तोमर, शेरशिंह गौतम, विक्रम सिंह तोमर, संतोष सिंह तोमर, अभिजीत सिंह तोमर, शैलेन्द्र सिंह चौहान, संजय सिंह चौहान मीडिया प्रभारी, सुखचरण बाहें, बिसराम पांचे, कंचन तोमर, लीना तोमर, सिंधु तोमर, राखी तोमर, ऊषा तोमर, कुसुम चौहान, नीलिमा चौहान, राशि चौहान, वच्छला मते, ऊषा चौहान, विद्या तोमर, सरिता गौतम, शिवानी कछवाहा, भीमराव डोंगरे सहित अन्य ग्रामीण और स्वजातीय बन्धु उपस्थित रहे।

# कार रोड किनारे खड़ी मोटरसाइकिल को ठोस मारकर फरार - एक युवक घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी रोड पर स्थित ग्राम कायदी और बनियाटोला के बीच कार, रोड किनारे खड़ी मोटरसाइकिल को ठोस मारकर फरार हो गई। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल के पास खड़ा युवक कार की ठोकर से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक मानसिंह पिता हीरालाल उइके 25 वर्ष ग्राम नदीटोला बुदबुदा थाना वारासिवनी निवासी है जिसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मानसिंह उइके खेती किसानी करता है।29 मई की शाम मानसिंह उइके अपनी पत्नी यशोदा उइके के साथ मोटरसाइकिल में अपने गांव नदीटोला बुदबुदा से कुलपा कावेली जाने निकले थे। वारासिवनी से बालाघाट रोड पर स्थित ग्राम कायदी और बनिया टोला के बीच मानसिंह उइके ने लघु शंका के लिए मोटरसाइकिल रोड किनारे खड़ी किया था। तभी बालाघाट की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार मोटरसाइकिल को ठोस मार फरार हो गई। कार की ठोकर से मोटरसाइकिल के पास खड़े मानसिंह उइके घायल बेहोश हो गया इस दुर्घटना को देख वहां पर लोगों की भीड़ लग चुकी थी। घायल मानसिंह उइके को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया। जिला अस्पताल पुलिस ने घायल मानसिंह उइके की पत्नी यशोदा उइके का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्यवाही हेतु घटनास्थल से संबंधित पुलिस थाना वारासिवनी में भिजवा दी है।

# बड़े भाई ने छोटे भाई को घर से निकाल कर की मारपीट

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भरवेली थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम बघोली में एक व्यक्ति को उसके बड़े भाई ने हाथ बुक्के से मारपीट कर घायल कर दिया। 29 मई की रात्रि 8ः00 बजे करीब यह घटना खेती-बाड़ी के विवाद को लेकर हुई ।मारपीट में घायल व्यक्ति धनीराम पिता पतिराम खैरवार 36 वर्ष ग्राम बघौली निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धनीराम खैरवारऔर उसका बड़ा भाई नंदकिशोर खैरवार खेती किसानी करते हैं और दोनों भाई अपने परिवार के साथ अलग-अलग रहते हैं। दोनों भाई के बीच खेती-बाड़ी को लेकर विवाद चल रहा है। 29 मई की रात्रि 8:00 बजे धनीराम अपने घर में खाना खाकर घर में ही था। रात्रि 9:00 बजे करीब उसका बड़ा भाई नंदकिशोर उसके घर आया और दरवाजा को लात मारते हुए दरवाजा खोलने के लिए बोला तब, उसकी मां ने दरवाजा खोली ।तभी नंदकिशोर ने घर के अंदर घुसकर अपने छोटे भाई धनीराम को बाहर लाकर खेती-बाड़ी के विवाद को लेकर उसे गालियां देते हुए हाथ बुक्के से मारपीट किया और जोर से धकेल दिया। मारपीट में धनीराम के सिर और पसली में चोटें आई। बीच बचाव उसकी पत्नी सावित्री, पिता पतिराम ने किये मारपीट में घायल धनीराम को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये।

# विधायक पटेल ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को किया प्रमाण पत्र का वितरण

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। शुक्रवार को सिलाई,कढ़ाई और ब्यूटी पार्लर के दो माह से चल रहें नि:शुल्क प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। कार्यक्रम में विधायक विवेक पटेल के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त ६५ महिलाओं को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान राजू नागेश्वर, सतीश दुबे,सत्यम पारीमल, विजय ठाकरे, प्रियंका पारीमल,रविता सहारे,हेमलता फुलबांधे सहित अन्य लोग मौजूद रहे। विधायक विवेक पटेल ने कहा की शिक्षा के साथ बेटियों के लिए हर चीज का ज्ञान होना चाहिए। शादी के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति को बनायें रखने के लिए महिलाओं की अहम भूमिका होती है ।इसलिए शादी से पहले या बाद में शिक्षा के साथ बेटियों को सिलाई और ब्यूटी पार्लर ,कम्प्यूटर का ज्ञान होना चाहिए। ट्रेनिंग का प्रमाण पत्र लेकर घर नही बैठना है बल्कि प्रशिक्षण में प्राप्त हुनर का पूर्ण सदुपयोग से व्यवसाय स्थापित करके अपने पैरो में खडा होना चाहिए ।समाज के हर व्यक्ति को आत्म निर्भर बनने के लिए रोजगार से जोडा जाना आवश्यक है। जो






लोग पढे लिखें है वे अपनी योग्यता के अनुसार नौकरी प्राप्त करने का प्रयास करें। रोजगार से जुडी हुई महिलाओं आत्म निर्भर होती है और किसी भी परिस्थिति का सामना अत्यधिक सशक्त होकर करती है। महिलाओं को सिलाई और ब्यूटी पार्लर जैसे प्रशिक्षण का काम भी आना चाहिए। सिलाई और ब्यूटी पार्लर से महिलायें भी लाखो रूपये कमा सकती है और अपने परिवार का भरण पोषण आसानी से कर सकती है।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर जनकल्याण पर्व मनाया गया

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्राचार्य डॉ. पी आर चंदेलकर के मार्गदर्शन में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनकल्याण पर्व मनाया गया। इस अवसर पर देवी अहिल्याबाई के जीवन और दर्शन पर भाषण और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. आशा गोहे ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन और दर्शन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि उन्होंने अपने जीवन में जनकल्याण के कई महत्वपूर्ण कार्य किए। इस कार्यक्रम में रागिनी लक्षिणे, स्वाती पटले, शुभम शेंडे, प्रज्ञा पटले, थानेश्वरी चिचले व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

**आवश्यकता है**
**मेडिकल होलसेल/ रीटेल में कार्य हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है**
अनुभवी एवं कम्प्युटर प्रशिक्षित को प्राथमिकता
-संपर्क करें-
मनीषा मेडिकोज, बालाघाट
मो. 7073101956

## यह बदलती सामाजिक सोच का प्रतीक राजधानी में निकली अहिल्या वाहिनी बाइक रैली, मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी, बोले

भोपाल। भोपाल में शुक्रवार को प्रदेशव्यापी महिला बाइक रैली अहिल्या वाहिनी का आयोजन किया गया है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने शौर्य स्मारक से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति में नारी शक्ति को सदैव उच्च स्थान प्राप्त रहा है। यह रैली केवल आयोजन मात्र नहीं, बल्कि नारी शक्ति की दृढ़ता, आत्मनिर्भरता और बदलती सामाजिक सोच का प्रतीक है। उन्होंने पुलिस, खेल विभाग और सहयोगी संस्थाओं को इस सफल आयोजन के लिए बधाई भी दी। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। रैली शौर्य स्मारक से शुरू होकर न्यू मार्केट, रोशनपुरा, जवाहर चौक, अटल पथ, प्लेटिनम प्लाजा चौराहा, व्यापमं चौराहा होते हुए फिर शौर्य स्मारक पर खत्म हुई।

### पीएम महिलाओं से करेंगे संवाद

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को भोपाल में आयोजित समारोह में शामिल होंगे। पीएम मोदी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद बहनों को सीधे संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा, देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती के अवसर पर राजधानी भोपाल सहित पूरे राज्य में व्यापक आयोजन हो रहे हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुलिस प्रशासन के अधिकारी, स्कूली बच्चे, समाज के विभिन्न वर्गों के लोग और नागरिक मौजूद रहेंगे।

### मां तुझे प्रणाम योजना की प्रतिभागी भी शामिल रही

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 'मां तुझे प्रणाम' योजना की महिला प्रतिभागियों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। योजना के अंतर्गत ग्वालियर-चंबल संभाग की 90 युवतियों को भोपाल भ्रमण पर भेजा गया है, जहां उन्होंने शौर्य स्मारक, मानव संग्रहालय, भोजपुर, सांची, वन विहार और अन्य ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया। 'मां तुझे प्रणाम' योजना की शुरुआत साल 2013 में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा की गई थी, जिसके तहत अब तक 1,667 युवाओं को भारत की सीमाओं और ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा कराई जा चुकी है।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है सोशल मीडिया-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**जन-जन को जागरूक करना सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का दायित्व, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डिजिटल मार्केटिंग कार्यशाला का किया शुभारंभ**

भोपाल ।मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि वास्तविक तथ्यों को जन-जन तक पहुंचने में सोशल मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है, इस दृष्टि से सोशल मीडिया लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोशल मीडिया की इस क्षमता को पहचान कर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से जन-जन से निरंतर संवाद और संपर्क में रहते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय अनुसंधान संस्थान (टी.आर.आई.) द्वारा जनजातीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के लिए आयोजित डिजिटल मार्केटिंग कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय संग्रहालय में दीप प्रज्वलित कर तथा जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को तुलसी का पौधा, रुद्राक्ष की माला और अंगवस्त्रम भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट इंदौर के निदेशक डॉ. हिमांशु रॉय मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव तथा निदेशक टी.आर.आई विनोद कुमार, बाल भारती के पूर्व अध्यक्ष निशांत खरे, आयुक्त तथा सचिव जनसंपर्क सुदाम खाड़े विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग कर व्यक्ति अपनी क्षमता, योग्यता और प्रतिभा को बहुत आसानी से बढ़ा सकता है, यह जनसामान्य को वर्तमान समय में उपलब्ध हुई सरल किन्तु महत्वपूर्ण और जीवन बदल देने वाली तकनीक है। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक व्यक्ति को आगे बढ़ने के अवसर समान रूप से उपलब्ध हैं, इस स्थिति में सोशल मीडिया की तकनीकों की उपलब्धता सौभाग्य का विषय है। इसके उपयोग से व्यक्ति अपनी क्षमता का लगातार विस्तार कर सकता है। सोशल मीडिया तकनीकों का उपयोग अपने व समाज के हित और प्रगति के लिए करना सभी के लिए लाभदायक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी डिजिटल प्लेटफार्म पर सक्रिय होने के लिए सभी को प्रेरित व प्रोत्साहित कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने अपने संकल्प के बल पर इतिहास रचा। उन्होंने आईसीएस की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के बाद उसे तिलांजलि देकर विश्व में भारतीय प्रतिभा और योग्यता को स्थापित किया। भारतीय इतिहास वीर और पराक्रमी योद्धाओं तथा स्वतंत्रता सेनानियों से भरा है। परंतु कुछ महापुरूषों के पराक्रम और देश के लिए योगदान संबंधी जानकारी के प्रसार का अभाव रहा। महान शासक माने जाने वाले राजा अकबर को रानी दुर्गावती ने तीन बार परास्त किया। परंतु इसकी गूंज इतिहास में कम सुनाई देती है। समाज और इतिहास को प्रभावित करने वाली घटनाओं को जन-जन तक पहुंचाना और जागरूकता लाना सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का प्रमुख दायित्व है।

मुख्य वक्ता इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट इंदौर के निदेशक डॉ. हिमांशु रॉय ने इन्फुएंसर्स की विशेषता, नेतृत्व के गुण, फॉलोअर्स के प्रति दायित्व, संवाद और सम्प्रेषण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सफलता के लिए निरंतर प्रयास करना आवश्यक है। कार्य की सफलता में परिश्रम के साथ-साथ दृढ़संकल्प भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कार्य में सफलता के लिए अपनी पूरी सामर्थ्य और क्षमता के साथ प्रयास करना जरूरी है। अपर आयुक्त टी.आर.आई लक्ष्मण सिंह मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिली प्रेरणा के अनुरूप जनजातीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के लिए डिजिटल मार्केटिंग कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जनजातीय युवाओं को स्थानीय बोली और भाषा में समृद्ध जनजातीय संस्कृति और परंपराओं के प्रचार-प्रसार के लिए डिजिटल कंटेंट तैयार करने के संबंध में कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यशाला युवाओं में डिजिटल मार्केटिंग कौशल विकसित करेगी और वे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां जरूरतमंदों तक पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित कर सकेंगे। इस कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से 276 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन किया है, जिनमें 76 इन्फ्लुएंसर्स के सोशल मीडिया फॉलोअर्स की संख्या 2 लाख से अधिक है। कार्यशाला के प्रथम भाग में 8 विषय-विशेषज्ञ, इन्फ्लुएंसर्स को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
-निर्माता-
**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोनः- 07632-243531
मोः- 8989976858, 9425139998

# सीएम हेल्पलाइन योजना से भी नही हो रहा समस्याओं का निराकरण

## 93 विभागों में 6557 शिकायतें पेंडिंग, नहीं हो रही सुनवाई,अधिकारियों के निर्देश सिर्फ बैठकों तक सीमित

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। प्रदेश की बीती शिवराज सरकार ने आमजन की समस्या को सुलझाने के लिए सीएम हेल्पलाइन योजना की शुरुआत की थी। योजना शुरू करने के पीछे सरकार का मकसद था कि आमजन की समस्या और शिकायत सीधे सीएम हेल्पलाइन तक पहुंचे। जहां से उनका निराकरण जल्द से जल्द किया जा सके। लेकिन, अब प्रदेश में शिवराज सरकार के जाने के बाद मोहन सरकार में सीएम हेल्पलाइन योजना कछुआ चाल चलती नजर आ रही है। अब सीएम हेल्पलाइन योजना में होने वाली हजारों शिकायतें ठंडे बस्ते में चली गई हैं। यदि जिले में सबसे ज्यादा शिकायतों की बात करें तो इन दिनों जिले में राजस्व विभाग में सबसे अधिक 1181 शिकायतें दर्ज है । अन्य ऐसें बहुत से विभाग है जहां कई सैकड़ो शिकायतें पेंडिंग बनी हुई है । अधिकारी सिर्फ अपने अधीनस्थों को निर्देश देते ही बैठकों में नजर आते हैं किंतु आमजन की शिकायत और समस्याएं अभी भी जैसी की वैसी बनी हुई है । 93 विभागों में लगभग 6557 शिकायतें पेंडिंग में बनी हुई है।**

आपको बता दे की घर बैठे शिकायत निवारण के लिए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रारंभ की गई सीएम हेल्पलाइन (181) सेवा जिले में हेल्पलेस साबित हो रही है। अधिकारियों की अनदेखी के चलते लोगों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। आलम यह है कि आवेदक एक ही समस्या लेकर बार-बार 181 डायल कर रहे हैं। यदि जिले के अन्य विभागों की स्थिति पर यदि गौर किया जाए तो अन्य विभागों की स्थिति भी उतनी ठीक नहीं है । आज भी जिले के लगभग 93 विभागों पर जिले वासियों




**इन विभागों पर है सबसे अधिक सीएम हेल्पलाइन की पेंडिंग शिकायतें**

| विभाग | पेंडिंग शिकायतें |
|---|---|
| राजस्व विभाग | - 1181 |
| पंचायती राज | - 682 |
| नगर पालिका नगर परिषद एवं अन्य नगरीय निकाय | - 476 |
| खाद्य आपूर्ति विभाग | - 952 |
| लोग स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग | - 295 |
| मनरेगा | - 266 |
| प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण | - 102 |
| सीमांकन | - 196 |
| जिला चिकित्सालय | - 102 |

ने अपनी अलग-अलग समस्या को लेकर 6557 शिकायतें सीएम हेल्पलाइन के 181 नंबर पर दर्ज कर रखी है। इसमें जानकार बताते हैं कि कई शिकायतें ऐसी भी है जो कई महीनो से दर्ज है जिसमें 100 से भी अधिक दिनों की शिकायतें आज भी पेंडिंग है । इन दिनों सबसे अधिक आम जन ने राजस्व विभाग में सीएम हेल्पलाइन अपनी समस्याओं को लेकर लगा रखा है जिसमे शिकायतों का आंकड़ा हजारों तक बढ़ चुका है । राजस्व विभाग में 1181 शिकायतें इन दिनों पेंडिंग में दर्ज है । ऐसा नहीं है कि अधिकारियों द्वारा इन पेंडिंग शिकायतों पर संज्ञान नहीं लिया जाता, वरिष्ठ अधिकारी बैठकों के माध्यम से समय-समय पर इन शिकायतों को लेकर बैठक भी करते हैं, किंतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश सिर्फ बैठकों तक ही सीमित होकर रह जाते हैं। इसी का असर है कि आज जिले में हजारों शिकायतें अलग-अलग विभागों पर दर्ज हो चुकी है । कुछ जानकार तो यह भी बताते हैं कि पूर्व की शिवराज सरकार के जाने के बाद वर्तमान में आई मोहन सरकार का सीएम हेल्पलाइन योजना पर उतना असर नहीं है इस कारण अधिकारी भी इस योजना पर उतना ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# ग्वालियर हाईकोर्ट मामले पर बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारीयों ने कोतवाली थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारीयों द्वारा ग्वालियर हाईकोर्ट के बार कौंसिल के पूर्व अध्यक्ष द्वारा बाबा साहब को लेकर टिप्पणी की गई है जो सही नहीं है और वह की गई टिप्पणी का विरोध करते हैं और इस प्रकार की गई टिप्पणी से उनकी धार्मिक भावना आहत हुई है, इसलिए बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारीयों का मानना है कि पूर्व अध्यक्ष पर मामला दर्ज हो इसी की मांग को लेकर उन्होंने कोतवाली थाना प्रभारी विजय राजपूत को ज्ञापन दिया है । आपको बता दे कि ग्वालियर हाईकोर्ट खंडपीठ परिसर में बाबा साहब आम्बेडकर की प्रतिमा लगाने के विवाद के बीच, ग्वालियर हाईकोर्ट बार कौंसिल के पूर्व अध्यक्ष अनिल मिश्रा के, यूट्यूब चैनल में बाबा साहब को लेकर दिए गए बयान पर, बसपा में आक्रोश का माहौल है। शुक्रवार को जिले में बसपा ने प्रदर्शन किया और कोतवाली थाना पहुंचकर बाबा साहब को संविधान निर्माता नहीं बताने के बयान को आपत्तिजनक और समाज के बीच दुर्भावना फैलाने वाला बताते हुए, एट्रोसिटी के तहत अपराध दर्ज करने की मांग की। एक यूट्यूब चैनल में दिए गए इंटरव्यु में ग्वालियर हाईकोर्ट बार कौंसिल के पूर्व अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने कहा था कि बाबा साहब आंबेडकर संविधान निर्माता नहीं थे, उन्हें संविधान निर्माता ना कहा जाए, मैं वचन देता हुँ कि उन्हें कभी संविधान निर्माता कहा जाएगा। जिस बयान के सामने आने के बाद बसपा ने अधि. अनिल मिश्रा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को बालाघाट में बसपा प्रतिनिधि अधि. फौजी सचिन कुमार ने बताया कि इस बयान से बाबा साहब के अनुयायियों की भावनाओं को ठेस पहुंची है और हम इसकी निंदा करते है, पूरी दुनिया, डॉ. बाबा साहब को संविधान निर्माता के रूप में देखती है लेकिन अधि. अनिल मिश्रा जो बयान दिया है, वह आपत्तिजनक और समाज में दुर्भावना फैलाने वाला है। जिसकी हम निंदा करते है और मांग करते है कि अधि. अनिल मिश्रा के खिलाफ, एट्रोसिटी के तहत अपराध दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जाए और उनके वकालत का पंजीयन रद्ध किया जाए।



# सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की जिला अस्पताल में मौत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक पुनेन्द्र पिता प्रताप सिंह लिल्हारे 40 वर्ष ग्राम डोंगरिया थाना खैरलांजी निवासी है। 15 दिन पहले खैरलांजी में मोटरसाइकिल से भैस टकराने से हुई थी दुर्घटना । जिला अस्पताल पुलिस ने इस व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुनेन्द्र लिल्हारे अपने परिवार के साथ खेती किसानी करता था। जिसके परिवार में पत्नी ओमेश्वरी लिल्हारे के अलावा दो बेटे हैं। 14 मई की शाम 5ः00 बजे करीब पुनेन्द्र लिल्हारे अपनी पत्नी ओमेश्वरी और छोटा बेटा पूर्वांश के साथ मोटरसाइकिल में अपने गांव डोंगरिया से नागरा गोंदिया जाने निकले थे। खैरलांजी में मोवाड़ रोड पर अचानक एक भैंस सामने से दौड़ते आई और मोटरसाइकिल से टकरा गई। जिससे पुनेन्द्र लिल्हारे उसकी पत्नी ओमेश्वरी लिल्हारे और बेटा पूर्वांश मोटरसाइकिल सहित गिर गए। इस घटना में पुनेन्द्र लिल्हारे सिर में चोट लगन से गंभीर रूप से घायल और बेहोश हो गया था। जिसे खैरलांजी के अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पुनेन्द्र लिल्हारे को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था और जिला अस्पताल बालाघाट में पुनेन्द्र लिल्हारे की गंभीर स्थिति को देखे उसे हायर सेंटर रेफर किया गया था। पुनेन्द्र लिल्हारे को उसके परिवार वालों ने गोंदिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती किए थे। जहां उपचार के दौरान हालत ठीक नहीं होने के कारण 25 मई को पुनेन्द्र लिल्हारे को जिला अस्पताल बालाघाट में लाकर भर्ती किया गया था ।30 मई को सुबह 8:00 बजे पुनेन्द्र लिल्हारे की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई ।जिला जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक बारेलाल पांचे ने आरक्षक मुकेश मानेश्वर के साथ मृतक पुनेन्द्र लिल्हारे का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कासिम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्यवाही हेतु घटना स्थल से सम्बंधित पुलिस थाना खैरलांजी भिजवा दी है।

# ड्रिल मशीन के वायर से विधुत करेंट लगने से बेहोश युवक की मौत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। रूपझर थाने के अंतर्गत ग्राम उकवा के वार्ड नंबर 12 में एक मकान में ड्रिल मशीन के वायर से विद्युत करंट लगने से बेहोश एक युवक की जिला अस्पताल लाते समय मौत हो गई। मृतक युवक योगेश पिता संतलाल बरकड़े 16 वर्ष वार्ड नंबर 7 उकवा निवासी है। 30 मई को 1:00 बजे यह घटना उसे समय हुई जब यह युवक निर्माणाधीन मकान की दीवाल में ड्रिल मशीन से छेद कर रहा था। जिला अस्पताल पुलिस ने इस युवक का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम उकवा निवासी संतलाल वरकडे जो इलेक्ट्रिशियन का काम करते हैं।। जिनके दो बच्चे हैं। जिनमें योगेश वरकड़े 16 वर्ष और बेटी सिद्धि वरकड़े 14 वर्ष की है। 30 मई को संतलाल वरकड़े अपने बेटे योगेश वरकड़े के साथ उकवा में ही नारायण वाघाड़े के यहां पर काम करने गए थे। संतलाल वरकडे घरेलू बिजली की फिटिंग कर रहा था तथा उसका लड़का योगेश वरकड़े बांस की सीडी में खड़ा होकर दीवाल में ड्रिल मशीन से छेद कर रहा था। ड्रिल मशीन का वायर टाइट होने से संतलाल वरकडे ने अपने बेटे योगेश वरकड़े को ड्रिल मशीन का वायर ढीला करने के लिए बोला ।योगेश वरकड़े ड्रिल मशीन का वायर पड़कर खींच रहा था ।इस वायर में जोड़ लगे थे और उसमें टेप नहीं लगाया गया था अचानक योगेश वरकड़े का हाथ वायर के जोड़ में चले जाने से योगेश वरकड़े करंट लगने के साथ ही नीचे गिर गया और बेहोश हो गया जिसे तुरंत ही ऑटो से उकवा के अस्पताल ले गए। जहां से योगेश वरकड़े को जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई ।प्राइवेट वाहन से योगेश वरकड़े को जिला अस्पताल लाया गया ।जिसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिए ।योगेश वरकड़े की उकवा से जिला अस्पताल बालाघाट लाते समय रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। जिला अस्पताल पुलिस चौकी प्रभारी शिवदयाल पटले ने आरक्षक विक्रम शर्मा के साथ मृतक युवक योगेश वरकड़े का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिये और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्यवाही हेतु घटना स्थल से संबंधित पुलिस थाना रूपझर भिजवा दी है।



# 18 वर्षीय लड़की द्वारा आत्महत्या करने के मामले में राजा साठे गिरफ्तार

## शादी करने और प्रेम संबंध बनाने दिए जा रहे दबाव से तंग होकर लड़की ने की थी आत्महत्या

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। लामता पुलिस ने एक 18 वर्षीय लड़की को परेशान कर उसे आत्महत्या करने उकसाने के आरोप में राजा साठे पिता सुरेंद्र साठे 22 वर्ष वार्ड नंबर 16 ग्राम नरसिंगा थाना लामता निवासी को गिरफ्तार कर लिए। इस युवक के द्वारा लड़की को बार-बार शादी करने एवं प्रेम संबंध बनाने दबाव दिया था जिससे परेशान होकर इस लड़की ने जहरीली वस्तु का सेवन कर आत्महत्या की थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नरसिंगा निवासी इस लड़की ने कक्षा नवमी तक पढ़ाई की थी। जिसके बाद वह घर में ही रहती थी। इस लड़की के परिवार में माता-पिता और बहने हैं। 24 को सुबह 8:30 बजे इस लड़की बबीता ने थाइमेन्ट कीटनाशक का सेवन कर थी जिसे बेहोशी की हालत में इलाज के लिए तुरंत शासकीय अस्पताल लामता लेकर आए। जहा इलाज के दौरान बबीता की मृत्यु हो गई। उप निरीक्षक दिलीप करण नायक के द्वारा मर्ग जांच दौरान पूछताछ करने पर यह बात सामने आई की राजा साठे ग्राम नरसिंगा निवासी इस लड़की को शादी करने एवं प्रेम संबंध बनाने दबाव दे रहा था। राजा साठे द्वारा दिए जा रहे दबाव से यह लड़की परेशान हो चुकी थी और उसने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली। उपनिरीक्षक दिलीप करण नायक ने मर्ग जांच उपरांत इस 18 वर्षीय लड़की को शादी करने एवं प्रेम संबंध बनाने के लिए दबाव देकर उसे आत्महत्या करने उत्प्रेरित करने के आरोप में राजा साठे के विरुद्ध धारा 108 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की थी ।30 मई को लामता पुलिस ने राजा साठे को इस मामले में गिरफ्तार कर लिये। जिसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है।




# इंटरेस्टेड कराटे चैंपियनशिप में शामिल होंगे जिले के खिलाड़ी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। सीतो रियो कराटे स्कूल ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित 31 मई से 2 जून तक इंटर स्टेट कराटे चैंपियनशिप का आयोजन ग्रेटर नोएडा जीपी नगर में नेशनल कराटे फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी एवं शीतो रियो कराटे स्कूल आफ इंडिया के डायरेक्टर सिंहान लाल दरदा तथा ऑल इंडिया चीफ इंस्ट्रक्टर सेंसाई अशोक दरदा द्वारा इंटर स्टेट कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें और भी अन्य राज्य के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल होंगे। बालाघाट कराटे स्पोर्ट्स प्रशिक्षण एवं एजुकेशन संघ तथा जिला खेल एवं कल्याण विभाग जिला खेल अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया के मार्गदर्शन में कराटे प्रशिक्षक संतोष पारधी द्वारा इस प्रतियोगिता में बालाघाट के चार खिलाड़ी शामिल होंगे अनिल सावंनकर,सुशांक पारघी, उमंग जंघेले, वंश बर्वे संस्था संरक्षक अनिल धुवारे अध्यक्ष ,किरण भाई त्रिवेदी,उपाध्यक्ष रविंद्र भाटिया, सह सचिव चंद्रकांत पीपलेवार सदस्य,राजेंद्र बल्ले, शुभम मनेश्वर,विनय श्रीवास्तव द्वारा प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु शुभकामनाएं दी गई ।



# प्रभारी सहायक यंत्री बनाए गए उपयंत्री दीपक बिसेन, उज्जैन विकास प्राधिकरण में देंगे अपनी सेवाएं

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नगर पालिका बालाघाट के उपयंत्री दीपक बिसेन का स्थानांतरण प्रभारी सहायक यंत्री उज्जैन विकास प्राधिकरण में किया गया है। दीपक बिसेन बीते कुछ वर्ष से बालाघाट नगर पालिका में उपयंत्री के पद पर पदस्त थे ।श्री बिसेन नगर पालिका की अलग-अलग शाखाओं के प्रभारी रहे हैं ,साथ ही इन दिनों दीपक बिसेन बालाघाट नगर पालिका में स्वास्थ्य शाखा के साथ-साथ स्वच्छ भारत मिशन के नोडल के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। आपको बता दे की दीपक बिसेन कुछ वर्ष पहले नगर परिषद परासिया से बालाघाट स्थानांतरित होकर आए थे । दीपक बिसेन का नगरी विकास एवं आवास विभाग के उप सचिव प्रमोद कुमार शुक्ल द्वारा बालाघाट नगर पालिका से प्रभारी सहायक यंत्री उज्जैन विकास प्राधिकरण, संभाग उज्जैन में कर दिया गया है। दीपक बिसेन नगर पालिका में स्वास्थ्य शाखा के साथ-साथ स्वच्छ भारत मिशन के नोडल के रूप में इन दिनों नगर पालिका में अपनी सेवाएं दे रहे थे। अब श्री बिसेन प्रभारी सहायक यंत्री के रूप में उज्जैन विकास प्राधिकरण में अपनी सेवाएं देंगे । सूत्रों से जानकारी यह भी आ रही है कि उपयंत्री दीपक बिसेन के साथ-साथ कुछ और उपयंत्री के बालाघाट नगर पालिका से स्थानांतरण की खबरें भी चर्चाओं में चल रही है और सभी दबे मुह आदेश आने का इंतजार कर रहे हैं।



# विद्युत करंट से सिंचाई विभाग से सेवानिवृत कर्मचारी की मौत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड नंबर 15 सिविल लाइन में घर के पीछे सफाई के दौरान एक व्यक्ति विद्युत करंट की चपेट में आ गया जिसकी जिला अस्पताल में मौत हो गई जिला अस्पताल पुलिस ने मृतक कुंदन राव पिता यादव राव 65 वर्ष सिविल लाइन बालाघाट निवासी का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सुख दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंदन राव सिंचाई विभाग से रिटायर्ड कर्मचारी है । जो 3 वर्ष पहले ही रिटायर हुए हैं और अपने परिवार के साथ अपने घर सिविल लाइन में ही रहते हैं। जिसके परिवार में दो बेटे, पत्नी हैं ।30 मई को सुबह 9:00 बजे कुंदन राव घर के पीछे साफ सफाई कर रहे थे। उसी समय वहा से गुजरे विद्युत तार के संपर्क में आने से कुंदन राव विद्युत करंट से आहत हो गए। जिसे तुरंत ही परिवार के लोगों ने जिला अस्पताल लाये ।डॉक्टर ने चेक करने पर कुंदन राव को मृत घोषित कर दिए। कुंदन राव की जिला अस्पताल आते समय रास्ते में मौत हो चुकी थी। जिला अस्पताल पुलिस ने मृतक कुंदन राव का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिये और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्यवाही हेतु कोतवाली भिजवा दी है।

# प्रेमनगर के प्रवेश द्वार की मांग को लेकर गायत्री परिवार ट्रस्ट एवं वार्ड पार्षद ने सौंपा ज्ञापन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। वसुधैव कुटुम्बकम विश्व एक परिवार है के सिद्धांत पर आधारित वैश्विक संगठन गायत्री शक्तिपीठ जिसका उद्देश्य सत्य और धर्म के पथ पर चलना और मानव कल्याण के लिए कार्य करना है। गायत्री परिवार ट्रस्ट बालाघाट द्वारा निरंतर गायत्री मंदिर मार्ग पर प्रवेश द्वार की मांग की जा रही थी, जिसे लेकर वार्ड पार्षद योगिता बोपचे के माध्यम से नगर पालिका पहुंचकर मांग पत्र सौंपा गया है साथ ही अपेक्षा जताई गई कि नगरपालिका द्वारा भव्यतम स्वरूप में प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाये। आपको बता दे कि सर्किट हाऊस रोड होटल मल्लिकार्जुन चौक पर प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाना हैं। गायत्री शक्तिपीठ प्रबंधट्रस्टी डॉ. चारूदत्त जोशी ने बताया कि प्रवेश द्वार बनाने के लिये नगरपालिका से मांग रखी गई है पूर्व पार्षद विनय बोपचे के द्वारा भी इसका प्रस्ताव रखा गया था तथा वर्तमान पार्षद योगिता बोपचे ने भी इस प्रस्ताव पर सहमति देते हुए संयुक्त रूप से मांग रखी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रूप से गायत्री परिवार ट्रस्ट बालाघाट के डॉ. चारूदत्त जोशी, महिला संयोजिका किरण सुनेरी, युवा प्रकोष्ठ निशांत सिंह, विभव बिसेन, मानसिंह चौधरी, अनीराम क्षीरसागर, निशांत बैस, डीके चित्रिव, वार्ड क्रं. 26 की पार्षद तथा नपा सभापति योगिता बोपचे, पूर्व पार्षद विनय बोपचे उपस्थित रहे।



# बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग का खस्ताहाल, आवागमन में हो रही परेशानी

## सड़क में बने गड्ढे दुर्घटना को दे रहे आमंत्रण, जिम्मेदार मौन, ग्रामीण एवं राहगीरों ने हाईवे रोड़ एवं पटरी में बने गड्ढों का जल्द मरम्मत कार्य करवाने की शासन-प्रशासन से की मांग

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग में जगह-जगह से डामर उखड़ने के साथ ही गड्ढे बन गये है। साथ ही हाईवे रोड़ स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक लालबर्रा के आगे, मानपुर पुलिया के आगे, पांगा तालाब मोड़ाई, ओरीयंटल कालेज के सामने सहित अन्य स्थानों एवं रोड़ किनारे पटरी में गड्ढे बन जाने के कारण आने-जाने वालों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है और हर समय बड़ा हादसा घटित होने की संभावना बनी हुई है परन्तु जिम्मेदारों के द्वारा हाईवे रोड़ में बने गड्ढों एवं जगह-जगह से उखड़ चुके डामर एवं गड्ढों का मरम्मत कार्य नही करवाया जा रहा है जिससे मार्ग से आने-जाने वाले लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। साथ ही बरसात के पूर्व बालाघाट से सिवनी हाईवे रोड़ में बने गड्ढों का मरम्मत कार्य नही करवाया गया तो बारिश के दिनों में आने-जाने वालों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इसलिए ग्रामीणजन एवं राहगीरों ने जल्द सड़क का मरम्मत कार्य करवाने की मांग शासन-प्रशासन से की है ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।

### सड़क का मरम्मत कार्य करवाने की उठी मांग

आपकों बता दें कि बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग एक व्यस्तम मार्ग है और इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों ओवरलोड वाहन, बस, चौपहिया, दुपहिया एवं साईकिल से लोग आना-जाना करते है। साथ ही सड़क की चौड़ाई कम होने एवं जगह-जगह से मार्ग के बीच या साईड से डामर भी उखड़ जाने के साथ ही सड़क में दरारे भी आ गई है एवं





पटरी किनारे बने गड्ढों के कारण हर समय दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है क्योंकि जब मार्ग के बीच से ओवरलोड वाहन, चौपहिया वाहन गुजरते है तो जिस स्थान पर गड्ढे व सड़क खराब है। बारिश होने पर गड्ढों में पानी जमा होने के कारण उस स्थान पर छोटे वाहन चालक को साईड लेने पर उनके वाहन अनियंत्रित हो रहे है या फिर दुर से गड्ढे दिखाई नही देने के कारण दुर्घटना का शिकार हो जाते है। साथ ही पांगा तालाब की मोड़ाई में स्पीड ब्रेकर नही होने के कारण तेज गति से वाहन गुजरते है और रात्रि के समय उस स्थान पर अंधेरा रहता है। ऐसी स्थिति में दुर्घटनाएं घटित होने की संभावना बनी हुई है। वहीं बकोड़ा सांई मंदिर चौक बालाघाट रोड़ में दो स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाया गया है परन्तु उसमें पेंट व रेडियम नही लगाया गया है जिसके कारण दुर से आने वाले वाहन चालकों को स्पीड ब्रेकर दिखाई नही देने एवं पटरी किनारे बने गड्ढे के कारण अगर कोई वाहन चालक तेज गति से आना-जाना करता है तो उसे दुर से गड्ढा दिखाई नही देने से हादसे घटित हो रहे है परन्तु सड़क विभाग के द्वारा बालाघाट-सिवनी हाईवे मार्ग में जगह-जगह बने गड्ढों का मरम्मत कार्य नही करवाया जा रहा है। जबकि इस मार्ग से रोजाना जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि भी आवागमन करते है परन्तु उन्हे हाईवे मार्ग में जगह-जगह बने गड्ढे दिखाई नही दे रहे है। जिससे ऐसा लगता है कि किसी बड़े हादसे का इंतेजार कर रहे। समय रहते हाईवे मार्ग एवं पटरी में बने गड्ढों का मरम्मत कार्य एवं सड़क का चौड़ीकरण कर नवीन सड़क का निर्माण नही किया गया तो किसी भी समय बड़ा हादसा घटित हो सकता है। वहीं एमपीआरडीसी के महाप्रबंधक दीपक आड़े से दूरभाष पर बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग में जगह-जगह से उखड़ चुके डामर, खराब हो चुकी सड़क व सड़क में जगह-जगह बने गड्ढे एवं पटरी किनारे बने गड्ढों का बरसात के पूर्व मरम्मत कार्य करवाने के संबंध में चर्चा करने का प्रयास किया गया किन्तु संपर्क नही हो पाया।

### आवागमन में हो रही परेशानी - अंशुल

अंशुल खंडेलवाल ने बताया कि बालाघाट से सिवनी हाईवे मार्ग एक व्यस्तम मार्ग है, जिससे रोजाना बड़ी संख्या में राहगीर व क्षेत्रीयजन आवागमन करते है एवं ओवरलोड वाहनों सहित अन्य वाहनों का आवागमन भी होता है। लेकिन सड़क का खस्ताहाल हो चुका है एवं जगह-जगह गड्ढे बन गये है और बारिश होने पर गड्ढों में पानी जमा हो जाने से गड्ढे दिखाई नही देते है। जिसके कारण दुर्घटनाएं घटित होते रहती है एवं किसी भी समय बड़ा हादसा होने की संभावना बनी हुई है। श्री खंडेलवाल ने बताया कि बरसात के पूर्व सड़क विभाग को सड़क एवं सड़क के पटरी किनारे बने गड्ढों का जल्द मरम्मत कार्य करवाना चाहिए ताकि आने-जाने में हो रही परेशानियों से निजात मिल सके।



### सड़क खराब होने से हो रही दुर्घटनाएं - फिरोज

फिरोज नियाजी ने बताया कि हाईवे मार्ग का खस्ताहाल हो चुका है एवं लालबर्रा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के आगे, मानपुर पुलिया के आगे सहित अन्य स्थानों पर सड़क में गड्ढे बन गये है और बारिश होने पर पानी जमा हो जाने से आने-जाने वालों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही सड़क का खस्ताहाल होने के कारण दुर्घटनाएं भी घटित हो रही है लेकिन जिम्मेदारों के द्वारा सड़क की इस समस्या की ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे राहगीर एवं ग्रामीणजनों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। श्री नियाजी ने बताया कि अखबारों के माध्यम से जानकारी लगी है कि बालाघाट से सिवनी फोरलेन सड़क स्वीकृत हो चुकी है लेकिन अब तक किसी प्रकार का निर्माण कार्य प्रारंभ नही हुआ है। साथ ही यह भी बताया कि बरसात का समय आने वाला है, ऐसी स्थिति में सड़क खराब होने एवं जगह-जगह से डामर उखड़ जाने व गड्ढे बने होने के कारण सभी को आने-जाने में बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ेगा इसलिए प्रशासन से मांग है कि सड़क का जल्द मरम्मत या फिर नवीन सड़क का निर्माण करवाये।



# कांग्रेसियों ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी का किया स्वागत



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी का 29 मई को बालाघाट जिले में आगमन हुआ। इस अवसर पर वे बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वापस सिवनी की ओर जा रहे थे। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी लालबर्रा के पदाधिकारियों ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी का ग्राम पंचायत कनकी, लालबर्रा विश्राम गृह एवं कंजई के आगे स्थित बंजारी माता मंदिर में फुल-माला पहनाकर स्वागत किया एवं उनसे मुलाकात कर संगठन के संबंध में चर्चा की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने मां बंजारी के मंदिर में पूजा अर्चना एवं माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जिसके बाद उनका काफिला सिवनी की ओर रवाना हो गया।आपकों बता दें कि 29 अप्रैल को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के द्वारा बालाघाट जिले में संविधान बचाओं एवं जय हिन्द यात्रा के साथ कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में शामिल होने आये थे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं से संवाद कर संगठन को मजबूत एवं पार्टी की नीति-रीति से अवगत करवाये और सभी को संगठित होकर पार्टी एवं देशहित में काम करने की बात कही। इस अवसर पर बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, बैहर विधायक, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय उइके, लांजी पूर्व विधायक सुश्री हीना कावरे, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भाऊराम गाड़ेश्वर, पांढरवानी सरपंच, विधायक प्रतिनिधि अनीस खान, कंजई सरपंच अधि. आनंद बिसेन, विधायक प्रतिनिधि शैलेष केकती, कनकी सरपंच दुर्गा पगरवार, सुमित स्वामी, नीतिन साखला सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेहरई में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन






बेहरई/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)।जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेहरई में शुक्रवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा उपस्थित किसानों को कृषि से जुड़ी तकनीकी के बारे में जानकारी दिये और किस तरह विकसित कृषि करना है सहित कृषि विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही तकनीकी खेती कर कम लागत में अधिक उत्पादन कैसे ले उसके बारे में बताया गया ताकि फसल उत्पादन अधिक लेकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सके। आपकों बता दे कि विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम के माध्यम से कृषि विभाग के वैज्ञानिकों के द्वारा पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश शासन की प्रमुख योजनाओं, कृषि तकनीकों तथा किसानों को कृषि में दिये जा रहें नवाचारों की जानकारी। स्थानीय स्तर पर कृषि वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों के द्वारा कृषि उधमी एवं प्रगतिशील किसानों के माध्यम से किसानों को लाभान्वित किया जा सके उसके बारे में जानकारी प्रदान की जा रही है ताकि किसान तकनीकी खेती कर अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सके। इसी कड़ी में शुक्रवार को बेहरई पंचायत में विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन कर कृषि वैज्ञानिकों के द्वारा किसानों को कृषि से जुड़ी विभिन्न तकनीकी के बारे में जानकारी प्रदान की ताकि किसान कम लागत में अधिक उत्पादन लेकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सके। इस अवसर पर बेहरई सरपंच श्रीमती शारदा दिलीप टेंभरे, भूतपूर्व सरपंच दिलीप टेंभरे, स्थाई पटेल रामप्रसाद बघेल, कृषि विस्तार अधिकारी उर्मिला शेंडे, कृषि सखी माया पटले कृषि सखी, विकसित कृषि वैज्ञानिक, विभागीय अधिकारी, समूह की महिलाएं सहित किसानगण उपस्थित रहे।

# अज्ञात चौपहिया वाहन की टक्कर से रामकिशन घायल

## लालबर्रा अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर किया गया जिला चिकित्सालय रिफर

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 6 किमी. दूर हाईवे मार्ग स्थित ग्राम पंचायत सिहोरा के सिहोरा एवं पोंडी पुल के आगे अज्ञात चौपहिया वाहन की टक्कर से बाईक सवार युवक रामकिशन पंचेश्वर घायल हो गया। जिसका लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रिफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमोली निवासी 25 वर्षीय रामकिशन/गेंदलाल पंचेश्वर शुक्रवार को दोपहर में मोटरसाइकिल से किसी काम से नेवरगांव ला. की ओर गया था और शाम 5 बजे वापस लालबर्रा की ओर आ रहा था। तभी अज्ञात चौपहिया वाहन चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और लहुलुहान अवस्था में रोड़ किनारे पड़ा हुआ था। जिसके बाद मार्ग से गुजर रहे लोग एकत्रित हुए। इसी दौरान अमोली निवासी रियाज खान अपने अन्य साथियों के साथ कंजई से लालबर्रा की ओर आ रहे थे। तभी उन्होने सिहोरा पुल के पास रोड़ किनारे एकत्रित भीड़ को देखकर रूक गये और लोगों से जानकारी



लिये तो उन्होने उन्हे बताया कि एक युवक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया है। जिसके बाद उसे तत्काल अपने चौपहिया वाहन में बिठाकर लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालबर्रा भर्ती किये। जहां चिकित्सक ने घायल युवक रामकिशन पंचेश्वर का प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रिफर किया। वहीं जिला चिकित्सालय में उपचार करने के बाद घायल युवक की स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए गोंदिया रिफर किया गया है जहां उपचार जारी है। अज्ञात चौपहिया वाहन की टक्कर से घायल हुए युवक रामकिशन पंचेश्वर को सिर में अधिक चोट आई है। जिसका उपचार गोंदिया में जारी है। वहीं घायल युवक के परिजनों ने पुलिस प्रशासन से अज्ञात चौपहिया वाहन की पतासाजी कर चालक पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।

# तेज आंधी-तूफान के साथ एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश, उमस से मिली राहत

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय सहित क्षेत्र में नौतपा के छटवें दिन शुक्रवार को दोपहर 2 बजे के बाद अचानक मौसम में परिवर्तन होने के साथ ही चारों ओर तेज आंधी-तूफान के साथ क्षेत्र में करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई है। इस बे-मौसम बारिश के कारण तेज गर्मी और उमस भरी गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली है। आपकों बता दें कि मई माह में तेज धूप व उमस भरी गर्मी का एहसास हुआ है और गत 25 मई से जारी नौतपा के शुरूआत के दो दिनों तक बदलीनुमा मौसम बना रहा है। जिसके बाद से रोजाना सूर्य की आग उगलती किरणों ने लोगों का हाल-बेहाल कर दिया। साथ ही दोपहर में घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। वहीं गर्मी से राहत पाने के लिये घरों में चलाये जा रहे कूलर व पंखे भी गर्म हवा फेंक रहे है। नौतपा के छटवें दिन 30 मई को दोपहर 2 बजे अचानक मौसम परिवर्तित होने के बाद आंधी-तूफान के साथ क्षेत्र में करीब एक घंटे तक झमाझम बारिश हुई है। जिसके बाद से मौसम सुहाना हो गया एवं वातावरण में ठंडक घुल गई जिससे लोगों को उमस व गर्मी से राहत मिली है। वहीं बार-बार मौसम परिवर्तन होने से जिन किसानों की रबी की धान की कटाई नही हो पाई है। ऐसे किसान अपनी फसल को लेकर चिंतित नजर आ रहे है। अगर तेज बारिश होती है तो उनकी फसल भींगकर खराब भी हो सकती है जिससे उन्हे आर्थिक परेशानियों से जुझना पड़ेगा। साथ ही शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश से उमस भरी गर्मी से राहत मिली है तो वहीं खेतों में नमी आ जाने से अब किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट जायेगें।



# आदिवासी कंडरा समाज पहुंचे वन विभाग किया आक्रोश व्यक्त

## बांस ना मिलने से समाज के लोग परेशान रोजी रोटी का बताया संकट

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर में स्थित दक्षिण सामान्य वन मंडल वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय में आदिवासी कंडरा समाज के पदाधिकारी सदस्य पहुंचे । वन विभाग के द्वारा बांस उपलब्ध कराने में किया जा रहे लेट लतिफी को लेकर आक्रोश व्यक्त किया गया। वहीं डिमांड के हिसाब से २५ प्रतिशत बांस भी उपलब्ध नही होने से जीवन व्यापन और रोजी रोटी पर आ रही समस्या से अवगत करवाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आदिवासी कंडरा समाज के द्वारा बांस के सामान जैसे डल्ला ,सुपा ,टोपली ,मोरिया का निर्माण किया जाता है। जिसे बाजार में बेचकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की जाती है और इसी के माध्यम से उनके द्वारा अपने परिवार का लालन पालन बच्चों की शिक्षा दीक्षा की जाती है। परंतु बीते कुछ समय से समाज के लोगों को पर्याप्त बांस उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं ,जबकि प्रत्येक परिवार के पास पावती है । जिसके माध्यम से उन्हें शासन के द्वारा १५०० नग बांस दिए जाने के लिए आवंटन रखा गया है। परंतु इस १५०० बांस में से उन्हें ५०० बांस भी मुश्किल से नहीं मिल पा रहे हैं। जिन्हें काफी संघर्ष के बाद २०० बांस ही प्राप्त हो रहे हैं जिसको लेकर पूरे समाज में आक्रोश व्याप्त है। यह बांस प्राप्त करने के लिए भी आदिवासी कंड़रा समाज के लोगों को काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। जिसके लिए उनके द्वारा विभाग के समस्त वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिकारियों को आवेदन देकर मांग की गई है तो वहीं जनप्रतिनिधियों को भी शिकायत की गई है। परंतु वर्तमान तक स्थिति यथावत बनी हुई है ऐसे में उनके द्वारा वन विभाग कार्यालय में उपस्थित होकर अपना आक्रोश व्यक्ति किया गया। वहीं प्रत्येक समाज के व्यक्ति को उसकी पावती पर डिमांड के अनुसार पर्याप्त बांस उपलब्ध कराने की मांग की गई।






### कंड़रा समाज को बांस नही दिये तो करेंगे आंदोलन-सेवक बोरकर

सेवक बोरकर ने बताया कि विगत दिनों से हमारे समाज के लोग बांस के लिए परेशान हैं। इसके पहले समाज के लोगों ने शिकायत भी किया और आवेदन भी दिए पर कई वर्षों की यह समस्या है विभाग बांस की पूर्ति नहीं कर रहा है। समाज के लोग बहुत ज्यादा परेशान हो रहे हैं यदि इन्हें बांस मिल जाता तो वह उसकी वस्तु बनाकर अपना जीवन व्यापन करते लेकिन बांस की समस्या से आर्थिक संकट बन रहा है। शासन भी ध्यान नहीं दे रहा है जबकि आदिवासी कंडरा समाज गरीब समाज है यदि बांस इन्हें पर्याप्त रूप से सभी को दिया जाना चाहिए उसी के ऊपर इनका जीवन है। हर वर्ष यह समस्या होती है जबकि पावती के आधार पर इन्हें बांस नहीं मिलता है संघर्ष करने पर २०० बांस प्राप्त होते हैं। पूरे समाज के लिए एक से दो ट्रक बांस आता है बड़े अधिकारी कहते हैं कि ट्रक नहीं है तो यह शासन की समस्या है हम रुपये देकर खरीद रहे हैं मुफ्त में नहीं लेते हैं। हम यही चाहते हैं कि समाज की डिमांड पूरी करें अन्यथा हम आगे आंदोलन करेंगे १८१ पर शिकायत करेंगे आज हमारे समाज में बच्चे भूखे पड़े हुए हैं।



### बांस नही मिलने की शिकायत जनप्रतिनिधियों को भी किया है पर कुछ नही हुआ-संतोष कलाईत

संतोष कलाईत ने बताया कि बांस की समस्या ऐसी है कि हमारी पावती में १५०० बांस प्रत्येक व्यक्ति को मिलना चाहिए यह निश्चित है। किंतु पावती के अनुसार ५०० बांस भी हमें नहीं मिल पा रहे हैं केवल १५० पास अभी तक मिले हैं वह भी संघर्ष करने पर और मुश्किल से १५०० बांस की हमारी डिमांड हर साल रहती है पर बांस नहीं मिलता है। विभाग के लोग ट्रक नहीं है कहते हैं इसकी शिकायत हमारे द्वारा विधायक एवं बालाघाट वारासिवनी के सभी अधिकारियों को की गई है परंतु समाधान किसी के द्वारा नहीं किया गया है। एक पावती में एक वर्ष में १५०० बांस मिल जाते हैं तो हमें सहूलियत होती है अभी हमारा सीजन है । मोरिया बनाने का और अभी बांस नहीं मिल रहे हैं ऐसे में हम क्या करेंगे। पूरे वारासिवनी तहसील में हमारे समाज के ६०० परिवार है जिनकी रोजी रोटी बांस के ऊपर निर्भर है।



### बांस नही मिलने से रोजी रोटी का संकट आ गया है-आशाबाई करण

आशाबाई करण ने बताया कि मैं वार्ड नंबर ९ वारासिवनी की रहने वाली हूं पिछले १५ दिन हो गया है बांस के लिए लगातार वन विभाग के चक्कर लगा रही हूं। परंतु आज तक कुछ नहीं हो पाया है और जो पहले हमें बांस मिला था वह भी कोई काम का नहीं रहा ६ महीने में बड़ी मुश्किल से मुझे ५० बांस मिले हैं। यहां पर अभी बांस आया नहीं है बताये जा रहे हैं की व्यवस्था नहीं है। जबकि बांस के माध्यम से हमारा घर चलता है डल्ला टोपली सूपा बनाते हैं और उसे बाजार में बेचते हैं उसी से घर के साथ बच्चों को भी पाल रहे हैं। हमें तो बांस चाहिए किसी भी कीमत पर हमें दूसरा काम भी नहीं आता है। कहीं जाकर हम मजदूरी भी नहीं कर सकते बांस ही इकलौता हमारा जीवन जीने का जरिया है।



### इनका कहना है

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि सुबह बांस की समस्या को लेकर समाज के कुछ लोग आए हुए थे। जिनकी मांग थी कि उन्हें बांस चाहिए इसमें वरिष्ठ अधिकारियों से पूर्व में भी चर्चा की गई थी। जिसमें ट्रक की उपलब्धता नही होने के कारण व्यवस्था नहीं हो पा रही थी। परंतु समस्या को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की गई है जिन्होंने आश्वासन दिया है कि एक से दो दिन में वन विभाग वारासिवनी को बांस उपलब्ध हो जायेंगे बांस प्राप्त होते ही वितरण कर दिया जाएगा।

**छत्रपाल सिंह जादौन**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी वारासिवनी**

# गोल्ड व सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले छात्रों का प्रदीप जायसवाल ने किया सम्मान

## राष्ट्रीय कराटे स्पर्धा के सभी छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर नगर को गौरावित किया -प्रदीप जायसवाल

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। राष्ट्रीय कराटे स्पर्धा गोवा में गोल्ड व सिल्वर मेडल हासिल करने वाले आईडियल पब्लिक स्कुल के सभी खिलाड़ियों का पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के मुख्यातिथ्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया। ज्ञात हो की इस विधालय के १९ छात्रों ने राष्ट्रीय कराटे स्पर्धा गोवा में गोल्ड व सिल्वर मेडल हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर नगर का नाम रोशन किया है। इस दौरान प्रदीप जायसवाल पूर्व केबिनेट मंत्री, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा, महामंत्री सुनील पिपरेवार, श्रीमती सरिता मनोज दांदरे नगर पालिका अध्यक्ष, मोनू लिमजे, पवन धुर्वे, शैलेंद्र तिवारी, मोनिका सोनेकर की मौजूदी में कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। कायक्रम के प्रारंभ में नगर मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने विस्तार में कार्यक्रम के उद्वेश्य से परिचय कराकर सभी सफ लता प्राप्त छात्रो को शुभकामनायें भी प्रेषित की है। समारोह को संबोधित करते हुये प्रदीप जायसवाल पूर्व केबिनेट मंत्री ने कहा की वारासिवनी को सर्वसुविधायुक्त बनाने की हमारी सोच को आगे बढ़ाते हुये आइडियल पब्लिक स्कूल चंदोरी के संचालक अब्दूल रब कुरैशी के नेतृत्व में १९ छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर नगर को गौरावित किया है। इन सभी बच्चों की सफलता से हम भी उत्साहित है। आज कराटे खेल भले ही क्रिकेट की तरह लोकप्रिय नही है। किंतू इस विद्यालय के संचालक अब्दूल रब कुरैशी व प्रशिक्षक गणेश बोधे ने जो मेहनत की है वह सराहनीय है। आज सम्मान कार्यक्रम का उद्वेश्य ही है यह है की कराटे खेल को हम लोकप्रिय बनाकर प्रचार प्रसार कर ग्रामीण स्कूलो में भी इसका प्रशिक्षण शूरू करा सके। आइडियल पब्लिक स्कूल चंदोरी के संचालक अब्दूल रब कुरैशी ने कहा की राष्ट्रीय कराटे स्पर्धा गोवा में विधालय के ९ छात्रो ने गोल्ड व १० छात्रो ने सिल्वर मेडल हासिल कर नगर का नाम गौरावित किया है। कराटे की विधा सेल्फडिफेंस के लिये बेहद जरूरी है। अपनी सुरक्षा स्वयं करते हुये आत्मविश्वास बढाने में मददगार भी साबित होती है। वहीं शिक्षक बनने पर लीलाधर पारधी कासपुर, शिवचरण बिसेन कासपुर,श्यामाचरण ठकरेले लड़सड़ा,धनेन्द्र मोहारे मेंढ़की,खेमेन्द्र पारधी बघोली,बलीराम भैरम झालीवाड़ा,श्री जैतवार बासी,राजेश हाड़गे उमरवाडा, चंद्रविजय ठाकुर नारवंजपार का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर राधे लाल भोयर , सीला रेवेकर, सुजाता डहरवाल ,मीरा आचार्य,शुभम जैन, जगदीश नेमा, मयंक मिश्रा,मिथलेश बूरडे, मनोज कुमार, कन्हैयालाल खैरवार , रिंकू चाकूकर, आकाश चौबे ,प्रखर सिंघई, नंदकिशोर पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।






# शासकीय सिविल अस्पताल की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल

## आपातकालीन चिकित्सा सुविधा से नदारत रहते है डॉक्टर






वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। शासकीय सिविल अस्पताल वारासिवनी में २९ मई की रात १ बजे डॉ के द्वारा बच्ची के उपचार में टाल मटोल कर आधी रात को रिफर करने का मामला प्रकाश में आया हैं। जिसमे भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष के द्वारा अस्पताल के डॉ बृजेंद्र चौधरी पर शराब के नशे में ड्यूटी कर उपचार करने और टाल मटोलकर मरीज को जिला चिकित्सालय रिफर करने का आरोप लगाया गया है। जहां नगर के नरेन्द्र ढेकने अपनी बच्ची का उपचार करने रात १० बजे पहुंचे थे परंतु डॉक्टर के द्वारा उन्हें १२.३० बजे अटेंड किया गया। इस दौरान काफी बुलावे के बाद डॉक्टर ने उपस्थित होकर उन्हें रात १ बजे डायरेक्ट रिफर कर दिया। यह घटना सामने के आने के बाद नगर वासियों के द्वारा सिविल अस्पताल की व्यवस्था को बदहाल बताते हुए प्रश्न खड़े किए जा रहे हैं तो वहीं मामले में वरिष्ठ अधिकारियों से कार्यवाही की मांग भी की जा रही है।

### यह हैं मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नंबर १० निवासी नरेंद्र ढेकने अपनी १० वर्षीय बच्ची को २९ मई की रात करीब १० बजे शासकीय सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य समस्या होने पर लाकर भर्ती किए थे। जहां डॉक्टर के द्वारा चेक नही करने पर उसके द्वारा तत्काल भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप मिश्रा से दूरभाष पर चर्चा की गई। जिन्होंने घटना के संबंध में बीएमओ डॉक्टर कमलेश झोडे और ड्यूटी पर होने वाले डॉ बृजेंद्र चौधरी से चर्चा की गई। परंतु उसके बाद भी किसी के द्वारा बच्ची को चेक नहीं करने पर रात्रि करीब ११.३० बजे वह अस्पताल पहुंचे। जिनके पहुंचने के करीब १ घंटे बाद शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ बृजेंद्र चौधरी जिनकी ड्यूटी थी वह उपस्थित हुए। जो शराब के नशे में उपचार के लिए टाल मटोल करते हुए तत्काल रिफर बना दिया गया। जहां रात्रि अधिक होने पर परिजनों के द्वारा स्वयं की जिम्मेदारी पर बच्ची को रात भर रखा गया। जिसको लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है कि इस दौरान यदि बच्ची के साथ कोई अप्रिय घटना हो जाती तो उसकी जिम्मेदारी किसकी होती। मामले में संदीप मिश्रा के द्वारा जिला स्वास्थ्य अधिकारी श्री उपलवार को दूरभाष पर शिकायत कर मामले में कार्यवाही करने की मांग की गई है।

### सिविल अस्पताल के डॉक्टर रहते है शराब के नशे में व्यवस्था बदहाल है-संदीप मिश्रा

संदीप मिश्रा ने बताया कि हमारे वार्डवासी नरेंद्र ढेकने ने १० वर्षीय बेटी की तबीयत खराब होने पर सिविल अस्पताल में उसे लाकर भर्ती किया था। बच्ची को उपचार नही मिलने पर बीएमओ से चर्चा की तो मुझे महसूस हुआ कि वह भी नशे में है जिनके जवाब से मैं संतुष्ट नहीं हुआ। फिर डॉ बृजेंद्र चौधरी से चर्चा की गई और फिर जिला चिकित्सा अधिकारी से चर्चा करने के बाद रात ११.३० बजे मैं अस्पताल पहुंचा तो देखा की नर्स का चैंबर बंद था। नर्स से बात की गई तो उन्होंने डॉक्टर को बता देने की जानकारी दी परंतु मेरे जाने के १ घंटे बाद डॉ बृजेंद्र चौधरी वहां पर पहुंचे और उनके द्वारा औपचारिकता पूर्ण कर रिफर कर दिया गया। अब १ बजे रात को पालक कहां जाएंगे ऐसे में हमने लिखकर अपनी जिम्मेदारी पर रात भर बच्ची को अस्पताल में रखा। वहां एंबुलेंस की भी बैटरी खराब है जबकि पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल के द्वारा अस्पताल में एंबुलेंस दी गई है इसका मेंटेनेंस रोगी कल्याण समिति से भी नहीं कर पा रहे हैं। यदि यह घटना दूरस्थ ग्राम की होती तो उनके साथ हुई अप्रिय घटना की जिम्मेदारी कौन लेता। हमारे द्वारा सुबह जिला स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर सिविल सेवा आचरण के विरुद्ध ऐसे शराब पीने वाले डॉक्टर को निलंबित करते की मांग की है। सिविल अस्पताल की व्यवस्था बदहाल है यहां पर हर किसी को रिफर कर रहे हैं शो पीस अस्पताल की व्यवस्था है। अभी प्रभारी मंत्री आने वाले हैं हम उनके पास भी यह बात रखेंगे । बीएमओ कमलेश जोड़े और डॉक्टर बृजेंद्र चौधरी के खिलाफ हम लड़ाई लड़ेंगे। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने हमें जिला कलेक्टर के साथ बैठक में यह विषय रखने का आश्वासन दिया हैं।



### सिविल अस्पताल में मरीज सुविधा से वंचित है , और डॉक्टर नशे में धुत रहते है-सुनील पिपरेवार

सुनील पिपरेवार ने बताया की कोई मरीज अस्पताल में गए थे तो वहां पर डॉक्टर उपलब्ध नहीं थे। जहां संदीप मिश्रा पहुंचे तो डॉक्टर चौधरी नशे की हालत में थे इलाज करने में वह टाल मटोल कर रहे थे। बीएमओ भी नदारत थे यह गैर जिम्मेदाराना जो वारासिवनी अस्पताल में चल रहा है पांच डॉक्टर की पदस्थापना के बाद भी कोई उपस्थित नहीं होता है। इसका पूरा असर स्टाफ पर भी है डॉक्टर अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं कर रहे हैं टालमटोल कर रिफर कर देते हैं। अस्पताल में जाओ तो नशे में धुत रहते हैं आए दिन शिकायत होती है यह पहली बार कि नहीं है। इसके पहले भी ऐसी घटना हुई है वारासिवनी की आम जनता को चिकित्सालय में सुविधा देने के लिए शासन के द्वारा लाखों करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं पर वह सुविधा उन्हें नहीं मिल पा रही है। यह डॉक्टर का नाम डॉ बृजेंद्र चौधरी है वह कहने को तो सीनियर एमडी है पर वह जिम्मेदारी नहीं लेना चाहता है।



### डॉ बृजेंद्र चौधरी को तत्काल स्पष्टीकरण जारी किया जायेगा- कमलेश झोड़े

बीएमओ कमलेश झोड़े ने बताया कि कल शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ बृजेंद्र चौधरी ड्यूटी पर थे इसके पहले भी उनकी शिकायत मिलती रही है । कि उनका व्यवहार ठीक नहीं है शराब पीकर आते हैं और भी शिकायतें रही है। जिसको लेकर पूर्व में भी उन्हें नोटिस जारी किया गया था और एक माह का वेतन भी हमारे द्वारा रोक दी गई थी। अभी यह प्रकरण हमारे नॉलेज में पूरा नहीं है आज व्यस्तता के कारण हमारे द्वारा मामले में संज्ञान नहीं लिया गया है कल तत्काल स्पष्टीकरण जारी किया जायेगा।



### इनका कहना है

दूरभाष पर चर्चा में बताया कि यह सभी आरोप निराधार है रात्रि में मैं ड्यूटी पर था उस दौरान एक बच्ची को लाया गया था। जिसका संभावित उपचार हमारे द्वारा कर दिया गया था आगे का उपचार यहां संभव नहीं था इसलिए उसे रिफर किया गया था।

**डॉ बृजेंद्र चौधरी**
**शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सक**
**वारासिवनी**

# पुलिस ने बालिकाओं को अहिल्याबाई के नारी सशक्तिकरण का दिया संदेश

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय के सामने पुलिस प्रशासन के द्वारा लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जनशताब्दी पर नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन के द्वारा महाविद्यालय के बाहर छात्र छात्राओं को एकत्रित कर उन्हें बताया कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने शासन संचालन के साथ साथ अपने निजी जीवन में एक आदर्श बहू, शासकीय मां और पत्नी के रूप में जीवन का उदाहरण प्रस्तुत किया। जब कोई उन्हें महारानी कहता था तो वे विनम्रता से कहती थीं बेटा मुझे मां कहना ही पर्यास है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर ने परिवार में तमाम विपत्तियों के बाद भी धैर्यपूर्वक शासन की सेवा की और एक उत्कृष्ट आदर्श प्रस्तुत किया। उस काल में भी उन्होंने नारी सशक्तिकरण की दिशा में किये कार्य की जानकारी दी गयी। इसी तहत पुलिस विभाग के द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़ी पहलों जैसे ऑपरेशन मुस्कान, सृजन कार्यक्रम, महिला अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई, महिला ऊर्जा डेस्क की उल्लेखनीय उपलब्धियाँ बताते हुए जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपनिरीक्षक धर्मराज बघेल सहित पुलिस बल एवं बालिकायें मौजूद रही।



# राष्ट्र की प्रगति के हित में हों छात्र आंदोलन

अध्यक्ष एवं बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, इंदौर विश्वविद्यालय और सागर विश्वविद्यालय में कुलपति रहे प्रो. डी. पी. सिंह ने एक विशेष साक्षात्कार दिया, जिस पर आधारित है यह आलेख। उन्होंने छात्र नेतृत्व और शिक्षा सुधारों पर विचार साझा करते हुए कहा कि भारत में छात्र आंदोलनों को राष्ट्रीय हित में होना चाहिए और कॉलेज परिसरों में शांति व अनुशासन बनाए रखना चाहिए। छात्र आंदोलन लोकतंत्र का हिस्सा होते हैं। छात्रों में ऊर्जा और जुनून होता है, जो देश के भविष्य को आकार देने में मदद कर सकता है। शर्त यह है कि ये प्रयास राष्ट्रीय एकता को ठेस न पहुंचाएं या शैक्षणिक माहौल को बाधित न करें। छात्र नेता होना और विभिन्न मुद्दों के लिए खड़ा होना है, लेकिन मूल्यों और अनुशासन के साथ। ऐसे आंदोलन जो हिंसा फैलाएं या दूसरों को नुकसान पहुंचाएं, वे सही रास्ता नहीं हैं। हाल में देखा गया कि कुछ विश्वविद्यालयों में जो छात्र आंदोलन हुए वो रास्ता भटक गए और अकादमिक विकास की बजाय राजनीतिक झगड़ों में तब्दील हो गए। इससे शिक्षा व्यवस्था की छवि खराब होती है और सीखने का समय बर्बाद होता है। ऐसे में आंदोलनरत छात्रों को शांति से बहस और चर्चा करनी चाहिए। विश्वविद्यालयों को सीखने, शोध और राष्ट्रीय विकास के केंद्र होना चाहिए, न कि संघर्ष का स्थान। भारत एक युवा राष्ट्र है, जिसकी छात्र आबादी बहुत बड़ी है। अगर छात्र अपनी आवाज को समझदारी से इस्तेमाल करें, तो वे समस्याएं हल करा सकते हैं और देश को आगे बढ़ा सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि एक मिशन है जो शिक्षा की गुणवत्ता सुधारता है, छात्रों को कुशल बनाता है और वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार करता है। इस नीति के तहत अब छात्रों को विषयों का चुनाव, स्किल ट्रेनिंग और डिजिटल लर्निंग के विकल्प मिल रहे हैं। मल्टीपल एंट्री-एग्जिट सिस्टम से शिक्षा में लचीलापन आया है। हमें जॉब क्रिएटर चाहिए, सिर्फ जॉब सीकर नहीं। नेप नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देती है। जहां तक मातृभाषा में शिक्षा का सवाल है तो इसमें छात्र गहराई से विषय को समझ पाते हैं और अपनी संस्कृति पर गर्व भी करते हैं। ऐसे में छात्रों को चाहिए कि वे इन परिवर्तनों का लाभ उठाएं और नकारात्मक आंदोलनों में समय बर्बाद करने की बजाय नवाचार और विकास में भाग लें। यहां यह समझ लें कि अनुशासन का मतलब चुप्पी नहीं होता। छात्र सवाल कर सकते हैं, सुझाव दे सकते हैं, यहां तक कि विरोध भी कर सकते हैं, लेकिन सम्मान और जिम्मेदारी के साथ। जान लें कि शिक्षा एक मजबूत राष्ट्र की नींव है। नारेबाजी से नहीं, बल्कि कड़ी मेहनत, गहरी सीख और सच्चाई के साथ खड़े होकर नेता बनते हैं। वतर्मान में भारत को ऐसे छात्र नेताओं की ज़रूरत है जो अपने समूह से अधिक देश की सोचें। ऐसे में विश्वविद्यालयों को भी चाहिए कि वे खुली चर्चा, नियमित मार्गदर्शन और मूल्य-आधारित शिक्षा को बढ़ावा दें। आज़ादी की लड़ाई से लेकर विज्ञान और समाज सुधार तक, छात्रों ने ईमानदारी और दूरदर्शिता के साथ देश को दिशा दी है। हमें वही जोश फिर से लाना चाहिए। छात्र ऐसे भारतीय बनें जो ज्ञान, शांति और प्रगति में विश्वास रखते हों। छात्र आंदोलन ज़रूरी हैं, लेकिन उन्हें राष्ट्रीय मूल्यों, शांति और बेहतर भविष्य की भावना से संचालित होना चाहिए। सूचित, जागरूक और सक्रिय होना अच्छा है, लेकिन इसके साथ-साथ सम्मान, विनम्रता और जिम्मेदारी भी ज़रूरी है। अब जरुरत इस बात की है कि विश्वविद्यालय नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास और नेप पर अधिक वर्कशॉप और सत्र आयोजित करें ताकि छात्र अपनी भूमिका बेहतर समझ सकें। अंततः हमारे छात्र हमारे देश का भविष्य हैं। यदि वे सही दिशा में आगे बढ़ेंगे, तो भारत अधिक मजबूत, बुद्धिमान और एकजुट होगा।

# अहिल्यादेवी होलकर- दूरदर्शी एवं साहसी महिला शासक

भारतीय संस्कृति के उज्ज्वल इतिहास के सुवर्ण पृष्ठों पर अनेक शील, शौर्य, शक्ति एवं पराक्रम संपन्न नारियों के नाम अंकित हुए हैं। शील, भक्ति, आस्था, शौर्य, शक्ति एवं धर्मनिष्ठा के अद्वितीय प्रभाव के कारण ही वे प्रणम्य हैं। ऐसी ही श्रृंखला में एक नाम है राजमाता अहिल्याबाई होलकर का, जो परम विदुषी, सनातन धर्म-शासन प्रभाविका, मातृहृदया, कुशल शासक एवं प्रबल धर्मनिष्ठा पूज्याप्रवर हैं। वे हिन्दू धर्म की उच्चतम परम्पराओं, संस्कारों और जीवनमूल्यों से प्रतिबद्ध एक महान विभूति थी, शासक रश्मि थी, सृजन रश्मि थी, नेतृत्व रश्मि थी, विकास रश्मि थी। सनातन धर्म की ध्वजवाहिका थी, एक ऊर्जा थी। उन्होंने ने न केवल कुशल-शासक व्यवस्था के मूल्य मानक गड़े, बल्कि सामाजिकता, सेवा एवं परोपकार के नये आयाम भी उद्घाटित किये। जन कल्याण एवं सेवा के क्षेत्र में भी उन्होंने अनेक कार्य किए। भारत ऐसी ही आदर्श नारी चरित्रों की गौरव-गाथा से विश्व गुरु कहलाता था। इस वर्ष 31 मई, 2025 को उनकी जन्म जयन्ती का त्रिशताब्दी दिवस है।

कभी-कभी वास्तविक जीवन की घटनाएं कहानियों से भी अधिक अद्भुत, साहसी, रोमांचकारी एवं विलक्षण होती है। सच यह भी है कि कभी-कभी जिन्दगी की किताब के किरदार कहानियों, फिल्मों एवं उपन्यासों के किरदारों से भी कहीं अधिक सशक्त और अविस्मरणीय होते हैं। लौह महिला महारानी अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व व कृतित्व भी ऐसा ही है, जो उन्हें विश्व की श्रेष्ठतम महिलाओं की पंक्ति में अग्रणी बनाता है, जिनका भारत के इतिहास और जनमानस पर विशेष प्रभाव रहा है। वे भारतीय इतिहास की एक विलक्षण, साहसी, दूरदर्शी, दार्शनिक एवं पराक्रमी नायिका है। राजमाता अहिल्याबाई होलकर, मालवा साम्राज्य की होलकर रानी थीं। उन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी एवं साहसी महिला शासकों में से एक माना जाता है। 18वीं शताब्दी में, मालवा की महारानी के रूप में, धर्म का संदेश फैलाने में, नयी शासन-व्यवस्था स्थापित करने और औद्योगीकरण के प्रचार-प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था। अतीत से आज तक वे व्यापक रूप से अपनी बुद्धिमत्ता, साहस और प्रशासनिक कौशल के लिए जानी जाती हैं।

31 मई 1725 को जामखेड, अहमदनगर (महाराष्ट्र) के चोंडी गाँव में जन्मी अहिल्या, एक साधारण परिवार से थीं। उनके पिता मनकोजी राव शिंदे, ग्राम प्रधान थे, जिन्होंने उन्हें प ?ना-लिखना सिखाया था। एक युवा ल ?की के रूप में, उनकी सादगी और सुचरित्र के संयोजन ने, मालवा क्षेत्र के राजा मल्हार राव होलकर का ध्यान उनकी ओर आकर्षित किया। वे युवा अहिल्या से इतने प्रभावित थे कि 1733 में जब वे मुश्किल से आठ साल की भी नहीं हुई थीं, तब उन्होंने उनका विवाह अपने बेटे खंडेराव होलकर से करवा दिया। उनकी शादी के बारह साल बाद, कुम्हेर किले की घेराबंदी के दौरान, उनके पति खंडेराव की मृत्यु हो गई। अहिल्याबाई इतनी आहत हुई कि उन्होंने सती होने का ?ैसला कर लिया। लेकिन उनके ससुर मल्हार राव ने उन्हें इतना कठोर कदम उठाने से रोक लिया और अहिल्या को अपनी छत्र-छाया में लेकर, उन्हें सैन्य, राजनीतिक और प्रशासनिक मामलों में प्रशिक्षित किया। राज-काज की बारीकियां समझाई।

'तमसो मा ज्योतिर्गमय'- मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। ज्योति की यात्रा मनुष्य की शाश्वत अभीप्सा है। इस यात्रा का उद्देश्य है, प्रकाश की खोज। प्रकाश उसे मिलता है, जो उसकी खोज करता है। कुछ व्यक्तित्व प्रकाश के स्रोत होते हैं। वे स्वयं प्रकाशित होते हैं और दूसरों को भी निरंतर रोशनी बांटते हैं। अहिल्याबाई ऐसा ही एक लाइटहाउस था यानी प्रकाश-गृह, जिसके चारों ओर रोशनदान थे, खुले वातायन थे। उनका चिंतन, शासन-व्यवस्था, संस्कृति-प्रेम, संभाषण, आचरण, सृजन, सेवा, परोपकार- ये सब ऐसे खुले वातायन थे, जिनसे निरंतर आलोक प्रस्फुटित होता रहा और पूरी मानवजाति को उपकृत किया।



राजमाता अहिल्याबाई होलकर का जीवन अनेक संकटों एवं संघर्षों का साक्षी बना। एक के बाद एक पहाड जैसे दुःख, आघात उन्हें झेलने पड़े। 1766 में अहिल्या के ससुर मल्हार राव का भी निधन हो गया। उसके अगले ही वर्ष, उन्होंने अपने बेटे माले राव को भी खो दिया। बेटे को खोने का दुःख उन्होंने अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। राज्य और अपनी प्रजा के कल्याण को ध्यान में रखते हुए उन्होंने पेशवा से, मालवा के शासन को संभालने की अनुमति मांगी। हालांकि, कुछ अभिजातों ने इसका विरोध किया, लेकिन उन्हें सेना का समर्थन प्राप्त था। सेना को उन पर पूरी श्रद्धा और विश्वास था, क्योंकि वह सैन्य और प्रशासनिक मामलों में अच्छी तरह से प्रशिक्षित थीं। उन्होंने कई मौकों पर सेना का नेतृत्व किया था और एक सच्चे योद्धा की तरह लड़ाई लड़ी थी। 1767 में, पेशवा ने अहिल्याबाई को मालवा पर अधिकार करने की अनुमति दे दी। 11 दिसंबर 1767 को वे गद्दी पर बैठीं और इंदौर की शासक बनीं। अगले 28 वर्षों तक महारानी अहिल्याबाई ने न्यायोचित, बुद्धिमत्तापूर्ण और ज्ञानपूर्वक तरीके से मालवा पर शासन किया। अहिल्याबाई के शासन के तहत, मालवा में शांति, समृद्धि, खुशहाली और स्थिरता बनी रही। साथ ही साथ उनकी राजधानी साहित्यिक, संगीतात्मक, कलात्मक और औद्योगिक गतिविधियों के एक बेहतरीन स्थान में परिवर्तित हो गई। कवियों, कलाकारों, मूर्तिकारों और विद्वानों का उनके राज्य में स्वागत किया गया, क्योंकि वे उनके काम को बहुत सम्मान दिया करती थीं। रानी अहिल्याबाई ने अपने समय में विभिन्न दिशाओं में सृजन की ऋचाएं लिखी हैं, नया इतिहास रचा है। अपनी योग्यता और क्षमता से स्वयं को साबित किया है। नारी शासक के रूप उन्होंने एक छलांग लगाई, राज-व्यवस्था एवं उन्नत समाज संरचना को निर्मित करते हुए जीवन की आदर्श परिभाषाएं ग ?ी थीं। वह अपनी प्रजा को अपनी संतान मानती थी। उन्होंने अपने शासनकाल में कई कानूनों को समाप्त किया, किसानों का लगान कम किया, कृषि, उद्योग धन्धों को सुविधा देकर विकास के अनेक काम किए। चोर, डाकुओं एवं अन्य अपराधियों को सही रास्ते पर लाकर उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर उनकी जीवन दिशाएं बदली। रानी अहिल्याबाई महान् परोपकारी, संवेदनशील एवं करूणामयी थी। राहगीरों, गरीबों, विकलांगों, साधु-संतों,पशु-पक्षियों, जीव-जंतुओं सभी का ध्यान रखती थी यहां तक कि अपने सैनिकों, कर्मचारियों के कल्याण के लिए भी वह कभी पीछे नहीं हटी। मन्दिरों का जीर्णोद्धार, पर्यावरण एवं जलसंधारण, विधि एवं न्याय व्यवस्था, नारी सम्मान और नारी शिक्षा, व्यापार, कौशल-विकास आदि उनके शासन की विशेष उपलब्धियां बनी। अहिल्याबाई का हृदय समाज के सभी वर्गों के लिए ध ?कता था। रानी अहिल्याबाई हिन्दू धर्म की पुरोधा, उन्नायक एवं रक्षक थी। उन्होंने बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम, जगन्नाथ पुरी, द्वारका, पैठण, महेश्वर, वृंदावन, सुपलेश्वर, उज्जैन, पुष्कर, पंढरपुर, चिंचवाड़, चिखलदा, आलमपुर, देवप्रयाग, राजापुर स्थानों पर मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाया तथा घाट बनवाएं और धर्मशालाएं खुलवाए, जहां लोगों को प्रतिदिन भोजन मिलता था। काशी विश्वेश्वर मंदिर के साथ-साथ पूरे देश के मंदिरों का निर्माण व पुनर्निर्माण का कार्य रानी ने करवाया। त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग में तीर्थ यात्रा के लिए विश्रामगृह, अयोध्या, नासिक में भगवान श्रीराम के मंदिरों का निर्माण, सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण, उज्जैन में चिंतामणि गणपति मंदिर निर्माण-ये सभी कार्य रानी ने दिल खोलकर किए हैं। उन्होंने कल्याणकारी व परोपकारी कार्यों द्वारा राष्ट्र निर्माण का महत्ती कार्य भी किया तथा देश में धार्मिक, सामाजिक, राष्ट्रीय एकता कायम करने के लिए सराहनीय प्रयास किए। अहिल्याबाई ने महेश्वर में वस्त्र उद्योग भी स्थापित किया, जो वर्तमान में अपनी महेश्वरी साड़ियों के लिए बहुत प्रसिद्ध है। शासन से लेकर संस्कार तक, साहित्य से लेकर समाज-निर्माण तक अनुभव गुम्फित है। न केवल राजनीति के क्षेत्र में बल्कि व्यक्ति निर्माण एवं समाज निर्माण के क्षेत्र में भी आपके विचारों का क्रांतिकारी प्रभाव देखने को मिलता है। 'दार्शनिक महारानी' की उपाधि से सम्मानित, अहिल्याबाई का 13 अगस्त 1795 को सत्तर वर्ष की आयु में निधन हो गया। रानी अहिल्याबाई में इतिहास के गौरवशाली वीरों के गुण देखने को मिलते हैं। कोई भी महिला इतनी सर्वगुण संपन्न कैसे हो सकती है? इतिहास, वर्तमान और भविष्य में केवल एक ही नारी में इतने गुणों का समावेश होना संभव ही नहीं है। धर्माचरण, शासन प्रबंध, विद्वानों का सम्मान व न्याय, दानशीलता ,उदार धर्म नीति, भक्ति भावना, वीरता, त्याग व बलिदान, साहस, शौर्य से परिपूर्ण रानी अहिल्याबाई युगों- युगों तक अमर रहेगी।

**- ललित गर्ग**

# आतंकवादी संगठनों की टेररफंडिंग रुकेगी तो आतंकवाद का अंत निश्चित है

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ आतंकवाद के दंश से पीड़ित है, दुनियाँ के करीब- करीब हर देश में किसी ने किसी रूप या भेष में आतंकवाद सर उठाए खड़ा है जो उसे देश की उन्नति प्रगति व विकास में बाधा उत्पन्न कर रहा है,चूँकि कि हर देश की प्राथमिकता अपने देश में लॉ एंड ऑर्डर कायम रखकर अपने देश के नागरिकों का जीवन भय मुक्त बनानाहै, इसीलिए हर देश को आतंकवाद समाप्त करने में योगदान देना जरूरी है। भारत भी उन पीड़ित देशों में से एक है, लेकिन अब भारत ने आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ा जनजागरण अभियान छेड़ दिया है, व घोषणा कर दी है कि आतंकवाद व उनके आकाओं में अब हम फर्क नहीं समझेंगे, पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत द्वारा पाक को ऋण पर आपतित दर्ज कराई, फिर 7 प्रतिनिधिमंडल जिसमें 59 से अधिक सदस्य हैं, उनको पूरी दुनियाँ में आतंकवाद के खिलाफ जन जागरण करने भेजा है, अब भारत सरकार एशिया पेसिफिक ग्रुप (एपीजी) के साथ 25 जून 2025 को 40 सदस्यों वाली एफएटीएफ की मीटिंग में पक्ष रखेगी कि कैसे उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई वित्तीय सहायता को टेरर फंडिंग में उपयोग करते हैं। चूँकि आतंकवादी संगठनों की टेरर फंडिंग रुकेगी तो आतंकवाद का अंत होना निश्चित है, इसलिए आज मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत ने आतंकवाद के खिलाफ वित्तीय व कूटनीतिक दबाव बढ़ाया आईएफएफ एपीजी,7 प्रतिनिधि मंडलों के बाद अब 25 जून 2025 को को होने वाली एफएटीएफ मीटिंग पर लॉबीग करेगा।

साथियों बात अगर हम टेरर फंडिंग रोकने आईएमएफ, 7 प्रतिनिधिमंडलों के बाद अब एपीजी व 25 जून 2025 को होने वाली एफएटीएफ मीटिंग में लॉबिंग करने की करें तो,भारत ने हाल ही में कई देशों में एक कूटनीतिककोशिशें शुरू की हैं ताकि पाक की आतंकवाद की भूमिका को वैश्विक मंचों पर उजागर किया जा सके, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और बहरीन जैसे देशों में सात प्रतिनिधिमंडल सक्रिय रूप से वैश्विक नेताओं, थिंक टैंकों और नीति निर्धारक संस्थाओं से चर्चा कर रहे हैं, इन टीमों में विभिन्न राजनीतिक दलों और समुदायों के सदस्य शामिल हैं, जो भारत का एक संयुक्त नजरिया दुनियाँ के सामने पेश कर रहे हैं, इस पहल का मकसद पाक को फिर एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में डालना है। अक्टूबर 2022 में,एफएटीएफ ने चार सालों की निगरानी के बाद पाक को ग्रे लिस्ट से हटाया था, लेकिन भारत का दावा है कि पाक ने इस दौरान आतंकवाद के समर्थन में अपने कदमों में सुधार नहीं किया, भारत अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं जैसे आईएमफ और विश्व बैंक से मांग कर रहा है कि वे पाकिस्तान द्वारा विदेशी सहायता के दुरुपयोग की जांच करें।

साथियों बात अगर हम पाक को एफएटीएफ की होने वाली मीटिंग में लॉबिंग कर पाक को ग्रे लिस्ट में डलवाने की कवायत की करें तो, भारत ने पाकिस्तान को दोबारा एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में डालने की प्रक्रिया तेज कर दी है।यह कदम आतंकवादी वित्त पोषण पर लगाम लगाने और पाकिस्तान पर वैश्विक दबाव बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। मीडिया में आई रिपोर्ट के अनुसार,भारत सरकार ने एक विस्तृत डोजियर तैयार कर लिया है जिसमें पाकिस्तान के हालिया आतंकी फंडिंग ट्रेल,और जम्मू-कश्मीर में हुई घटनाओं से जुड़ा वित्तीय नेटवर्क उजागर किया गया है। ध्यान रहे कि भारतीय कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से ऑपरेशन सिन्दूर सैन्य अभियान चला कर पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को नष्ट किया गया था। उसके बाद से भारत इस मुददे पर पाकिस्तान को हर मोर्चे पर और हर स्तर पर घेर रहा है। एक प्रसिद्ध प्रिंट मीडिया के अनुसार यह डोजियर जून 2025 में होने वाली एफएटीएफ प्लेनरी मीटिंग में पेश किया जाएगा। भारत का दावा है कि पाकिस्तान ने 2022 में ग्रे लिस्ट से हटने के बाद जिन शर्तों का पालन करने का वादा किया था, उनका लगातार उल्लंघन किया है। पाकिस्तान को 2022 में ग्रे लिस्ट से बाहर निकाला गया था,सरकारी सूत्रों ने बताया कि भारत पाकिस्तान के खिलाफ आतंकी फंडिंग के आरोपों को उठाएगा ताकि उसे वैश्विक मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकी वित्तपोषण निगरानी संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में वापस डाला जा सके। सूत्रों ने बताया कि भारत खास तौर पर उन कानूनी प्रावधानों का पालन न करने की ओर ध्यान दिलाएगा, जिनका पालन करने का वादा पाकिस्तान ने 2022 में ग्रे लिस्ट से बाहर आने पर किया था। सरकार इस पर विचार कर रही है। इसके अलावा, भारत जून में पाकिस्तान को विश्व बैंक की ओर से दी जाने वाली वित्तीय सहायता की समीक्षा पर भी आपत्ति जताएगा। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार एफएटीएफ में इस बात पर विचार कर रही है कि पड़ोसी देश को आतंकवादी गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता देने वाले वित्तीय प्रवाह पर अंकुश लगाया जाए। भारत को कश्मीर में अवैध धन प्रवाह कम करने में मदद मिली, पाकिस्तान को जून 2018 में 'ग्रे लिस्ट' में डाल दिया गया था, और अक्टूबर 2022 में इसे हटाए जाने तक बढ़ी हुई निगरानी卐 का सामना करना पड़ा। इस सूची में होने से एफडीआई और पूंजी प्रवाह पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, क्योंकि व्यवसायों को अधिक परिश्रम करना पड़ता है। सरकारी अधिकारियों ने पहले कहा था कि इससे पाकिस्तान से भारत में, खासकर जम्मू-कश्मीर में अवैध धन प्रवाह को कम करने में मदद मिली है। भारत ने इस महीने की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की बोर्ड बैठक में पाकिस्तान के लिए जुलाई 2024 से शुरू होने वाले 7 अरब डॉलर के सहायता पैकेज के तहत धनराशि जारी करने पर आपत्ति जताई थी, जिसमें पड़ोसी देश द्वारा नापाक गतिविधियों और आतंकवादी हमलों के लिए धन का दुरुपयोग करने का हवाला दिया गया था।जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के लिए 'ग्रे लिस्ट' का दर्जा मांगने के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू करने के लिए भारत को एफएटीएफ के अन्य सदस्य देशों के समर्थन की आवश्यकता होगी। दरअसल प्लेनरी एफएटीएफ का निर्णय लेने वाला निकाय है, जो साल में तीन बार, आमतौर पर फरवरी, जून और अक्टूबर में मिलता है। गौरतलब है कि एफएटीएफ के 40 सदस्य हैं, और 200 से ज़्यादा अधिकार क्षेत्र एफएटीएफ -शैली क्षेत्रीय निकायों के ज़रिए एफएटीएफ की सिफ़ारिशों के लिए प्रतिबद्ध हैं। पाकिस्तान एफएटीएफ का सदस्य नहीं है,बल्कि एशिया पैसिफिक ग्रुप ऑन मनी लॉन्ड्रिंग (एपीजी) का सदस्य है, जो एफएटीएफ -शैली का सबसे बड़ा क्षेत्रीय निकाय है। भारत एपीजी के साथ-साथ एफएटीएफ का भी सदस्य है।भारत का यह कदम एक रणनीतिक व कूटनीतिक दबावविश्लेषकों का कहना है कि भारत का यह कदम एक रणनीतिक व कूटनीतिक दबाव है, जिसका उद्देश्य आतंकवाद के वित्तीय स्रोतों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उजागर करना है। पाकिस्तान पहले ही आर्थिक मंदी और विदेशी कर्ज संकट से जूझ रहा है-ऐसे में एफएटीएफ की निगरानी दोबारा शुरू होना उसकी अंतरराष्ट्रीय छवि और निवेशकों के भरोसे को और नुकसान पहुंचा सकता है।एफएटीएफ की अगली प्लेनरी मीटिंग जून 2025 में होने वाली है। भारत पाकिस्तान के खिलाफ अन्य सदस्य देशों से समर्थन जुटाने के लिए सक्रिय रूप से लॉबिंग कर रहा है। अगर पर्याप्त समर्थन मिला, तो पाकिस्तान को फिर से निगरानी सूची में डाला जा सकता है, जिससे उस पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ेगा।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ वित्तीय व कूटनीतिक दबाव बढ़ाया- आईएमएफ,एपीजी,7 प्रतिनिधि मंडल के बाद अब 25 जून 2025 की एफएटीएफ मीटिंग पर लाबिंग आतंकवादी संगठनों की टेररफंडिंग रुकेगी तो आतंकवाद का अंत निश्चित है।भारत का उद्देश्य आतंकवाद के वित्तीय स्रोतों को अंतरराष्ट्रीय स्तरपर उजगार कर टेरर फंडिंग को रोकना है।

**यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है**

**- किशन सनमुखदास भावनानीं**

# किशोरों की नसों में जहर भरता तंबाकू उद्योग

पिछले कई दशकों में तंबाकू उत्पादों को लेकर दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों के आधार पर सर्वविदित तथ्य यही है कि धूम्रपान करना अथवा किसी भी रूप में तंबाकू का सेवन हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास किशोरवय बच्चों को भी धूम्रपान करते या अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन करते देखते हैं तो स्थिति काफी चिंताजनक प्रतीत होती है। दरअसल ऐसे किशोरों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान अथवा तंबाकू उत्पादों के सेवन से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। तमाम वैज्ञानिक शोध यह प्रमाणित कर चुके हैं कि धूम्रपान अथवा तंबाकू उत्पादों के सेवन करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान सहित तमाम तंबाकू उत्पाद ऐसा धीमा जहर हैं, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटते हैं। ये शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देते है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनते हैं।

लोगों को तंबाकू को छोड़ने और इसे कभी हाथ नहीं लगाने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से ही प्रतिवर्ष विश्वभर में 31 मई को 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य तम्बाकू सेवन के व्यापक प्रसार और नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करना है, जो दुनियाभर में प्रतिवर्ष लाखों मौतों का कारण बनता है। इस वर्ष विश्व तंबाकू निषेध दिवस 'अपील का पर्दाफाश- तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति को उजागर करना' थीम के साथ मनाया जा रहा है। यह थीम निर्धारित करते समय तंबाकू उद्योग द्वारा युवाओं को टारगेट करते हुए बनाए गए मार्केटिंग के तरीकों की चिंता ब ?ने वाली प्रवृत्ति की ओर खास ध्यान दिया गया है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार सोशल मीडिया और लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म इत्यादि के जरिये दुनियाभर में युवा तेजी से तंबाकू उत्पादों के आकर्षण और संपर्क में आ रहे हैं, जो उनके स्वास्थ्य और समाज कल्याण के लिए एक बढ़ा खतरा है। दुनियाभर के सर्वेक्षण लगातार दिखा रहे हैं कि अधिकांश देशों में 13-15 वर्ष की आयु के बच्चे तंबाकू और निकोटीन उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

वैसे तो हुक्का, गुटखा, खैनी, जर्दा इत्यादि तमाम तंबाकू उत्पाद स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं लेकिन इसका सबसे हानिकारक रूप है धूम्रपान, जो हर साल लाखों लोगों की मौत का कारण बनता है। धूम्रपान करने वालों द्वारा सालभर में सात हजार करोड़ से ज्यादा सिगरेटें फूंक दी जाती हैं। हर साल फूंकी जाने वाली इन्हीं सिगरेटों के धुएं से वातावरण भी कितना प्रदूषित होता है, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि इस खतरनाक धुएं से करीब 50 टन तांबा, 15 टन शीशा, 11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में घुलते हैं। हालांकि सिगरेटें महंगी होने के कारण भारत में बीड़ी का प्रचलन निम्न तथा मध्यमवर्गीय तबके में ज्यादा है और ऐसा अनुमान है कि देश में प्रतिवर्ष सौ अरब रुपये मूल्य से भी अधिक की बीड़ियों का सेवन किया जाता है। एक सरकारी अध्ययन के मुताबिक तम्बाकू सेवन से होने वाली बीमारियों के इलाज पर सालभर में करीब 1.04 लाख करोड़ रुपये खर्च हो जाते हैं। तीन दशक पूर्व प्रकाशित अपनी पुरस्कृत पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में मैंने विस्तार से यह बताया है कि धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है।

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण 2019 में 77 लाख लोगों की मौत हुई, जिनमें से 17 लाख मौतें इस्केमिक हार्ट डिजीज के कारण, 16 लाख सीपीओडी के कारण, 13 लाख ट्रैकियल, ब्रोंकस और फेफड़ों के कैंसर से तथा 10 लाख स्ट्रोक के कारण हुई। रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरूष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरूषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी, डायबिटीज इत्यादि बीमारियों में भी धूम्रपान काफी खतरनाक हो सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को धूम्रपान से बचना चाहिए।

बहरहाल, धूम्रपान छोड़ने के फायदों के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ बीस मिनट के अंदर उच्च रक्तचाप में गिरावट आती है तथा बारह घंटे के बाद रक्त में कार्बन मोनोक्साइड के विषैले कणों का स्तर सामान्य हो जाता है। दो से बारह सप्ताह में फेफड़ों की कार्यक्षमता में तेजी से वृद्धि होती है तथा एक से नौ माह में खांसी तथा श्वसन संबंधी समस्याएं कम हो जाती हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक मनुष्य के फेफड़ों में जादुई क्षमता होती है, जो धूम्रपान से होने वाले कुछ नुकसान को स्वयं ठीक कर देती है और जो व्यक्ति धूम्रपान छोड़ देते हैं, उनकी चालीस फीसदी कोशिकाएं ऐसे लोगों की तरह ही हो जाती हैं, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया।

**यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है**

**-योगेश कुमार गोयल**

# इन्दौर बाजार भाव

**इन्दौर।** सामान्य कारोबार के बीच शुक्रवार को खाद्य तेलों में मजबूती रही। तिलहनों में सोयाबीन मजबूत रहा। दलहनों में चने में सुस्ती दर्ज हुई। किराना जिंसों में बाजार कमजोवेश बने रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में व्यापार की मात्रा सामान्य ही रही, किन्तु बाजार मजबूती के देखे गये। तिलहनों में सोयाबीन 4350 रू. प्रति क्विंटल पर मजबूत रहा। दलहनों में चना 6000-6050 रू. प्रति क्विंटल पर बना रहा। मसूर में भी अच्छे माल 50 रू. प्रति क्विंटल बड़ाकर बोले गये। किराना बाजार में कारोबारी सुस्ती रही। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना**- शक्कर 4140-4170, खोपरा गोला 225-270, खोपरा बूरा 4000-6100 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 275-283, मीडियम 287-292, बेस्ट 300-310, ऊंझा हल्का 268-285, बेस्ट 295-310, हल्दी निजामाबाद 180-220, सांगली 250-270, साबूदाना हल्का 6000-6100, मीडियम 6200-6300, बेस्ट 6300-6500, ग्लास 6700, वरलक्ष्मी 5350, सौंफ मोटी 95-120, बेस्ट 280-315, एस्ट्रा बेस्ट 320-350, सौंफ बारिक 280-290, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 770-800, गरबल 740-750, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 1150-1250, क्लीन 1300-1350, दालचीनी 250-265, जायफल 725-750, बेस्ट 780-790, वाद्यान फूल 440-495, शाहजीरा 385, तेजपान 90-95, पत्थर फूल 340-425, बेस्ट 475-500, जावत्री 1675-1750, बेस्ट 1850-1890, केसर 175-185, सौंठ 375-400, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 765-775, बेस्ट 800-810, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 750-775, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 2700-2800, मीडियम 2900-3050, बोल्ड 3100-3400, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3700, पानबार 2450, बड़ी इलायची 1450-1825, तरबूज मगज 480-500, काजू (240) 900-950, काजू (210) 950-1000, काजू (320) 870-900, काजू एस. डब्ल्यू 800-810, जे.एच. 830-860, टुकड़ी 750-800, बादाम मगज 870-925, सिंगापुरी 795-815, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1550-1650, बेस्ट 1700, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 1100-1625, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2500-2550, (160) 2800-2850, (200) 3100-3150, (250) 3200-3250

**तेल**- सींगदाना 1380-1390, मुम्बई 1390, राजकोट तेलिया 2185-2200, सोया साल्वेंट 1140-1150, सोया रिफाइंड 1205-1210, कपास्या 1235, धूलिया 1230, कड़ी 1235,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1350-1355, मुम्बई पाम 1190, मुम्बई सोया 1260,

**खली**- कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2200, देवास-उज्जैन 2200, खंडवा-बुरहानपुर 2175, अकोला 2990 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन**- सरसो 6400-6600, रायडा 5600, सोयाबीन 4350, टोली (महुआ बीज) 4000-4200, करंज 4000-4200, अलसी 7500-7600, अरंडी 4500-4700,

**दलहन**- चना कांटेवाला बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5800-5900, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 6100-6150, एवरेज 6000-6100, मूंग देशी 7200-7300, पाला 7300-7400, चमकी 7400-7500, नायलोन 7600-7700, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6500-6600, हल्की 6400-6500, तुअर महाराष्ट्र 6900-7000, उड़द बेस्ट 8500-8600, एवरेज 8300-8400, शंकर 7900-8000, हल्की 7300-7500,

**दाल**- चना दाल एवरेज 8000-8200, बेस्ट 8300-8500, तुअर दाल सवा नं. 8300-8400, तुअर दाल फूल 9500-9700, तुअर दाल बोल्ड 11700-11800, मसूर दाल एवरेज 7400-7550, बेस्ट 7600-7750, मूंग दाल 9500-9600, बोल्ड 9800-10000, मूंग मोगर 10400-10500, बोल्ड 10600-10800, उड़द दाल 10600-10700, बोल्ड 10800-10900, मोगर 10900-11000, बोल्ड 11200-11400,

**अनाज**- गेहूं मिल क्वालिटी 2400-2500, लोकवन 2700-2650, बेस्ट 2750-2800, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2800-2900, पूर्णा 2900-3000, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2350-2400,

**चावल**- चावल हंसा सफेद 2900-3050, सेला 3400-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4000-4800, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8900, बासमती दुबार 8000-8500, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-6500, तिबार 9000-10000, बासमती (921) 10500-11500, बासमती सेला 6500-9000, पोहा 4500-5100,

**मावा**- इन्दौर 340, उज्जैन 280, रतलाम 270 रू. प्रति किलो।

# इन्दौर सराफा बाजार

**इन्दौर।** शुक्रवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार कमजोवेश ठंडा-ठंडा ही रहा। दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार नरमी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 97500, चॉंदी (99) 97400, टंच 96800, सिक्का 1000, सोना 10 ग्राम 96400,

# रुपया गिरावट पर बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ ही 85.56 पर बंद हुआ। आज सुबह कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और विदेशी पूंजी प्रवाह जारी रहने से रुपया शुरुआती कारोबार में 19 पैसे मजबूत होकर 85.29 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.35 प्रति डॉलर पर खुला। फिर शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 85.29 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 19 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.48 पर बंद हुआ। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.16 फीसद की बढ़त के साथ 99.36 पर रहा।

# आज का राशिफल



**मेष**- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपकी कला व कौशल में सुधार आएगा। राजनीति में कार्यरत लोगों को उनके कामों से एक नई पहचान मिलेगी। आपकी जीवनसाथी से खटपट होने की संभावना है। आपको अपने सहयोगियों से मन की बात कहने का मौका मिलेगा। आपकी कोई गलती परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने आवश्यक कामों पर पूरा ध्यान दें। जो लोग विदेश जाने की योजना बना रहे हैं, उनकी वह इच्छा पूरी हो सकती है। लेकिन आपकी संतान के मन में किसी बात को लेकर संशय बना रहेगा, जिसके लिए भी आप सलाह ले सकते हैं। आपको अपने किसी लेनदेन से संबंधित मामले में आंख व कान खुले रखने होंगे।

**मिथुन**- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने पारिवारिक मामलों को घर में निपटाना ही बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपने सहकारियों का पूरा साथ मिलेगा, लेकिन आपको अपने किसी सहयोगी से नोकझोंक होने की संभावना है। आप अपने खर्चों को नियंत्रण में करने की कोशिश करें। वाहन की खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपने कामों को कल पर टालने से बचना होगा। आपको यदि कोई सेहत संबंधित समस्या चल रही है, तो आप उसे नजर अंदाज बिल्कुल न करें और उसके लिए किसी अच्छे डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें, तो आप अपने कामों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे। आपकी पद व प्रतिष्ठा बढ़ने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको एक के बाद एक शुभ सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। आपको किसी काम को लेकर कोई जोखिम उठाने से बचना होगा। धर्म-कर्म के कार्यों में आपकी खूब रुचि रहेगी। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकती है। आपका जल्दबाजी में लिया गया निर्णय बाद में आपके लिए टेंशन बन सकता है।

**कन्या**- आज आपको कुछ अपरिचित लोगों से दूरी बनाए रखनी होंगी और आप अपने डेली रूटीन में कोई बदलाव न करें। आपको अपने कामों को लेकर अनुशासन से चलने की आवश्यकता है। प्रेम व सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपको कार्यक्षेत्र में टीमवर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। आपको कुछ अपरिचित लोगों से दूरी बनाकर रखने की आवश्यकता है। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलता दिख रहा है। आप किसी से कोई वादा बहुत ही सोच समझकर करें।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। व्यवसाय में आप अपने कामों पर पूरी निगरानी बनाकर रखें और किसी दूसरे पर अपने काम ना छोड़े। छोटे बच्चों के लिए आप कोई चीज लेकर आ सकते हैं। आपकी नेतृत्व क्षमता को बल मिलेगा और पैतृक संपत्ति को लेकर यदि कोई विवाद लंबे समय से चल रहा था, तो वह भी दूर हो सकता है। आपको आपका डूबा हुआ धन मिल सकता है।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए आवश्यक कामों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। निजी मामलों को आप धैर्य रखकर निपटाएं। आपको किसी लक्ष्य को पकड़ कर चलने की आवश्यकता है और आप अपने आत्मविश्वास को मजबूत करके चले। परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम की तैयारी हो सकती हैं। आपको अपने बॉस से कोई भी बात सोच समझ कर बोलनी होगी। आपको लेनदेन से संबंधित मामलों में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर यदि लंबे समय से परेशान थे, तो वह भी पूरा हो सकता है। आपको अपने पिताजी की सेहत के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। आप अपने धन की किसी योजना में धन लगा सकते हैं। आपको अपने किसी परिजन की ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपके घर में ऊर्जा बनी रहने से आप काफी खुश रहेंगे। आपको किसी संपत्ति का सौदा ध्यान देकर करना होगा। यदि आपने ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से धन उधार लिया था, तो बाद में इससे आपके आपसी रिश्ते खराब हो सकते हैं। रक्त संबंधी रिश्तों में मजबूती आएगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी के साथ रोमानी दिन व्यतीत करेंगे।

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए आलस्य को त्याग कर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आप अपने व्यापार में कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। आपको संतान के मन में चल रही उलझनो को जानने की कोशिश करनी होगी। आप किसी महत्वपूर्ण चर्चा में सम्मिलित हो सकते हैं। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। जीवन साथी से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपके घर किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी हो सकती हैं। वाणी व व्यवहार में भी आकर्षक बना रहेगा, जिससे आपके कुछ नए मित्र भी बन सकते हैं। आपकी साख व सम्मान में वृद्धि होगी और पुण्य कार्यों में आप बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है।

## शब्दजाल - 7915

*शब्द जाल में स्मिता पाटिल की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| हा | द | सा | ला | प | र | तू | ग | झ | क | नि |
| ग | ल | च | ह | रिं | मं | डी | दि | शा | को | शां |
| इ | पु | म | र | दा | ल | ग | र | ला | ल | त |
| कु | दा | रु | धा | ण | क | प | म | श | र | म |
| आ | श | न्न | ष | क | दा | री | ग | न | ता | द |
| रं | क्रो | प | व | गा | र्त | स | ती | प | ह | ती |
| गा | ल | श | अं | प | म | प | चो | ला | व | क |
| बा | अ | र्थ | ला | क | छ | श | न | र | जू | क |
| स | थो | तें | व | च | ज | द | क्ति | जू | नी | द |
| र | ल | प | ति | रं | ऋ | ऐ | बें | न | रु | थे |
| ड | स | न | म | क | ह | रा | म | प | क | र |

हादसा, मंडी, चक्र, आक्रोश, निशांत, गमन, नमक हराम, चरणदास चोर, शक्ति, अर्थ

### शब्दजाल - 7914 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शा | न | मे | रि | का | पा | तू | फा | रू | ही | क |
| न | ख | क | ह | इं | डे | ने | त | या | ड़ | क |
| अ | दा | जा | ला | ल | ग | स | जु | ह | प | का |
| आ | ग | ल | पा | ब | औ | स | बा | ह | लि | ल |
| वा | ना | हे | न | य | ज | र | कि | या | प | का |
| रा | इ | इ | थ | व | प | वा | बं | ह | यु | बां |
| जि | जी | ल | ह | क | प | रि | न | दू | प | ग |
| द | रि | भा | र | त | झी | स | रा | ल | क | ला |
| गी | या | स | ज | मी | न | आ | स | मा | न | दे |
| प | बे | प | ना | ह | सिं | ब | स | अ | प | श |
| या | स | ए | क | ही | भू | ल | त्ता | प | क | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6859



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
३. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
४. गीफा अवार्ड्स में किस को फिल्म 'रंग दे बसंती' के लिये सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का पुरस्कार मिला था-४
५. ओमपुरी, शबाना आजमी, माधुरी की सुधीर मिश्रा निर्देशित फिल्म-३
८. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीना राय की १९९२ की एक फिल्म-४
१०. जिमी, उदय चोपड़ा, इरफान, नम्रता की 'राहें लहरा के हम से' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'रंग और नूर की बारात किसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना की फिल्म-३
१४. मिथुन, सारिका की 'साथी है हम जनमों के' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली रंजन, चित्रा जयश्री की फिल्म-३
१७. मिथुन, चंकी, ऋतुपर्णा, सोमी की 'जब मैंने तेरा' गीत वाली फिल्म-३,२
१९. फिल्म 'बंदिवी' की नायिका कौन थी-३
२१. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की 'बेईमान पिया रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिरोज खान, मुमताज की फिल्म-४
२३. विनोद खन्ना, आमिर, सैफ, अश्विनी भावे, रवीना, नीलम की 'हम बंजारे दिल नहीं देते' गीत वाली फिल्म-४
२६. जितेन निर्देशित मिथुन चक्रवर्ती, राखी, नीता मेहता की १९८६ की एक फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, संजीवकुमार, सचिन, हेमा, राखी, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
३. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
७. 'नीले गगन के तले' गीत वाली सुनील दत्त, मुमताज की फिल्म-४
९. 'जुबलीकुमार' राजेंद्रकुमार की पहली फिल्म जिसकी नायिका गीता बाली थी-३
११. अशोककुमार, नादिरा की 'काहे जादू किया मुझको' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुपर हिट फिल्म 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम क्या था-२
१५. कुमार गौरव, शरनाज की 'जिंदगी कब तुम को' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'आजा आजा मैं हूँ प्यार' गीत वाली शम्मीकपूर, आशा की फिल्म-३,३
१८. सतीश कौल, सरिता की बी. आर. इशारा निर्देशित १९७४ की एक फिल्म-३
१९. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम का फिल्म-२
२०. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या कर दिया' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'दुनिया में कितना' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
२४. मनोज बाजपेयी, उर्मिला की जोड़ी वाली रामगोपाल वर्मा की एक फिल्म-२
२५. 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली महीपाल, संध्या की फिल्म-४
२६. विनोद मेहरा, मौसमी की 'तेरे नैनों के मैं दीप' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'हम' में नायिका किमी काटकर के किरदार का नाम क्या था-२
२८. बलराज साहनी, लीला की 'हाये रे वो दिन क्यूं ना' गीत वाली फिल्म-४

### फिल्म वर्ग पहेली- 6858

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | र | दे | स | | शा | ली | मा | र | |
| हे | | व | र | दा | न | | सु | | ही |
| ली | ड | र | | न | | ओ | म | का | श |
| | र | | शि | व | श | म | | पों | |
| जु | | दा | वा | | ज | | फ | रे | ब |
| बै | श | ग | | चा | ह | त | | ट | |
| दा | | | शि | | ठ | | दा | | अ |
| | स | त्य | का | म | | श | मा | | न |
| दौ | ड़ | | र | जा | मु | श | द | | क |
| | क | र्ज | | ल | | बी | | जू | ही |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**31 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 06.17 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | कर्क | 08.31 बजे से |
| मंगल | कर्क में | सिंह | 10.47 बजे से |
| बुध | वृष में | कन्या | 12.59 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | तुला | 15.09 बजे से |
| शुक्र | मीन में | वृश्चिक | 17.24 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 19.40 बजे से |
| राहु | मीन में | मकर | 21.45 बजे से |
| केतु | कन्या में | कुंभ | 23.32 बजे से |
| | | मीन | 01.04 बजे से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | मेष | 02.35 बजे से |
| | | वृष | 04.15 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 151 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पंचमी 20.16 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुष्य 21.08 बजे को समाप्त।
**योग** वृद्धि 10.43 बजे को समाप्त।
**करण** बव 08.43 बजे तदनन्तर बालव 20.16 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 03.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 55'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872361
**जूलियन दिन** 2460826.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 03
**विशेष** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 | से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 | से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 | से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 | से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 | से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 | से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 | से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 | से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 | से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 | से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 | से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 | से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 | से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 | से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 | से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः संगीत की ताकत

एक बार अकबर ने तानसेन के गुरु का संगीत सुनने की इच्छा प्रकट की। तानसेन बोले, 'मेरे गुरु संत हरिदास न तो किसी के बुलाने से आते हैं और न किसी के कहने से गाते हैं। वह तो प्रभु का स्मरण करते हुए तान छेड़ते हैं।' यह सुनकर अकबर की उत्सुकता और बढ़ गई। हारकर तानसेन को उन्हें अपने गुरु के आश्रम वृंदावन ले जाना पड़ा। आश्रम पहुंचकर उन्होंने बादशाह को कुटिया के बाहर ही खड़ा रहने का इशारा किया और स्वयं अंदर पहुंचकर एक राग को जानबूझ कर गलत गाने लगे। तभी हरिदास ने उन्हें टोका और खुद तानपूरा लेकर उसे सही ढंग से गाने लगे। बाहर खड़े बादशाह गुरु हरिदास की मीठी आवाज सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए। बाद में लौटकर जब अकबर ने तानसेन को सुना तो उन्हें निराशा हुई। गुरु हरिदास की तुलना में उन्हें तानसेन का गायन फीका लगा। उसके बाद से उन्हें तानसेन के गायन में हमेशा कमी नजर आने लगी। एक दिन उन्होंने तानसेन से कहा, 'क्या बात है तानसेन? मुझे तुम्हारे गायन में अब वह रस नहीं मिलता जो पहले मिलता था। जबकि तुम्हारे गुरु का गायन सुनकर मैं आनंदविभोर हो गया था। आखिर दोनों में क्या फर्क है?' बादशाह की बात पर तानसेन बोले, 'हुजूर, मैं गाता हूं हिंदुस्तान के बादशाह को खुश करने के लिए, जबकि मेरे गुरु गाते हैं परमात्मा को खुश करने के लिए। इसलिए उनके दिल से निकले स्वर हर किसी की आत्मा को झंकृत करने की क्षमता रखते हैं।'

## सूडोकू नवताल- 7168

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल -7167 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## शब्द पहेली - 8383



**बाएँ से दाएँ**

1. आदत, स्वभाव-4
4. सुरक्षित-4
7. जरुरतमंद-5
9. भीगा हुआ-2
11. मक्का-मदीना की यात्रा-2
12. सोना, धतुरा-3
14. धक्का देना-4
15. खानाबदोश, बंजारा-4
16. अंधेरा, अंधकार-3
18. खामी, बुरी आदत-2
19. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा, करामात-4
26. महीन व मंहगे कपड़े का एक प्रकार -4

**ऊपर से नीचे**

1. अंग्रेज, विदेशी-3
2. लीन, मगन-2
3. पैंदा, तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक, लेस-2
6. तहजीब, सलीका-3
8. देह, काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी -5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान, आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र, चिट्ठी-2
22. होठ, अधर-2
23. मृत्यु देवता, यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

### शब्द पहेली -8382 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | ल | ब | | ट | म | ट | म |
| प | | | द | स्त | क | | | हा |
| र | | ना | नी | | ला | श | | ज |
| ख | ल | ना | य | क | | ब | त | न |
| | ल | | त | | ना | | री | |
| म | ना | ही | | ह | क | ब | का | ना |
| हा | | ना | क | | क | ल | | यि |
| व | | | स | पा | ट | | | का |
| त | ब | वा | र | | ना | ह | क | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुम्बई। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद आज 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 182.01 अंक (0.22फीसदी) की गिरावट के साथ 81,451.01 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 82.90 अंक तकरीबन 0.33 फीसदी टूटकर 24,750.70 अंकों पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। आज सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 5 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ ऊपर आकर हरे निशान पर बंद हुए और बाकी की सभी 25 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ नीच आये और लाल निशान पर हुए। वहीं दूसरी ओर, आज निफ्टी 50 की 50 में से सिर्फ 7 कंपनियों के शेयर तेजी के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 42 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एटरनल (जोमेटो) के शेयर सबसे ज्यादा 4.95 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि एचसीएल टेक के शेयर सबसे ज्यादा 1.95 फीसदी की गिरावट रही। इनके अलावा, आज भारतीय स्टेट बैंक के शेयर 1.98 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.68 फीसदी, लार्सन एंड टुब्रो 0.64 फीसदी और बजाज फिनसर्व के शेयर 0.01 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं दूसरी तरफ, टेक महिंद्रा के शेयर 1.73 फीसदी, इंफोसिस 1.54 फीसदी, एशियन पेंट्स 1.53 फीसदी, एनटीपीसी 1.53 फीसदी, सनफार्मा 1.40 फीसदी, नेस्ले इंडिया 1.29 फीसदी, टाटा स्टील 1.29 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.24 फीसदी, पावरग्रिड 1.14 फीसदी नीचे आकर बंद हुए। इनके अलावा आज टाइटन, टाटा मोटर्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी, बजाज फाइनेंस, अडाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक, आईटीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी गिरे। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुले। अमेरिका की अपीलीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए सबसे बड़े टैरिफ को अस्थायी रूप से फिर से लागू कर दिया है। इससे आईटी स्टॉक्स में गिरावट देखने को मिला और बाजार नीचे की तरफ फिसल गया। वहीं एशियाई एशियाई बाजारों में गिरावट आई। धीमी होती अमेरिकी अर्थव्यवस्था, लगातार मुद्रास्फीति की आशंका और अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के रेसिप्रोकल' टैरिफ को लेकर कानूनी अनिश्चितता ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया है।




# पहले बैंकों की ब्याज दरें जानें फिर करें एफडी

नई दिल्ली। एक फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) में निवेश करना एक सुरक्षित और आसान तरीका है अपने पैसे को बढ़ाने का। लेकिन अगर आप इसे सरकारी बैंक या निजी बैंक में करना चाहते हैं, तो यह जानकारी बहुत महत्वपूर्ण है। यहां देश के कुछ प्रमुख बैंकों की एफडी ब्याज दरों की जानकारी दी गई है। सरकारी बैंकों में एसबीआई, पीएनबी, यूनियन बैंक आफ इंडिया, बैंक आफ बड़ौदा और बैंके आफ इंडिया जैसे बैंकों में एफडी करने पर आपको 2 लाख रुपये के निवेश पर मैच्योरिटी पर 6.5 से 6.8 फीसदी की ब्याज दर पर एक अच्छी रिटर्न मिल सकता है। वहीं निजी बैंकों में एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, एक्सिस, फेडरल और आईडीबीआई जैसे बैंकों में एफडी करने पर भी आपको 6.70 से 6.85 फीसदी तक की ब्याज दर पर अच्छा रिटर्न मिल सकता है। निवेश का निर्णय लेने से पहले आपको बैंकों की विभिन्न प्रस्तावित योजनाओं और शर्तों की जांच करनी चाहिए। इसके साथ ही आपको अपने निवेश के लक्ष्य, आवश्यकताएं, और वित्तीय स्थिति को भी ध्यान में रखना चाहिए। यह सुनिश्चित करेगा कि आप एक सही निवेश निर्णय लेते हैं और अपने पैसे को सुरक्षित रखते हैं।




# भारत में बनी सेमीकंडक्टर चिप इस साल बाजार में आएगी- केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली। केंद्रीय आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि पहली मेड इन इंडिया 28-90 एनएम की सेमीकंडक्टर चिप इस साल बाजार में लॉन्च होगी। उन्होंने सीआईआई एनुअल बिजनेस समिट में बताया कि भारत में सेमीकंडक्टर प्लांट्स का निर्माण हो रहा है और इस चिप का उपयोग ऑटोमोटिव, दूरसंचार, बिजली और ट्रेनों में किया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने देश में मॉडलों के विकास के लिए राष्ट्रीय समृद्धि को बढ़ाने के लिए भारतीय संस्कृति, भाषाओं और सामाजिक मानदंडों पर एआई के योगदान को महत्व दिया। जिससे भारत को उद्योग और क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाने में सहायक हो सकता है। रेल मंत्रालय के कार्यभार संभालने वाले वैष्णव ने भी बताया कि मालवाहक और यात्री वहन क्षमता में वृद्धि हुई है, जिससे भारत ने विश्व में एक महत्वपूर्ण स्थान हासिल किया है। इस विकास के साथ भारत का नाम विश्व में उच्च स्थान पर ऊंचा किया गया है। नए और नवाचारी चिप्स के लॉन्च से देश के आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में नए दिशानिर्देश बने हैं और भारतीय उद्योग को विश्वस्तरीय मानकों पर पहुंचाने के लिए तैयारी में है। आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स के रेल मंत्रालय का कार्यभार संभालने वाले वैष्णव ने कहा हमने 1,612 मिलियन टन माल की ढुलाई के साथ अमेरिका और रूस को पीछे छोड़ते हुए दुनिया में दूसरे सबसे बड़े मालवाहक रेलवे बनने की बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हमारी यात्री वहन क्षमता में भी काफी वृद्धि हुई है। हम उस स्तर पर पहुंच गए हैं जहां सपने पूरे हो रहे हैं और लक्ष्य हासिल किए जा रहे हैं। हम रेलवे में एक स्थिर दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और अधिक उद्योगों को इसमें शामिल होना चाहिए।

# जनपद के जीर्ण-शीर्ण कमरों का होगा पुनः निर्माण

## जनपद पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के बीच हुई बैठक





लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी बस स्टैण्ड स्थित सराय कॉम्प्लेक्स के पुनः निर्माण को लेकर लंबे समय से मांग की जा रही है कि कॉम्प्लेक्स कमरे जीर्ण शिर्ण अवस्थाओं में आ चुके जिन्हे पुनः निर्माण की अतिआवश्यकता है। जिसको लेकर 30 मई को जनपद पंचायत लांजी के सभा गृह में जनपद पदाधिकारियों एवं व्यापारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष अर्चना खोंगल, उपाध्यक्ष अजय अवसरे, सभापति दिनेश लाड़े, रेवाजी करहाटकर, टूमनलाल घोरमारे, युवराज पटले, विधायक प्रतिनिधि सोहन उपराडे, सीईओ रामगोपाल यादव सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा हुई जिनमें कमरा 2 से कमरा नंबर 35 तक तीन कार्य एजेंसियों के माध्यम से निर्माण कार्य कराया जाना है जिसमें लगभग 70 लाख रूपये की राशि व्यय होना अनुमानित है। व्यापारियों की सुविधा की दृष्टि से पेयजल एवं स्वच्छता परिसर बनाये जाने का निर्णय लिया गया है। व्यापारियों से तीन किश्तों की राशि ली जायेगी वहीं किराये का निर्धारण वर्तमान शर्तो के आधार पर लागू होगा। बैठक में व्यापारियों से सहमति ली गई जिसका सभी व्यापारियों के द्वारा समर्थन किया गया। कमरे का साईज भी निर्धारित किया गया है जो 10 बाई 15 रहेगा। इसी बैठक में समिति के द्वारा कुछ अन्य निर्णय भी लिये गये है जिनमें सिविल न्यायालय के मांग अनुसार दिव्यांग जनों हेतु स्वच्छता परिसर निर्माण के लिये स्थल की मांग कि गई। जिसमें समिति के द्वारा सिविल न्यायालय परिसर के पीछे स्थान प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त वित्तिय वर्ष 2025-26 के बजट पर भी चर्चा की गई जिसमें 1 करोड़ 94 लाख रूपये का बजट जनपद पंचायत समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा जनपद पंचायत के आय व्यय, मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह सहित वर्ष भर में आयोजित कार्यक्रमों के व्यय पर भी चर्चाये हुई। वहीं अन्य विषयो पर भी बैठक में चर्चाऐ कर निर्णय लिये गये।

# महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी पद्मावती परते को सेवा निवृत्ति पर दी बिदाई

लांजी (पद्मेश न्यूज)। महिला बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी लांजी श्रीमती पद्मावती परते को अपनी अधिवार्षिकी आयु 31 मई को पूर्ण कर सेवा निवृत्त हो रही है। इसके पूर्व 30 मई को महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय लांजी में सभी पर्यवेक्षक की उपस्थिति में बिदाई समारोह आयोजित कर बिदाई दी गई। इसके उपरांत बालाघाट मार्ग स्थित एफएण्डडी रेस्टारेंट में बिदाई समारोह आयोजित किया गया। जहां श्रीमती पद्मावती परते अपने परिवार के साथ उपस्थित रही। यहां सर्वप्रथम खुशबू महिला मंडल की अध्यक्ष हाफिजा मिर्जा व श्रीमती दुर्गा रामटेककर ने श्रीमती पद्मावती परते व उनके पति व बच्चों को को बुके देकर कर स्वागत किया तथा उपहार भेंट दी गई। इस दौरान यहां उपस्थित पर्यवेक्षक श्रीमती लता शर्मा, यशोदा उईके, सपना मेश्राम, सुनीता उके, सुषमा फूलसुघे, वसुंधरा घरडे, छबीला मेश्राम, रेखा सोनवाने, ब्लॉक समन्वयक मनीषा सोनवाने व कार्यालयीन कर्मचारी देवेन्द्र मर्सकोले उपस्थित रहे। सभी पर्यवेक्षको के द्वारा भी बारी-बारी से बुके भेंट कर स्वागत किया एवं उपहार भेंट किया।इस अवसर पर सभी पर्यवेक्षको ने श्रीमती परते के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके दीर्घायु की कामना की। श्रीमती परते ने जानकारी में बताया कि उनकी प्रथम नियुक्ति बस्तर जिले के बीजापुर में महिला बाल विकास विस्तार अधिकारी के रूप में अप्रैल 1988 को हुई। इसके बाद वे ब्यौहारी शहडोल, नैनपुर में पदस्थ रही। वर्ष 2015 में परियोजना अधिकारी के पद पर प्रमोशन हुआ तथा मार्च 2019 को स्थानांतरित होकर लांजी आई जो कि 31 मई 2025 को 62 वर्ष की आयु में सेवा निवृत्त हुई।






# लांजी, भानेगाँव, बहेला, साडरा, में नि:शुल्क नेत्र शिविर जांच शिविर सम्पन्न

## मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु 25 लोग हुए चयनित

लांजी (पद्मेश न्यूज)। महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा प्रतिमाह नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में 30 मई को नगर मुख्यालय लांजी में और ग्राम मुख्यालय भानेगाव, बहेला, साडरा सभी स्थानों पर नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया, यहां प्रशिक्षित डॉक्टर कर्मवीर सिंह एवं सहयोगी अरशद खान, इंद्रकुमार राजा भुते के द्वारा शिविर सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 25 लोग चयनित हुए। महावीर इंटरनेशनल अपेक्स के डिप्टी डायरेक्टर एवं चेयरमैन लांजी विशाल राउत खोंगल ने बताया कि अब नागरिकों को परेशान होने की जरूरत नहीं, प्रतिमाह 29 और 30 तारीख को इन सभी स्थानों पर शिविर सम्पन्न कराया जा रहा है।



# बिजली उपभोक्ताओं को मिलेंगी बेहतर सेवाएं, अतिरिक्त एफओसी का गठन

## 24 घंटे/सातों दिवस, तीन शिफ्ट में एफओसी टीम करेगी उपभोक्ताओं की समस्याओं का निदान

भोपाल। आंधी-बारिश या आए तूफान अब कैसी भी परिस्थिति हो उपभोक्ताओं को हर समय मिलेगी बिजली सेवाएं और निर्बाध बिजली आपूर्ति। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ता सुविधाओं का ध्यान रखते हुए अब कंपनी कार्यक्षेत्र अंतर्गत निम्न दाब एवं उच्च दाब औद्योगिक उपभोक्ताओं की सेवाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए चयनित वितरण केंद्रों में अतिरिक्त एफओसी गठित करने का निर्णय लिया है। इससे उपभोक्ता संतुष्टि बढ़ने के साथ-साथ 24 घंटे/सातों दिवस गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति करने में भी मदद मिलेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि कंपनी कार्यक्षेत्र के ऐसे अन्य बड़े शहरों और कस्बों में जो कंपनी द्वारा पूर्व निर्धारित मानदंड की पूर्ति करते हैं और उन शहरों और कस्बों में बिलिंग दक्षता और कलेक्शन एफिशिएंसी तथा एटीएण्डसी हानियों में कमी के अच्छे आंकड़े मिलते हैं तो उन शहरों और कस्बों में भी इसी तरह से एफओसी का गठन करके उपभोक्ता सेवाओं में विस्तार किया जाएगा। गौरतलब है कि कंपनी द्वारा गठित यह एफओसी टीम 24 घंटे तीन अलग-अलग शिफ्ट में काम करेगी। भोपाल शहर के गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र के उच्च दाब उपभोक्ताओं के लिए इंडस्ट्रियल एरिया गेट वितरण केंद्र में नॉर्मल एफओसी, जबकि ग्रामीण क्षेत्र के उच्च दाब उपभोक्ताओं के लिए बगरौदा तथा बिलकिसगंज वितरण केंद्र में मिनी एफओसी टीम काम करेगी। नॉर्मल एफओसी टीम में कंपनी द्वारा प्रदाय स्मार्ट फोन सहित दो कुशल तथा दो अकुशल कर्मचारी सभी साजो-समान और जरूरी उपकरणों से लैस एफओसी वाहन सहित कार्यरत रहेंगे। वहीं मिनी एफओसी में एक कुशल तथा दो अकुशल कर्मचारी काम करेंगे। इसी तरह से निम्न दाब घरेलू उपभोक्ताओं के लिए कंपनी कार्यक्षेत्र के 6 सर्किलों में नई एफओसी टीम गठित की गई है। जिसमें नर्मदापुरम सर्किल में पचमढ़ी टाऊन और सिवनी मालवा टाऊन जोन, राजगढ़ सर्किल में नरसिंहगढ़ शहर, रायसेन सर्किल में बेगमगंज कस्बा, अशोकनगर सर्किल में मुंगावली कस्बा तथा बैतूल सर्किल में आमला टाऊन शामिल है। यहां पर भी एफओसी टीम तीन शिफ्ट में चौबीसों घंटों काम करेगी। प्रत्येक शिफ्ट में एक कुशल तथा एक अकुशल कार्मिक शामिल होंगे जबकि एक कुशल कार्मिक रिलीवर के रूप में तैनात रहेगा। इस तरह से कुल 7 लोगों का स्टाफ रहेगा। यह एफओसी टीम 24 घंटे /सातों दिवस उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित समस्याओं का निराकरण तथा कम्पनी के राजस्व वसूली, नए कनेक्शन, विद्युत उपकरणों का रख रखाव और संधारण के साथ ही उपभोक्ता शिकायतों को दूर करने के लिए त्वरित काम करेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कहा है कि कंपनी औद्योगिक उपभोक्ताओं के साथ ही निम्नदाब उपभोक्ताओं को निरंतर विद्युत आपूर्ति और उपभोक्ता सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी लगातार इस दिशा में कारगर कदम उठा रही है जिससे उपभोक्ताओं को निरंतर विद्युत आपूर्ति और सेवाएं मिल रही हैं। इसी दिशा में कंपनी द्वारा गठित नई एफओसी टीम उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण करेगी साथ ही विद्युत आपूर्ति के दौरान प्राकृतिक और अप्राकृतिक कारणों से आने वाले व्यवधानों को 24 घंटे त्वरित रूप से दूर करेगी साथ ही कंपनी के राजस्व संग्रहण का काम और बिजली उपकरणों, लाइनों, ट्रांसफार्मरों आदि का उचित रख-रखाव कर उपभोक्ता सेवाओं में विस्तार करेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सभी आमजन और उपभोक्ताओं से अपील की है वे अपने बिजली बिलों का समय पर भुगतान कर निरंतर पेयी कंज्यूमर बने रहें। विद्युत का अनधिकृत उपयोग न करें साथ ही विद्युत चोरी करने वालों की सूचना देकर विद्युत चोरी की रोकथाम में सहयोग करें और कंपनी द्वारा चलाई जा रही इनफॉर्मर स्कीम का लाभ उठाएं। कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ताओं द्वारा निरंतर बिल भुगतान किए जाने से अन्य क्षेत्रों में भी निर्धारित क्राइटेरिया प्राप्त होने की स्थिति में उन क्षेत्रों को भी 24×7 समर्पित एफओसी टीम (स्न्रहृष्ट ञ्चश्वरू) उपलब्ध कराई जाएगी। उपभोक्तागण अपना स्वयं का बिल भी समय पर भरे एवं अन्य उपभोक्ताओं को भी प्रेरित करें, ताकि विद्युत कंपनी एटीएण्डसी हानियों में कमी लाकर गुणवतापूर्ण विद्युत आपूर्ति के साथ उपभोक्ता सेवाओं में और विस्ताीर कर सके।

# भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने की भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेस ब्रीफिंग

**भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने प्रेस ब्रीफिंग करते हुए कहा कि 31 मई को देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर होने वाला कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सम्मेलन में उपस्थित होकर विकास एवं सांस्कृतिक पुनर्जागरण का नया इतिहास रचेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश पदाधिकारी बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारत के दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं, कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कोई काम नहीं बचा है और वह सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप पार्टी बनकर रह गई है।**

### महिला सशक्तीकरण सम्मेलन में शामिल होंगी दो लाख से अधिक बहनें

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 मई को देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर होने वाले ऐतिहासिक महिला सशक्तीकरण सम्मेलन में उपस्थित होने वाले हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जंबूरी मैदान में होने वाला दो लाख से अधिक महिलाओं का यह सम्मेलन देश में महिलाओं का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री की उपस्थिति में प्रदेश के विकास और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का नया इतिहास रचा जाएगा। यह सम्मेलन महिला सशक्तीकरण को समर्पित होगा और भारतीय जनता पार्टी ने यह तय किया है कि इस कार्यक्रम में सभी व्यवस्थाओं का दायित्व हमारी बहनें संभालेंगी और वो सभी एक विशेष ड्रेस कोड यानी सिंदूरी साड़ी में होंगी। इसी को लेकर हाल ही में लगभग 1500 महिलाओं की एक वृहद बैठक आयोजित की गई थी। पार्टी की सभी महिला सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अलग-अलग स्थानों पर प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगी। उनके अलावा समाज में महत्वपूर्ण काम करने वाली बहनें, महिला खिलाड़ी, जनप्रतिनिधि, स्व सहायता समूहों की बहनें भी प्रधानमंत्री का अभिनंदन करेंगी। सभी पार्टी कार्यकर्ता लगातार प्रधानमंत्री के स्वागत की तैयारियों में लगे हैं और प्रदेश सरकार के मंत्रियों के साथ मिलकर पार्टी कार्यकर्ता इस सम्मेलन को ऐतिहासिक बनायेंगे।

### प्रधानमंत्री देंगे विकास की सौगात

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 300 साल पहले देवी अहिल्याबाई होल्कर ने जनता की सेवा और सुशासन का जो रास्ता दिखाया था, उसी पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश को कई सौगातें देंगे। प्रधानमंत्री भोपाल से ही सतना और दतिया एयरपोर्ट का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। वहीं, सिंहस्थ के लिए उज्जैन में लगभग 29 किलोमीटर के क्षेत्र में बनाए जाने वाले घाटों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। इसी तरह प्रधानमंत्री इंदौर मेट्रो रेल सेवा का शुभारंभ करके प्रदेश को पहली मेट्रो रेल सेवा की सौगात देंगे। दतिया एयरपोर्ट के उपरांत वहां से उड़ने वाले पहले विमान को एक महिला पायलट उड़ायेंगी और ये उड़ान मोदी सरकार की महिला सशक्तीकरण की नीतियों का प्रतीक होगी।

### देश बना दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था, प्रधानमंत्री को दिया धन्यवाद

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने दो बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। एक तरफ ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान के अंतर्गत उन आतंकियों को नेस्तनाबूद कर दिया, जिन्होंने पहलगाम में बहनों का सिंदूर उजाड़ दिया था। दूसरी तरफ आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाते हुए भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यह 2030 तक देश को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प की पूर्ति की दिशा में अहम पड़ाव है। इन दोनों ही उपलब्धियों के लिए आज संपन्न हुई भाजपा की प्रदेश पदाधिकारी बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। इस बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद सहित प्रदेश पदाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री के रूप में 11 साल पूरे कर रहे हैं। इस अवसर पर 9 जून से भारतीय जनता पार्टी 'मोदी सरकार के 11 साल: संकल्प से सिद्धि तक' अभियान शुरू कर रही है। इस अभियान की रूपरेखा को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई।

### कांग्रेस बताए-जिन बहनों को वोट बैंक समझा, उनके लिये क्या किया?

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि देश के अंदर अगर महिलाओं के सशक्तीकरण और उन्हें अधिकार संपन्न बनाने का काम किसी ने किया है, तो वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। उन्होंने जी-20 की बैठक के दौरान कहा था कि आने वाला समय वूमन लैड डेवलपमेंट का है। आने वाले समय में जब चुनाव होंगे, तब बड़ी संख्या में हमारी बहनें लोकसभा और विधानसभाओं में पहुंचेंगी, जिसकी व्यवस्था प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से की है। यह बात हमारी बहनें भी भली भांति जानती हैं। लेकिन मैं कांग्रेस के नेताओं से पूछना चाहता हूं कि जिन बहनों को कांग्रेस पार्टी अपना वोट बैंक मानती रही है, उन बहनों को तीन तलाक के नर्क से मुक्ति दिलाने के लिए कांग्रेस की सरकारों ने क्या किया? देश में 55-60 सालों तक कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन उन्होंने कोई कदम नहीं उठाया। इन बहनों को तीन तलाक के नर्क से मुक्ति दिलाने का काम भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही किया है। विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस केवल आरोप-प्रत्यारोप पार्टी बनकर रह गई है। उसके पास कोई काम नहीं बचा है और उसे कोई अच्छी बात नजर ही नहीं आती। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, रणवीर सिंह रावत, हरिशंकर खटीक, सरतेंदू तिवारी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्रीमती माया नारौलिया, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल उपस्थित रहे।

## जंबूरी मैदान में प्रधानमंत्री के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए व्यापक चिकित्सा व्यवस्था

भोपाल। जंबूरी मैदान में आयोजित हो रहे लोकमाता देवी अहिल्या बाई महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में जनसामान्य के लिए स्वास्थ्य एवं आकस्मिक चिकित्सा सेवाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग भोपाल द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है । मुख्य कार्यक्रम स्थल जंबूरी मैदान में 10 बिस्तरीय क्लीनिक बनाया गया है, जिसमें आकस्मिक परिस्थितियों में प्राथमिक उपचार देकर मरीज को शीघ्र ही रेफरल करने की व्यवस्था की गई है। यहां पर 150 से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है जिनमें से 80 प्रतिशत महिलाएं हैं। कार्यक्रम की नोडल ऑफिसर भी महिला अधिकारियों को बनाया गया है। सम्मेलन को देखते हुए सभी अस्पतालों को हाई अलर्ट मोड पर रखा गया है। सीएमएचओ कार्यालय भोपाल द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश निरस्त करते हुए शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं को निर्धारित समय पर खुले रहने के आदेश जारी किए गए हैं। सभी प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर 108 एंबुलेंस वाहनों की तैनाती की गई है। लगभग 40 एम्बुलेंसेज विभिन्न स्थानों पर तैनात रहेंगी। इसके अलावा बड़ी संख्या में बसों की आवाजाही को देखते हुए भोपाल पहुंचने के सभी राजमार्गों पर भी एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है जो मिनिमम रिस्पांस टाइम में सेवाएं देंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि वीवीआईपी ड्यूटी, एयरपोर्ट, हेलीपेड इत्यादि के अतिरिक्त जनसामान्य के लिए सभी चिकित्सा व्यवस्थाएं

## ट्राइबल इंफ्लुएंसर्स मीट में सीएम बोले

# सोशल मीडिया सशक्त माध्यम

भोपाल। राजधानी भोपाल में पहली बार ट्राइबल सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मीट का आयोजन हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस मीट और डिजिटल मार्केटिंग वर्कशॉप का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम श्यामला हिल्स स्थित ट्राइबल म्यूजियम में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्कशॉप में मध्यप्रदेश के अलग-अलग जिलों से चयनित सोशल मीडिया पर सक्रिय आदिवासी युवा हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि आज के समय में टेक्नोलॉजी और सोशल मीडिया से हम अपनी प्रतिभा को पूरे देश और दुनिया तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा, आज हर कोई झांसी की रानी को जानता है क्योंकि उन्हें सुभद्रा कुमारी चौहान जैसी इन्फ्लुएंसर मिल गईं। लेकिन रानी दुर्गावती के इतिहास से बहुत कम लोग वाकिफ हैं क्योंकि उनका प्रचार-प्रसार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि मुगल काल में अकबर जैसे सम्राट के दौर में भी रानी दुर्गावती ने साहस और वीरता दिखाई, लेकिन उनकी गाथा आज भी छिपी हुई है। इसलिए आज की पीढ़ी को सोशल मीडिया के जरिए अपने समाज, संस्कृति और इतिहास को सामने लाना चाहिए। सीएम ने 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र करते हुए कहा कि हमने आतंकवाद को खत्म करना चाहा, लेकिन पाकिस्तान ने हमला किया और हमने उन्हें उनकी जगह दिखा दी। उन्होंने सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण दोनों को समान रूप से जरूरी बताया। इस दौरान उन्होंने रानी दुर्गावती की कहानी का भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन तब और विशेष हो जाता है जब देवी अहिल्या महोत्सव चल रहा हो। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार कल देवी अहिल्याबाई का जन्मोत्सव है, जिस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भोपाल आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में बहनों की भागीदारी पहले कभी इतनी बड़ी नहीं रही। इस अवसर पर जनजातीय समुदाय के लोगों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है ताकि वे देवी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा ले सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम बन चुका है, जिसके जरिए हम न सिर्फ अपनी पहचान बना सकते हैं बल्कि आमदनी का साधन भी बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भी समय-समय पर सोशल मीडिया की ताकत का जिक्र करते हैं। इस वर्कशॉप का मकसद आदिवासी युवाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के जरिए आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे न केवल अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकें बल्कि उसे आय में भी बदल सकें।

लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# राहुल करेंगे मध्य प्रदेश कांग्रेस की सर्जरी

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस की सर्जरी करने 3 जून को भोपाल आ रहे हैं। कभी कांग्रेस की उर्वरा जमीन रही मध्य प्रदेश में कमलनाथ के डेढ़ दशक के अलावा 23 साल से पार्टी सत्ता से बाहर है। कांग्रेस को सिंधिया के साथ विधायकों के दलबदल के साथ सत्ता पलट का सबसे बड़ा झटका भी यहीं लगा। राहुल गांधी के इस दौरे में पार्टी में रहकर पार्टी के खिलाफ काम करने वाली कांग्रेस की कमजोर कड़ियों की भी पहचान की जाएगी।

राहुल गांधी के इस दौरे को पार्टी ने संगठन सृजन अभियान का नाम दिया है। इस दौरे में राहुल गांधी कांग्रेस संगठन की सबसे अहम कड़ी जिलाध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके अलावा पार्टी संगठन के अलग अलग विभागों की बैठकें लेंगे। राहुल गांधी मध्य प्रदेश से जुड़े किसी भी कार्यकर्ता और नेता से वन टू वन संवाद भी कर सकते हैं।

### राहुल तलाशेंगे कहां हैं कांग्रेस की कमजोर कड़ियां

मध्य प्रदेश कांग्रेस में अर्से बाद संगठन की मजबूती के लिए कोई अभियान शुरू होगा। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बताया कि तीन जून को भोपाल आ रहे राहुल गांधी संगठन से सृजन अभियान की शुरुआत करेंगे। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी इस अभियान के जरिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षकों, प्रदेश कार्यकारिणी, राजनीतिक मामलों की समिति और सभी जिला अध्यक्षों से संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कवायद का मकसद पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के साथ भविष्य की रणनीति तैयार करना है। नेता प्रतिपक्ष ने राहुल गांधी के वाक्य को दोहराते हुए कहा कि कांग्रेस में जो भी लोग पार्टी के खिलाफ काम कर रहे हैं, उन लोगों को भी इस दौरान चिन्हित किया जाएगा। ताकि पार्टी ऐसे लोगों से सतर्क रहकर जनता की आवाज और मजबूती से उठा सके।




### किसी भी नेता से वन टू वन कर सकते हैं राहुल

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बताया कि ये अभियान पार्टी को नई दिशा, नया जोश और जनता से सीधे जुड़ाव की ताकत देगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के जरिए पार्टी की मजबूती के साथ युवाओं किसानों श्रमिकों और समाज के वंचित तबके के बीच कांग्रेस की जड़े दोबारा मजबूत किए जाने की कवायद शुरू की जाएगी। सिंघार ने कहा कि बूथ स्तर तक का जो पार्टी कार्यकर्ता है, उसकी मजबूती के लिए ये अभियान है। उनकी मेहनत संगठन में शीर्ष स्तर तक पहुंचे। जानकारी के मुताबिक राहुल गांधी इस दौरे में किसी भी नेता को वन टू वन बातचीत के लिए बुला सकते हैं। राहुल गांधी ने गुजरात के दौरे के दौरान वहां के प्रवक्ताओं को सबसे ज्यादा ढाई घंटे का समय दिया था।

### पूरे देश में कांग्रेस संगठन मजबूत करने निकले हैं राहुल

राहुल गांधी पूरे देश में कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए निकल रहे हैं, मध्य प्रदेश से पहले वे गुजरात के दौरे पर थे। यहां भी उन्होंने पार्टी संगठन की न्यूनतम इकाई मंडल स्तर तक संवाद किया था। मध्य प्रदेश में भी इसी तरह से संवाद कर सकते हैं। अभी राहुल गांधी का पूरा कार्यक्रम नहीं आया है, लेकिन जानकारी के मुताबिक वे यहां दो दिन भी रुक सकते हैं। इस अधिवेशन में संगठन सृजन अभियान की रूपरेखा और कार्ययोजना को विस्तार से साझा किया जाएगा। इस अभियान के जरिए कांग्रेस को दोबारा मजबूत करने के साथ उसके कायाकल्प की तैयारी है।

# प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव बनीं होमगार्ड की डीजी

भोपाल। अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार और डीजी होमगार्ड अरविंद कुमार का शुक्रवार को शासकीय सेवा में अंतिम कार्य दिवस है। इसी तरह दतिया कलेक्टर संदीप कुमार मॉकिन भी रिटायर हो गए हैं। इन अफसरों को 31 मई को रिटायर होना है लेकिन 31 मई को शनिवार का अवकाश होने के चलते ये 30 मई से ही सेवानिवृत्त हो गए। होमगार्ड डीजी अरविंद कुमार के रिटायर होने के बाद गृह विभाग ने उनके स्थान पर प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव को नया होमगार्ड डीजी पदस्थ किया है। उधर, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा नए एसीएस के नाम को लेकर अभी आदेश जारी किया जाना बाकी है। 1989 बैच के आईएएस अफसर अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार आज हो गए हैं। ऐसे में अपर मुख्य सचिव के रिक्त पद पर एक दो दिनों में मनीष रस्तोगी की पदस्थापना की जा सकती है। आईएएस पदक्रम सूची में प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी से सीनियरिटी क्रम में हरिरंजन राव का नाम है लेकिन राव दिल्ली में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं और उनके फिलहाल एमपी वापसी की सूचना भी नहीं है। इसलिए राव को काल्पनिक पदोन्नति देते हुए सामान्य प्रशासन विभाग रस्तोगी को अपर मुख्य सचिव पद पर प्रमोट करने का आदेश जारी कर सकता है।

### पहली बार होमगार्ड डीजी की कमान महिला अफसर को

होमगार्ड डीजी अरविंद कुमार 1988 बैच के अधिकारी हैं और आज शासकीय सेवा से रिटायर हो गए। होमगार्ड डीजी कैडर का पद है, इसलिए इस पद पर स्पेशल डीजी की पदस्थापना की गई है। गृह विभाग द्वारा जारी आदेश में प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव को स्पेशल डीजी महिला सुरक्षा पुलिस मुख्यालय सेल से अब डीजी होमगार्ड नागरिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके स्थान एडीजी एसआईएसएफ पीएचक्यू और पुलिस कल्याण का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे अनिल कुमार को एडीजी महिला सुरक्षा पुलिस मुख्यालय और पुलिस कल्याण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इसी आदेश में एडीजी एसएएफ चंचल शेखर को अपने वर्तमान कार्यों के साथ एडीजी एसआईएसएफ पुलिस मुख्यालय का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। गौरतलब है, होमगार्ड डीजी के लिए प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव के साथ योगेश मुदगल और जी अखेतो सेमा के नाम भी चर्चा में थे। सेमा पहले होमगार्ड में रह चुके हैं और मुद्गल का रिटायरमेंट अगस्त में है। इसलिए प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव को डीजी होमगार्ड की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# पदोन्नति फार्मूला पर अजाक्स की सहमति, सपाक्स को आपत्ति

भोपाल। प्रदेश में पिछले 9 साल से बंद पड़े पदोन्नति के रास्ते को खोलने की दिशा में सरकार ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर सामान्य प्रशासन विभाग ने कर्मचारी संगठनों से चर्चा के बाद पदोन्नति का प्रारूप तैयार कर लिया है। जिस पर चर्चा के लिए गुरुवार को मंत्रालय में सामान्य प्रशासन विभाग ने कर्मचारी संगठन अजाक्स और सपाक्स के प्रतिनिधियों को बुलाया। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने दोनों संगठनों के साथ अलग-अलग बैठक की। सरकार के पदोन्नति प्रस्ताव पर अजाक्स सहमत हो गया है। जबकि सपाक्स को कुछ बिंदुओं पर आपत्ति है। जिन पर अगली समन्वय बैठक में चर्चा होगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव जीएडी संजय दुबे समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

मंत्रालय में मुख्य सचिव ने पहले अजाक्स प्रतिनिधियों से पदोन्नति प्रक्रिया को लेकर चर्चा की। मुख्य सचिव ने कहा कि न्यायालय से पदोन्नति का समाधान निकलने में लंबा समय लग सकता है। इससे बेहतर है कि न्यायालय के आदेश के परिपालन में आपसी समन्वय से ही पदोन्नति का समाधान निकाल लिया जाए। अधिकारियों ने दोनों संगठनों के पदाधिकारियों को पदोन्नति प्रारूप से अवगत कराया। साथ ही उनके सुझाव लिए। अजाक्स की ओर से कहा गया कि पदोन्नति प्रस्ताव पर उसे कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि बाद सपाक्स ने 3 बिंदुओं पर आपत्ति ली है। जिसमें क्रीमीलेयर को पदोन्नति में आरक्षण, अनारक्षित के पद पर आरक्षित को पदोन्नति समेत अन्य बिंदु शामिल हैं। दोनों संगठनों से चर्चा के बाद मुख्य सचिव ने अपर मुख्य सचिव संजय दुबे को अगले एक हफ्ते के भीतर दोनों पक्षों की समन्वय बैठक बुलाने के लिए अधिकृत किया है। पदोन्नति को लेकर सरकार की कोशिशों से साफ है कि जल्द ही समाधान निकलने की संभावना है।

# एसीएस विनोद कुमार, डीजी होमगार्ड अरविंद कुमार रिटायर

## जीएडी और गृह विभाग आज-कल में जारी करेंगे पदोन्नति के बाद पदस्थापना आदेश

भोपाल। अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार और डीजी होमगार्ड अरविंद कुमार का शुक्रवार को शासकीय सेवा में अंतिम कार्य दिवस था। इसी तरह दतिया कलेक्टर संदीप कुमार मॉकिन भी रिटायर हो गए। दरअसल, इन अफसरों को 31 मई को रिटायर होना है लेकिन 31 मई को शनिवार का अवकाश होने के चलते ये शुक्रवार से ही सेवानिवृत्त हो गए। सामान्य प्रशासन विभाग और गृह विभाग आज-कल में अपर मुख्य सचिव और डीजी के पद पर पदोन्नत होने वाले अफसरों की पदस्थापना के आदेश जारी करेंगे। वहीं दतिया कलेक्टर के पद पर भी पदस्थापना की जाएगी।



1989 बैच के आईएएस अफसर अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार रिटायर हुए। ऐसे में अपर मुख्य सचिव के रिक्त पद पर एक दो दिनों में मनीष रस्तोगी की पदस्थापना की जा सकती है। आईएएस पदक्रम सूची में प्रमुख सचिव वित्त मनीष रस्तोगी से ऊपर सीनियरिटी क्रम में हरिरंजन राव का नाम है लेकिन राव दिल्ली में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं और उनके फिलहाल एमपी वापसी की सूचना भी नहीं है। इसलिए राव को काल्पनिक पदोन्नति देते हुए सामान्य प्रशासन विभाग रस्तोगी को अपर मुख्य सचिव पद पर प्रमोट करने का आदेश जारी कर सकता है।

दूसरी ओर दतिया कलेक्टर संदीप कुमार मॉकिन का रिटायरमेंट भी 31 मई को है। इसलिए एक दो दिन में दतिया में नए कलेक्टर की पदस्थापना की जाएगी। दतिया के लिए कल का दिन महत्वपूर्ण है। पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को दतिया के एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण भोपाल से करने वाले हैं। इसलिए दतिया कलेक्टर के पद पर नए अधिकारी की पदस्थापना होने तक मॉकिन कल शाम तक काम कर सकते हैं।

### ये बन सकते हैं होमगार्ड डीजी

होमगार्ड डीजी अरविंद कुमार 1988 बैच के अधिकारी हैं और शुक्रवार को शासकीय सेवा से रिटायर हो गए। ऐसे में उनके स्थान पर नए अधिकारी की पदस्थापना गृह विभाग द्वारा की जाएगी। होमगार्ड डीजी कैडर का पद है, इसलिए इस पद पर स्पेशल डीजी की पदस्थापना की जा सकती है और ऐसे में ये यह कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, योगेश मुदगल और जी अखेतो सेमा में से किसी को होमगार्ड डीजी बनाया जा सकता है। सेमा पहले होमगार्ड में रह चुके हैं और मुद्गल का रिटायरमेंट अगस्त में है। इसलिए यह संभावना है कि प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव को डीजी होमगार्ड की जिम्मेदारी दी जाए और ऐसा होने पर वे पहली महिला डीजी होमगार्ड होंगी। उधर अरविंद कुमार के रिटायर होने पर एडीजी डीसी सागर स्पेशल डीजी पद पर प्रमोट होंगे। वे एक माह के लिए इस पद पदस्थ होंगे और जून में रिटायर हो जाएंगे।

## मप्र-छग इनकम टैक्स रीजन जुटाएगा 33 हजार करोड़ का रेवेन्यू

भोपाल। आयकर विभाग के एमपी-सीजी रीजन को इस साल 31 मार्च तक हासिल रेवेन्यू के मुकाबले 2025-26 के लिए 450 करोड़ रुपए अधिक का ही टारगेट दिया गया है। वर्ष 2024-25 के वार्षिक लक्ष्य को हासिल करने में आई दिक्कतों के चलते फरवरी 2025 में टारगेट रिवाइज कर पूर्व में तय 36 हजार करोड़ से चार हजार करोड़ रुपए कम किया गया था। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ आयकर जोन ने वर्ष 2024-25 में रिवाइज टारगेट 32300 करोड़ के मुकाबले 31 मार्च तक 32554 करोड़ का राजस्व जुटाया है। यह टारगेट से 254 करोड़ अधिक है। आयकर विभाग के एमपी-सीजी सर्किल को 2025-26 पिछले वित्त वर्ष के 32300 करोड़ से 700 करोड़ अधिक 3300 करोड़ जुटाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह टारगेट हासिल करना इस बार भी विभाग के लिए चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि केंद्र सरकार ने आयकर छूट का दायरा 7 लाख से बढ़ाकर 12 लाख कर दिया है।

# दस जून तक हो सकेंगे तबादले, जीएडी का आदेश

## अब तक कुछ विभागों ने ही जारी किए हैं आदेश

भोपाल। प्रदेश में अब दस जून तक तबादले किए जा सकेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग ने तबादला आदेश जारी करने की समय सीमा से संबंधित आदेश शुक्रवार को जारी कर दिया है। शुक्रवार को ही तबादला आदेश जारी करने की मियाद खत्म हो रही थी, इसके चलते यह आदेश जारी किए गए हैं। इसके बाद अब 11 दिन तक ई -आफिस के जरिए आदेश जारी किए जा सकेंगे। मोहन कैबिनेट की पिछली बैठक में मंत्रियों ने तबादला आदेश जारी करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग रखी थी लेकिन तब सीएम ने इस पर पूरी तरह से सहमति नहीं दी थी। बैठक में कुछ मंत्रियों ने 15 दिन तक का समय यह कहकर बढ़ाने के लिए कहा था कि कलेक्टरों ने प्रभार के जिलों में तबादले की सूची अब तक मंत्री कार्यालय नहीं भेजी है। साथ ही राज्य स्तर पर होने वाले विभागीय तबादलों की सूची भी बनने में समय लग रहा है क्योंकि तबादले के लिए भारी संख्या में आवेदन आए हैं। इस पर सीएम यादव ने यह संकेत दिए थे कि तबादला आदेश जारी करने की समय सीमा में वृद्धि की जा सकती है। चूंकि सीएम ने जीएडी को इसको लेकर कोई निर्देश नहीं दिए थे। इसलिए तब जीएडी अफसरों ने इस मामले में कुछ भी कहने से मना कर दिया था। अब मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने तबादला आदेश जारी करने की समय सीमा 30 मई से बढ़ाकर 10 जून कर दी है। मोहन कैबिनेट ने 29 अप्रैल को तबादला नीति को मंजूरी दी थी और इसके चार दिन बाद जीएडी ने नीति जारी की थी। इसमें दस फीसदी तबादले किए जाने की बात कही गई है। प्रदेश में छह लाख से अधिक नियमित कर्मचारी अधिकारी हैं जिसके हिसाब से साठ हजार कर्मचारियों के तबादले किए जा सकते हैं। बताया जाता है कि अब तक तबादले के लिए डेढ़ लाख से अधिक आवेदन आ चुके हैं। इस कारण मंत्री, प्रमुख सचिव इस बात को लेकर परेशानी में हैं कि कैसे लिस्टिंग करके तबादला आदेश जारी हो। इसकी के चलते तबादला आदेश जारी करने की समय सीमा बढ़ाने की मांग की गई थी।

# मप्र में आज रैलियों की जंग

भोपाल। मप्र में आज रैलियों की जंग देखने को मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राजधानी भोपाल में आयोजित ऐतिहासिक महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में शामिल होंगे। वे सुबह 11 बजे भोपाल पहुंचेंगे और करीब दो घंटे तक शहर में रुकेंगे। इस दौरान पीएम जंबूरी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में करीब 45 मिनट तक महिलाओं को संबोधित करेंगे। यह आयोजन प्रदेश के इतिहास का सबसे बड़ा महिला सम्मेलन होगा, जिसमें दो लाख से अधिक महिलाएं भाग लेंगी। कांग्रेस जबलपुर में अपने जय हिंद सभा अभियान के बैनर तले एक रैली का आयोजन कर रही है। इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल में महिलाओं की एक सभा को संबोधित करने वाले हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत पार्टी के अन्य नेता जबलपुर में रैली को संबोधित करेंगे। यह जानकारी राज्य कांग्रेस के मीडिया समन्वयक अभिनव बरोलिया ने दी।

कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के प्रतिशोध में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों द्वारा दिखाई गई बहादुरी का सम्मान करने के लिए देश भर में जय हिंद सभा का आयोजन कर रही है। विपक्षी पार्टी के इस कार्यक्रम को सशस्त्र बलों की बहादुरी का सम्मान करने और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए हाल ही में देश भर में आयोजित भाजपा की तिरंगा यात्राओं के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। बरोलिया ने कहा कि हम जबलपुर में रैली का आयोजन कर रहे हैं, क्योंकि यहां सेना के बड़े प्रतिष्ठान और आयुध कारखाने हैं, जिन्होंने चार दिवसीय ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को धूल चटा दी थी।

### कांग्रेस उछालेगी कई मुद्दे

कांग्रेस सदस्य ने कहा कि वे पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर सैन्य कार्रवाई के बाद मप्र के मंत्री विजय शाह, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और भाजपा विधायक नरेंद्र प्रजापति द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों पर मोदी की चुप्पी को भी उजागर करने जा रहे हैं। शाह ने इस महीने की शुरुआत में ऑपरेशन सिंदूर पर मीडिया ब्रीफिंग के दौरान भारत के चेहरों में से एक कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने 12 मई को इंदौर के पास महू में एक समारोह में बोलते हुए यह बात कही थी। हालांकि, भाजपा के आदिवासी चेहरे और आठ बार विधायक रहे मंत्री ने बाद में अपनी टिप्पणियों के लिए माफी मांगी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने विवादास्पद टिप्पणियों की एसआईटी जांच का आदेश दिया है। 16 मई को जबलपुर में बोलते हुए उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि आतंकवादियों और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय सशस्त्र बल और सभी सैनिक प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं। 17 मई को विधायक प्रजापति ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य हमले संयुक्त राष्ट्र के आदेश के कारण रोके गए। प्रजापति ने रीवा में भाजपा की तिरंगा यात्रा में कहा, अगर हमें संयुक्त राष्ट्र से आदेश नहीं मिलते तो प्रधानमंत्री मोदी पाकिस्तान को खत्म कर देते। प्रदेश कांग्रेस मीडिया समन्वयक बरोलिया ने कहा कि यह बहुत दुखद है कि भाजपा हमारे सशस्त्र बलों की वीरता की प्रशंसा करने के बजाय ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय मोदी को दे रही है, जिन्होंने दुष्ट पाकिस्तान राज्य को सबक सिखाया है।

## नहीं मिली खाद्य मंत्री के ऑफिस से गायब हुई चांदी की प्रतिमा

भोपाल। खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के वल्लभ भवन 2 में दूसरी मंजिल स्थित ऑफिस से गायब हुई भगवान गणेश की चांदी की मूर्ति तलाशने के लिये पुलिस ने जाँच शुरु करते हुए यहाँ लगे सीसीटीवी कैमरो को खंगालना शुरु कर दिया है। वहीं प्रतिमा गायब होने के बाद सचिवालय सुरक्षा ने सामान्य प्रशासन विभाग को एक पत्र लिखकर कहा कि मंत्रियों के जाते ही उनके कमरे को बंद कर दिया जाना चाहिए। मंत्री ने कक्ष में पूजा के लिए, यह मूर्ति रखी थी। वे जब भी दफ्तर आते, तो पूजा करते थे। कुछ दिन पहले वह एक बैठक के लिए मंत्रालय आए तब उन्हें मूर्ति अपनी जगह दिखाई नहीं दी। इस संबध में जब उन्होंने स्टाफ से जानकारी ली तब स्टाफ से उन्हें कोई जानकारी नहीं मिली।

# टीआईटी कॉलेज फिर विवादो में, छात्राओं ने डायरेक्टर के खिलाफ की शिकायत

## -शार्ट अटेंडेंस का डर दिखाकर अश्लील बातें करने का आरोप

भोपाल। भोपाल के रायसेन रोड स्थित टीआईटी कॉलेज में बीते दिनो छात्राओ के साथ रेप, गैंगरेप और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करने के सनसनीखेज मामले के बाद छात्राओ के साथ बैड टच अशलील बातें करने का मामला सामने आया है। यहॉ की चार छात्राओ ने कॉलेज के डायरेक्टर अरुण पांडे पर बैड टच, अश्लील बातें करने और अकेले में मिलने का दबाव बनाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्राओं ने कॉलेज के डायरेक्टर पांडे के खिलाफ पिपलानी थाने में अलग-अलग लिखित आवेदन देकर की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। वहीं कॉलेज के डायरेक्टर ने अपनी सफाई में कहा कि छात्राओं ने यह आरोप उन पर दबाव बनाने के लिए, लगाए हैं। शिकायत के बाद कॉलेज प्रबंधन ने तत्काल प्रभाव से अरुण पांडे को पद से हटा दिया है। उनके स्थान पर डॉक्टर सतीश कुमार सिंह को डायरेक्टर के पद पर नियुक्त किया गया है। वहीं पुलिस का कहना है कि अरुण पांडे को बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया। उन्होंने शहर से बाहर होने पर तीन दिन बाद लौटने की बात कही है। इधर टीआईटी कॉलेज के डायरेक्टर के खिलाफ एनएसयूआई ने कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भी अपना विरोध जताते हुए, डायरेक्टर की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। जानकारी के मुताबिक पिपलानी इलाके में प्राइवेट कॉलेज में पढ़ने वाली चार छात्राओ ने कॉलेज के डायरेक्टर के खिलाफ पिपलानी थाने में शिकायत की है। आरोप है कि डायरेक्टर ने उन्हें शार्ट अटेंडेंस का डर दिखाकर अश्लील बातें कीं, बैड टच किया और अकेले में मिलने का दबाव बनाया। गौरतलब है की इसी कॉलेज में छात्राओं से रेप और ब्लैकमेलिंग करने के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जो फिलहाल जेल में हैं। बताया जा रहा है कि पीड़ित छात्राओं ने पुलिस को दिये गये शिकायती आवेदन में बताया है की जब उन्होंने परीक्षा फॉर्म भरने की कोशिश की, तो उनसे अटेंडेंस कम होने की बात कहकर फॉर्म जमा करने से मना कर दिया गया। उन्होंने इसके लिए मेडिकल सर्टिफिकेट भी लगाए लेकिन फिर भी उन्हें फॉर्म जमा नहीं करने दिया गया और मैनेजमेंट ने उन्हें डायरेक्टर से मिलने को कहा। छात्राओं का आरोप है की जो डायरेक्टर से मिलने पर उन्होंने उनके साथ गलत हरकत करते हुए अकेले में मिल कर खुश करने की बात कही। और गलत नजर से देखा। चारों छात्राओं ने इसकी शिकायत कॉलेज मैनेजमेंट से की लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर वो बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भी अपनी शिकायत लेकर पहुंची लेकिन जब यहां कोई एक्शन नहीं लिया गया तो वह पिपलानी थाने में शिकायत दर्ज कराई। मामले की जांच महिला एसआई को सौंपी गई है। गुरुवार को चारों पीड़िताओं के बयान दर्ज किए गए है। अधिकारियों का कहना है कि मामले में डायरेक्टर के बयान दर्ज किये जायेंगे और सामने आये तथ्यों के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# मप्र में मौसम के दो रूप, कहीं बारिश, कहीं धूप

## गुना-खजुराहो समेत कई जिलों में तेज बारिश, पचमढ़ी में 28.2 डिग्री पर आया पारा; ग्वालियर सबसे गर्म

भोपाल। मप्र के कई जिलों में शुक्रवार को भी मौसम बदला रहा। नौतपा के लगातार छठें दिन प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर रहा। छतरपुर के खजुराहो में आधा इंच से ज्यादा पानी गिर गया तो गुना, रीवा, अशोकनगर, रायसेन में भी शाम को बारिश हुई। रायसेन में तो तेज बारिश होने से सड़कों पर पानी भर गया। भोपाल में दिनभर बादल छाए रहे।

इधर, कई जिलों में दिन का पारा लुढ़का रहा। ग्वालियर की सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रीवा में 40.6 डिग्री, टीकमगढ़ में 40.5 डिग्री, सतना-सीधी में 40.4 डिग्री और खजुराहो में 40.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा 28.2 डिग्री पर आ गया। वहीं, शिवपुरी में 29 डिग्री और छिंदवाड़ा में 32 डिग्री दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 36.6 डिग्री, इंदौर में 34.3 डिग्री, उज्जैन में 36.5 डिग्री और जबलपुर में 38 डिग्री सेल्सियस रहा।

### पूरे मई में आंधी-बारिश

इस साल गर्मी के सीजन में बारिश वाला मौसम है। मई में लगातार 29 दिन से प्रदेश के किसी न किसी जिले में बारिश हो रही है। हालांकि, 26 अप्रैल से ही मौसम बदल गया था और आंधी-बारिश हो रही थी। कुछ जिलों में तो ओले भी गिर चुके हैं। इससे पहले साल 2023 में मई में 20 दिन बारिश हुई, लेकिन पानी पूरे महीने ही गिरा था, लेकिन लगातार नहीं। मौसम विभाग ने 2 जून तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है।

# कप्तानी के पहले ही वर्ष में टीम को आईपीएल फाइनल में पहुंचाने वाले पांचवें भारतीय बने रजत

नई दिल्ली । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार आईपीएल 2025 के पहले क्वालीफायर में पंजाब किंग्स पर जीत के साथ ही एक ऐसे क्लब में शामिल हो गये हैं जिसमें महेंद्र सिंह धोनी, रोहित शर्मा, अनिल कुंबले और हार्दिक पांड्य जैसे दिग्गज शामिल हैं। इसी के साथ ही अपनी कप्तानी के पहले ही वर्ष में टीम को आईपीएल फाइनल में पहुंचाने वाले रजत 5वें भारतीय कप्तान बने हैं।

आईपीएल 2025 का फाइनल 3 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। आरसीबी कुल मिलाकर चौथी बार आईपीएल के फाइनल में पहुंची है। हालांकि, इससे पहले के तीनों मौकों पर उसे फाइनल में हार झेलनी पड़ी थी। इस बार आरसीबी आईपीएल में खिताब जीतने का पूरा प्रयास करेगी।

आईपीएल के फाइनल में आरसीबी की कप्तानी साल 2009 में अनिल कुंबले जबकि साल 2011 में डेनियल वेटोरी , वहीं साल 2016 में विराट कोहली और 2025 में रजत पाटीदार ने की थी।

धोनी ने अपनी कप्तानी के पहले ही साल में चेन्नई सुपरकिंग्स टीम को फाइनल में पहुंचाया था। उन्होंने 2008 में आईपीएल के पहले ही सत्र में ये उपलब्धि हासिल की थी पर वह खिताब नहीं जिता पाये थे। अनिल कुंबले दूसरे ऐसे भारतीय हैं जिनकी कप्तानी के पहले ही साल 2009 में में टीम आईपीएल फाइनल में पहुंची थी हालांकि टीम फाइनल नहीं जीत पायी थी। साल 2013 में रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस के कप्तान बने और उसी वर्ष उन्होंने टीम को आईपीएल फाइनल में पहुंचाया।

साल 2022 में हार्दिक पांड्या गुजरात टाइटंस के कप्तान बने। उनकी कप्तानी के पहले ही वर्ष में गुजरात टाइटंस आईपीएल फाइनल में पहुंचने में सफल हुई थी। अब आईपीएल कप्तानों के इस क्लब में रजत पाटीदार भी शामिल हो गये हैं।



## इंग्लैंड ने पहले एकदिवसीय में वेस्टइंडीज को 238 रनों से हराया

एजबेस्टन। इंग्लैंड ने यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ हुए पहले एकदिवसीय को 238 रनों से जीत लिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 400 रन बनाये। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज टीम 162 रन ही बना पायी। इस मैच में एक अनौखा रिकार्ड भी बना है। ये पहली बार है जब किसी टीम ने 400 रन बनाये हों और कोई भी एक खिलाड़ी शतक न बना पाया हो। यह 28 वीं बार है जब कोई टीम 400 या उससे अधिक रन बनाने में सफल हुई है वहीं इंग्लैंड ने 6ठी बार 400 रन बनाये हैं। वहीं एकदिवसीय क्रिकेट इतिहास में इंग्लैंड पहली ऐसी टीम बन गई है जिसने बिना किसी खिलाड़ी के शतक के बल पर 400 रन बनाये हैं। जी हां, वेस्टइंडीज के खिलाफ इस मुकाबले में एक भी इंग्लिश बल्लेबाज ट्रिपल डिजिट तक नहीं पहुंच पाया। सलामी बल्लेबाज जैकब बैथल 82 रनों के साथ ही सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। ये पहली बार हुआ है जब किसी टीम के शीर्ष-7 खिलाड़ियों ने एक पारी में 30 या उससे अधिक रन बनाए हो।इस मैच के विशाल लक्ष्य को देखकर कैरिबियाई बल्लेबाजों ने पहले ही समर्पण कर दिया और उनकी पूरी टीम 26.2 ओवर में 162 रनों पर ही आउट हो गयी।



## पंजाब किंग्स अब हारी तो उसके नाम दर्ज होगा ये अनचाहा रिकार्ड

मुम्बई । आईपीएल के पहले क्वालीफायर में पंजाब किंग्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से आठ विकेट से करारी हार मिलने से करारा झटका लगा है हालांकि उसके पास अभी फाइनल में पहुंचने का एक और अवसर है। इसके लिए उसे एलीमिनेटर मुकाबले की विजेता टीम को हराना होगा। वहीं अगर पंजाब इसमें भी हारती है तो वह शीर्ष दो में रहने के बाद भी फाइलन में नहीं पहुंचने वाली चौथी टीम बन जाएगी। आईपीएल में साल 2011 से ही प्लेऑफ नीयम लागे होने के बाद से ही अंक तालिका में शीर्ष 2 में रहने वाली दो टीमों को फाइनल में पहुंचने के दो अवसर मिलते हैं पर अब तक तीन बार ऐसा भी हुआ है, जब शीर्ष 2 में पहुंचने के बाद भी एक टीम फाइनल नहीं खेल पायी। ये भी संयोग ही है कि तीनों बार वह टीम फाइनल में प्रवेश नहीं कर पाई, जो लीग चरण के बाद अंक तालिका में नंबर एक थी। ऐसे में पंजाब किंग्स इस अनचाहे रिकार्ड को अपने नाम दर्ज नहीं करना चाहेगी। इस सत्र में पंजाब किंग्स लीग स्तर पर नंबर एक स्थान पर थी। सबसे पहले ऐसा 2012 के आईपीएल में ऐसा हुआ था, जब दिल्ली डेयरडेविल्स (दिल्ली कैपिटल्स) की टीम दोनों क्वालीफायर मैच हारकर बाहर हो गयी। वहीं एक साल के बाद साल 2016 में गुजरात लायंस टीम लीग स्तर में शीर्ष पर रही। उसने दोनों क्वालीफायर खेले पर वह हार के कारण फाइनल नहीं खेल पायी। वहीं, दिल्ली की टीम के साथ ऐसा दूसरी बार साल 2021 में हुआ। दिल्ली कैपिटल्स के साथ फिर वही कहानी दोहरायी गयी। तब भी दिल्ली कैपिटल्स अंक तालिका में नंबर एक थी पर क्वालीफायर 1 और क्वालीफायर 2 में हारकर वह फाइनल में नहीं पहुंच पाई।



## शार्दुल बोले, शुभमन और ऋषभ के स्वभाव में हैं काफी अंतर

मुम्बई। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने कहा है कि इंग्लैंड दौर के लिए नये कप्तान बनाये गये शुभमन गिल और उप-कप्तान ऋषभ पंत के स्वभाव में काफी अंतर है। शार्दुल के अनुसार जहां शुभमन गंभीर हैं, वहीं ऋषभ मजाकिया स्वभाव वाले हैं। साथ ही कहा है कि इन दोनो ने सबसे बड़े और अहम अवसर मौकों पर खेल में योगदान दिया है, और इसी लिए इनसे टीम को काफी उम्मीदें हैं। ठाकुर के अलावा इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मॉर्गन ने भी शुभमन को स्वाभाविक नेतृत्व कर्ता करार दिया, जो कोलकाता नाइट राइडर्स में उनके साथ समय के आधार पर जिम्मेदारी लेने में कुशल है। वहीं पूर्व चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने बुमराह को कप्तानी के लिए समर्थन दिया था जबकि वसीम जफर ने सुझाव दिया था कि बुमराह कप्तान हों और गिल उप-कप्तान बनकर भविष्य के लिए तैयार हों। दूसरी ओर वीरेंद्र सहवाग ने तर्क दिया कि ऋषभ पंत गिल से बेहतर विकल्प थे और गिल को 'तीसरा सबसे अच्छा' विकल्प माना। इनके विपरित गिल को चुनकर मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा कि गिल का चयन एक दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, न कि केवल एक सीरीज के लिए। आप कप्तानों को एक या दो दौरे के लिए नहीं चुनते।

भारत और इंग्लैंड के बीच

आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 चक्र का हिस्सा वाली पांच मैचों की यह सीरीज हेडिंग्ले, एजबेस्टन, लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड और द ओवल जैसे मैदानों पर खेली जाएगी। इस इंग्लैंड दौरे के लिए चुनी गई टीम में शार्दुल भी शामिल हैं। मो शमी के नहीं होने से उन्हें इस सीरीज में गेंदबाजी में भी बड़ी भूमिका मिलेगी।



## जडेजा भी बनना चाहते हैं भारतीय टीम का कप्तान

नई दिल्ली। शुभमन गिल के इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनने के बाद अब ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा के मन में भी कप्तान बनने की इच्छा जोर मारने लगी है। जडेजा का कहना है कि वह भी भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करना चाहते हैं। जडेजा के अनुसार उन्होंने कई कप्तानों के साथ काम किया है इसलिए वह जानते हैं कि कप्तानी कैसे की जाती है। क्या वह भारत के टेस्ट कप्तान बनना चाहते हैं , यह पूछे जाने पर जडेजा ने कहा, हां , बिल्कुल। इतने सालों में मैने अलग अलग कप्तानों के साथ खेला है। मुझे हर कप्तान की शैली के बारे में पता है और यह भी समझता हूं कि खिलाड़ी क्या सोचते हैं और चाहते हैं।''

जडेजा ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में तीनों प्रारूपों में पदार्पण किया था और आईपीएल में भी उनकी कप्तानी में वह चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से खेले हैं। जडेजा ने कहा ,''हर कप्तान की अपनी शैली होती है। मैने हर प्रारूप में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में खेला है पर उनकी सोच बिल्कुल आसान है। अगर उन्हें लगता है कि कोई बल्लेबाज एक ही जगह पर शॉट खेल सकता है तो वहां वह फील्डर जरूर लगायेंगे।''

टेस्ट क्रिकेट से रोहित शर्मा के संन्यास के बाद अश्विन ने जडेजा को कप्तान बनाने का समर्थन किया था। उन्होंने तब कहा था ,' हम जडेजा को क्यो भूल जाते हैं। अगर नया कप्तान चाहिये तो मैं कहूंगा कि दो साल के लिए किसी अनुभवी को कमान सौंपने के बाद नये व्यक्ति को बागडोर दी जानी चाहिए।'' जडेजा ने यह भी कहा कि टेस्ट टीम की बजाय टी20 में कप्तानी अधिक मुश्किल है। उन्होंने कहा ,'' टेस्ट क्रिकेट में आपको गेंदबाज की जरूरत के मुताबिक दो या तीन फील्डर में बदलाव करना होता है, बल्लेबाज के हिसाब से नहीं।'' उन्होंने कहा ,'' टेस्ट क्रिकेट में कप्तानी अलग है। इसमें ज्यादा दिमाग नहीं लगाना पड़ता है।''




## विराट फाइनल में धमाकेदार प्रदर्शन करेंगे - डिविलियर्स

जोहांसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के आईपीएल फाइनल में पहुंचने से बेहद खुश हैं। डिविलियर्स के अनुसार अब तक जिस प्रकार विराट कोहली ने खेला है, उसी प्रकार वह फाइनल में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। ??डिविलियर्स को उम्मीद है कि इस बार आरसीबी खिताब जीतेगी। आरसीबी ने पहले क्वालीफायर में पंजाब किंग्स को आठ विकेट से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनायी है।

इस सत्र में विराट से आरसीबी की ओर से जबरदस्त प्रदर्शन किया है और 500 से अधिक रन बनाये हैं। ऐसे में उनके आरसीबी के पुराने साथी डिविलियर्स का मानना है कि वह तीन जून को अहमदाबाद में होने वाले फाइनल में धमाकेदार पारी खेलेंगे।

## वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मिले प्रधानमंत्री

पटना । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पटना एयरपोर्ट पर क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात की। 14 साल के वैभव ने आईपीएल में अपने आक्रामक खेल से सभी का ध्यान खींचा है। उसके बाद से ही प्रधानमंत्री इस उभरते क्रिकेटर की सराहना करते आये हैं। प्रधानमंत्री की वैभव के परिवार से यह मुलाकात तब हुई जब वह अपने चुनावी दौरे पर बिहार पहुंचे थे। प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात को लेकर सोशल मीडिया पर भी एक पोस्ट साझा की है। इसमें उन्होंने लिखा, युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मिलकर खुशी। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी ओर से शुभकामनाएं।

## आईपीएल में नजर आये कई उतार चढ़ाव, युवा कप्तान सफल हुए

### खोज साबित हुए वैभव, आयुष जैसे खिलाड़ी

मुम्बई । आईपीएल के इस सत्र में कई उतार-चढ़ाव आये। जहां पांच बार की खिताब विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) और तफानी बल्लेबाजी के लिए जानी जानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद असफल रही। वहीं पंजाब किंग्स, गुजरात टाइटंस जैसे टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। इसे अलावा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) व मुम्बई इंडियंस का प्रदर्शन भी ठीक रहा जबकि धमाकेदार शुरुआत के बाद भी दिल्ली कैपिटल्स असफल रही। राजस्थान रॉयल का प्रदर्शन भी खराब रहा। लीग में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी वह 17 साल के आयुष महात्रे नई खोज साबित हुए। इस दोनो ने ही अपनी बल्लेबाजी से सभी को हैरान कर दिया। सत्र में अक्षर पटेल और श्रेयस अय्यर के साथ शुभमन गिल ने नई सोच को प्रशंसकों के सामने रखा जबकि पुराने कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और पैट कमिंस पूरी तरह से संघर्ष करते दिखे। लीग के अब तक के सबसे महंगे खिलाड़ी ऋषभ पंत विफल रहे। वह अंतिम लीग मुकाबले में हालांकि शतक लगाने में सफल रहे। अक्षर पटेल की दिल्ली कैपिटल्स अच्छी शुरूआत के बाद पटरी से उतरी गयी। पूर्व विजेता चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का बेहद खराब रहा और सनराइजर्स हैदराबाद ने पूरे टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन किया.

रॉयल्स के वैभव जब पिछले दिसंबर में 'मेगा नीलामी' में चुने गए थे तो उनकी उम्र 13 साल थी और मई में 14 साल की उम्र में वह गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंद पर आईपीएल में सबसे तेज शतक और अब तक दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी बन गए। उन्होंने अपने शानदार स्ट्रोक प्ले और जोश से खेल के दिग्गजों का दिल जीत लिया। इस सूची में पंजाब किंग्स के 'अनकैप्ड' प्रियांश आर्य भी शामिल थे जिन्होंने अपना पहला आईपीएल शतक लगाया। प्रभसिमरन सिंह ने भी दिखाया कि उनमें दम है जबकि आयुष म्हात्रे ने अपने प्रदर्शन से चेन्नई सुपर किंग्स की उम्मीदें जगायीं। युवा सुदर्शन ने दिखाया कि जोखिम लिए बिना भी रन जुटाए जा सकते हैं।

पिछले साल की उपविजेता एसआरएच सबसे खतरनाक बल्लेबाजी लाइन-अप के साथ उतरी थी लेकिन उसका आक्रामक रवैया पूरी तरह विफल रहा। युव ऑलराउंडरन नितीश कुमार रेड्डी ने काफी हद तक निराश किया और पावरप्ले में गेंदबाजी करने के लिए एक बेहतरीन स्पिनर नहीं होने से उन्हें नुकसान हुआ।

सीएसके ने इस साल सबक सीखा क्योंकि उसे युवा प्रतिभाओं को बेंच पर रखने और सिर्फ धोनी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर निर्भर रहने की अपनी रणनीति को छोड़ना पड़ा। संजू सैमसन की फिटनेस और अन्य खिलाड़ियों में जज्बे की कमी के कारण टीम निचले स्थान पर रही सीएसके से ऊपर रह। केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे अकेले दम पर जमे रहे, लेकिन फ्रेंचाइजी के सबसे महंगे खिलाड़ी और उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर के लिए सत्र काफी खराब रहा।




## धोनी का ये रिकार्ड अब तक नहीं तोड़ पाया है कोई विकेटकीपर बल्लेबाज

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के नाम एक ऐसा रिकार्ड है जिसे पिछले दो दशक के बाद भी कोई विकेटकीपर बल्लेबाज नहीं तोड़ पाया है। ये विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकार्ड है। धोनी ने रिकार्ड श्रीलंका के खिलाफ 2005 में बनाया था। तब जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में धोनी ने 145 गेंदों पर 15 चौके और 10 छक्के लगाकर नाबाद 183 रन बनाए थे। यहां तक कि दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डि कॉक और ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट भी ऐसा रिकार्ड नहीं बना पाये हैं।

इस पारी के साथ धोनी ने एकदिवसीय में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाया था। उस पारी के साथ ही धोनी ने गिलक्रिस्ट का सबसे अधिक रनों का रिकॉर्ड तोड़ा था, गिलक्रिस्ट ने जनवरी 2004 में होबार्ट के बेलरिव ओवल में जिम्बाब्वे के खिलाफ 126 गेंदों पर 13 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 172 रन बनाए थे। धोनी का रिकॉर्ड आज 20 साल बाद भी बना हुआ है। वहीं दक्षिण अफ्रीका के डी कॉक ने साल 2023 में मुंबई में बांग्लादेश के खिलाफ 174 और 2016 में सेंचुरियन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 178 रन की पारी खेली थी पर वह धोनी का रिकार्ड नहीं तोड़ पाये थे।

इसके अलावा उन्होंने अक्टूबर 2017 में किम्बर्ले में बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 168 रन भी बनाए थे। वहीं मार्च 2020 में बांग्लादेश के विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 143 गेंदों पर 176 रन बनाये थे। धोनी ने 183 रनों की पारी के साथ लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे अधिक स्कोर का भी रिकार्ड बनाया था हालांकि ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर शेन वॉटसन ने 2011 विश्व कप मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 96 गेंदों पर नाबाद 185 रन बनाकर ये रिकॉर्ड तोड़ दिया था।



## मांजरेकर टीम चयन से खुश नहीं, सरफराज को बनाय गया निशाना

मुम्बई। पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर इंग्लैंड दौरे के लिए चयनित भारतीय टेस्ट टीम से संतुष्ट नहीं हैं। मांजरेकर के अनुसार चयनकर्ताओं ने प्रदर्शन नहीं अपनी सोच के आधार पर खिलाड़ियों को रखा है। मांजरेकर ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के प्रदर्शन को लेकर पहले से अनुमान लगा लिया गया है। चयन समिति की सोच यह है कि हालातों और विपक्ष के आधार पर खिलाड़ियों की संभावित सफलता और असफलता तय की जाये। ऐसे में सरफराज खान जैसे खिलाड़ी को नुकसान हुआ शिकार हुए, क्योंकि उन्हें ऑस्ट्रेलिया में एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला और उनका प्रदर्शन देखने का अवसर चयनकर्ताओं को नहीं मिला। मांजरेकर ने कहा कि घरेलू क्रिकेट में जबरदस्त प्रदर्शन के बाद भी सरफराज को टीम में जगह क्यों नहीं मिली ये उनकी समझ में नहीं आया है।



उन्होंने कहा कि सरफराज ने अपने 4 टेस्ट में घरेलू मैदान पर तीन अर्धशतक और एक 150 रन की पारी और इसके बाद केवल 4 पारियों में वह असफल रहे। फिर भी सरफराज को ऑस्ट्रेलिया में एक भी मैच नहीं मिला। इंग्लैंड दौरे के लिए भी हाल के प्रदर्शन में करुण नायर से उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। इसके बाद भी करुण को शामिल किया गया है। मांजरेकर ने आगे कहा कि यह गैर-चयन प्रदर्शन के बारे में नहीं है, बल्कि नेतृत्व समूह में किसी अहम व्यक्ति की सोच है कि सरफराज इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में रन नहीं बना पाएंगे, जबकि करुण ऐसा कर सकते है।

करुण फॉर्म में हैं और वे घरेलू क्रिकेट में हर प्रारूप में लगातार रन बना रहे हैं। नायर ने विदर्भ के लिए रणजी ट्रॉफी में नौ मैचों में 863 रन बनाए। करुण ने विजय हजारे ट्रॉफी में भी 779 रन बनाए, और उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन के कारण उन्हें दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल में खेलने का मौका मिला, जहां उन्होंने सीजन के पहले मैच में 89 रन बनाए। दूसरी ओर सरफराज खान ने इंग्लैंड दौरे से पहले कड़ी मेहनत की और पिछले 2 महीनों में 10 किलो वजन कम किया, साथ ही अपनी फिटनेस पर काम किया। हालांकि, चोट के कारण सरफराज हाल के समय में ज्यादा क्रिकेट नहीं खेल पाए। सरफराज को हालांकि इंग्लैंड दौरे के लिए भारत ए टीम में शामिल किया गया है। यदि सरफराज इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो उनके बाद में मुख्य टीम में शामिल होने की संभावना बन सकती है।

## पहला क्वालीफायर जीतने से आरसीबी के खिताब जीतने की संभावनएं बढ़ीं

मुम्बई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इस बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिताब जीतने के काफी अवसर हैं। इसका कारण है कि आरसीब पहले क्वालीफायर में जीत के साथ ही फाइनल में पहुंच गयी है। आंकड़ों पर नजर डालें तो प्ले ऑफ प्रणाली लागू होने के बाद से ही अब तक 14 साल में 11 बार वह टीम खिताब जीती है, जिसने पहला क्वालीफायर जीता है। इस बार पहले क्वालीफायर की आरसीबी बनी है।

ऐसे में फाइनल में पहुंचते ही आरसीबी के खिताब जीतने के अवसर 78 फीसदी से ज्यादा हो गए हैं, क्योंकि 14 में से 11 बार उन्हीं टीमों को जीत मिली है, जिसने क्वालीफायर 1 जीता है।

2011 से ही आईपीएल में प्ले ऑफ प्रणाली खेले जा रहे हैं। साल 2008 से 2010 के सत्र तक सेमीफाइनल मैच खेले जाते थे, लेकिन इसके बाद से प्ले ऑफ प्रणाली के तहत ही चार मैच आयोजित करने का चलन शुरू हुआ, जिसमें दो क्वालीफायर, एक एलिमिनेटर और एक फाइनल खेला जाता है। पहले दो सेमीफाइनल और एक फाइनल खेला जाता था। नए तरीके के तहत आईपीएल अंक तालिका में शीर्ष 2 में रहने वाली दो टीमों को फाइनल में पहुंचने के दो मौके मिलते हैं। यही कारण है कि आरसीबी पहला मैच जीतकर फाइनल में है और पंजाब किंग्स हार के बाद भी दौड़ में बनी हुई है। क्वालीफायर 1 में जीत दर्ज करने का सबसे बड़ा फायदा तो यही होता है कि टीम को सीधे फाइनल में प्रवेश मिल जाती है और दूसरा क्वालीफायर खेलने से टीम बच जाती है, क्योंकि वहां से हारकर बाहर होने का खतरा बना होता है।

## आईपीएल में रोहित का प्रदर्शन रहा सामान्य

नई दिल्ली । आईपीएल के इस सत्र में मुम्बई इंडियंस के अनुभवी बल्लेबाजा रोहित शर्मा अधिक सफल नहीं रहे हैं। रोहित ने लीग स्तर की 13 पारियों में दो अर्धशतकों के साथ ही केवल 350 रन ही बनाये हैं। बात अगर रोहित शर्मा के प्लेऑफ के आंकड़ों की करें तो यह मुंबई इंडियंस के प्रशंसक और भी निराश होंगे। रोहित का 21 प्लेऑफ मुकाबलों में औसत मात्र 15.8 का रहा है, वहीं स्ट्राइक रेट 108.96 का। उन्होंने इस दौरान 2 अर्धशतकों के साथ 316 ही रन बनाए हैं।

मध्यप्रदेश शासन

स्वावलंबी महिला सशक्त राष्ट्र
लोकमाता देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन
भोपाल - 31 मई, 2025



# लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर

के 300वें जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर

# महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन

एवं

## 'राष्ट्रीय देवी अहिल्या सम्मान' अलंकरण

## लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर को समर्पित डाक टिकट और सिक्का जारी



**डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री



**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री

## दतिया एवं सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण एवं इंदौर मेट्रो का शुभारंभ

(गांधीनगर मेट्रो स्टेशन से सुपर कॉरिडोर 03 तक)

## 29 कि.मी. शिप्रा घाट के निर्माण एवं शिप्रा-कान्ह नदी पर 21 बैराज का शिलान्यास

## ₹483 करोड़ लागत के 1271 नये अटल ग्राम सेवा सदन (पंचायत भवन) की प्रथम किस्त का अंतरण

— प्रधानमंत्री —

# नरेन्द्र मोदी

के कर-कमलों द्वारा (वर्चुअल माध्यम से)

— गरिमामयी उपस्थिति —

**मंगुभाई पटेल**
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

D11033/25

**31 मई, 2025 | पूर्वाह्न 11:00 बजे | जम्बूरी मैदान, भोपाल**

### नारी सशक्तिकरण में अग्रणी मध्यप्रदेश

- सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन प्रारंभ
- शासकीय सेवा में महिलाओं के लिए आरक्षण को बढ़ाकर 35% तक किया
- 5 लाख स्व-सहायता समूहों से 62 लाख ग्रामीण बहनें हुईं आत्मनिर्भर
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में 89 लाख बहनों को मिली धुएं से मुक्ति

### बेहतर होतीं वायु सेवाएं

- ₹ 60 करोड़ की लागत से 124 एकड़ में दतिया एयरपोर्ट एवं ₹ 37 करोड़ की लागत से सतना एयरपोर्ट का निर्माण संपन्न
- हवाई सुविधा से धार्मिक पर्यटन के साथ औद्योगिक विस्तार को मिलेगा बढ़ावा
- यात्रियों को मां पीतांबरा पीठ, मां शारदा और चित्रकूट धाम तक की हवाई सुविधा होगी उपलब्ध
- प्रदेश एवं प्रदेश के बाहर के गंतव्यों तक कनेक्टिविटी होगी बेहतर

### इंदौर को मेट्रो रेल की सौगात

- ₹ 1520 करोड़ लागत की यलो लाइन मेट्रो 6 कि.मी. लंबे रूट पर चलेगी
- आधुनिक, सुगम और पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा मिलेगी
- प्रति ट्रेन 900 से अधिक यात्री क्षमता के साथ लिफ्ट, एस्केलेटर, AI आधारित ट्रैकिंग एवं QR आधारित टिकटिंग प्रणाली से स्मार्ट होगा सफर

### शोभा बढ़ायेंगे शिप्रा के घाट

- सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के दृष्टिगत शिप्रा घाट के विकास और सौंदर्यीकरण से श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के साथ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा
- बैराज के निर्माण से शिप्रा-कान्ह नदी के जल का संरक्षण एवं प्रबंधन बेहतर ढंग से हो सकेगा

### पंचायतों को स्थायी भवन

- प्रदेश भर में 1271 नये अटल ग्राम सेवा सदनों के निर्माण से ग्राम पंचायतों को स्थायी भवन की सुविधा के साथ प्रशासनिक कार्य करने, बैठकें आयोजित करने एवं रिकॉर्ड प्रबंधन में सहायता मिलेगी

सीधा प्रसारण | DD News | Webcast.gov.in/mp/cmevents | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP | #AhilyaBaiHolkarAt300

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

# इस वर्ष भी दो गांव के ग्रामीण हो जाएंगे बारिश के समय अपने ही गांव में कैद

## बीते वर्ष ग्रामीणों ने बांस का बनाया था पुलिया, विभाग ने लिया था संज्ञान, आश्वासन के बाद भी एक वर्ष में नहीं बना पुलिया

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। बैहर क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत माना के ग्राम लपटी में बीते वर्ष आई बाढ़ की वजह से ग्राम में आना जाना करने वाला प्रमुख पुलिया बाढ़ के पानी में टूट गया था जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा लकड़ी का प्राचीन समय के समय बनाए जाने वाला पुलिया बनाया गया था एवं उसकी फोटो वीडियो ग्रामीणों ने मीडिया से शेयर की थी और मार्ग पर पक्का पुलिया बनाए जाने की गुहार संबंधित विभाग से लगाई थी। जिस पर खबर प्रकाशित होने के बाद संबंधित विभाग ने संज्ञान लेकर ग्रामीणों को पक्का पुलिया बनाए जाने का आश्वासन दिया था और बाईपास के रूप में एक कच्चा मार्ग बनाया गया था जो इन दिनों हुई बारिश में आई बाढ़ के कारण टूट गया है। विभाग द्वारा एक वर्ष बीत जाने के बाद भी पक्का पुलिया का निर्माण नहीं किया गया है जिससे ग्रामीण अब पुनः आवागमन के लिए चिंतित हो रहे हैं।**



आपको बता दे कि कुछ दिनों में बरसात लग जाएगी और बरसात के समय तेज बारिश होने से कई क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं । कई स्थानों पर जिला मुख्यालय से ग्रामीण अंचलों का संपर्क टूट जाता है और बाढ़ कम होने के बाद स्थिति पुनः जैसी की वैसी हो जाती है ,किंतु जिले के बहुत से ऐसे भी क्षेत्र हैं जहां पर पक्के पुल पुलिया नहीं होने के कारण वहां के ग्रामीण अपने ही क्षेत्र में बाढ़ आने के कारण कैद हो जाते हैं। जिसका एक छोटा सा उदाहरण बैहर क्षेत्र के ग्राम लपटी का है जहां बीते वर्ष लगातार हुई बारिश से बैहर क्षेत्र की ग्राम पंचायत माना के ग्राम लपटी में गढ़ी मार्ग के बीच से प्रवाहित होने वाला काश्मीरी नाले पर बना पुलिया तेज बहाव में बह गया । जिससे अब यहां के ग्रामीणों को आना-जाना करने में काफी मुसीबत का सामना करना पड़ा था , जबकि गांव से दूसरा कोई बाहर निकलने वाला रास्ता नहीं है एवं यहां के ग्रामीणों का मानना है कि यदि ऐसी स्थिति में किसी का स्वास्थ्य बिगड़ जाए तो ग्राम में एंबुलेंस तक नहीं पहुंच पाती और वह इस पुलिया के टूटने से हाट , बाजार और बच्चे स्कूल तक नहीं जा पाते हैं और तब ग्रामीणों ने परेशान होकर अपनी व्यवस्था बनाने के लिए प्राचीन काल में बनाए जाने वाले लकड़ी के पुल, पुलिया जैसे आवागमन के लिए पुलिया बना लिया था, जबकि देखा जाए तो आज सरकार द्वारा गांव को शहरों से जोड़ने के लिए पक्के मार्ग बनाए जा रहे हैं, किंतु आज भी बहुत से गांव और क्षेत्र ऐसे हैं जहां लोगों को अभी भी प्राचीन काल में बनने वाले लकड़ी के पुल, पुलिया से रास्ता बनाकर अपना काम चलाना पड़ा हैं । ग्रामीणों द्वारा इस लकड़ी से बनाए गए पुलिया सहित ग्रामीणों की समस्या को पद्मेश न्यूज़ के समक्ष भी रखा था, इसके बाद संबंधित विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची थी और ग्रामीणों को पक्के पुल बनाए जाने का आश्वासन दिया गया था और तुरंत में कच्चा बाईपास भी बनाया गया था, किंतु एक वर्ष बीत जाने के बावजूद भी आज तक संबंधित विभाग के द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद भी पक्का पुल नहीं बनाया गया है, जबकि ग्रामीण बताते हैं कि विभाग ने पुल के लिए राशि स्वीकृत कर दी है लेकिन विभाग ने आज तक पक्का पुल बनाकर नहीं दिया है, आगामी समय में बरसात है और फिर यदि ऐसे ही हालात बनते हैं तो ग्रामीण अपने ही गांव में कैद हो जाएंगे ।

### विभाग ने दिया था ग्रामीणों को आश्वासन

ग्रामीणों द्वारा प्राचीन काल में बनने वाला लकड़ी के पुल का वीडियो मीडिया को दिया गया था और खबर भी प्रकाशित हुई थी, जिसके बाद संबंधित विभाग की टीम ने इस विषय पर संज्ञान लिया था और ग्राम में जाकर ग्रामीणों को पक्के पुल बनाए जाने का आश्वासन दिया था, किंतु एक वर्ष बीत जाने के बाद भी ग्राम में पक्का पुल नहीं बना और विभाग द्वारा जो कच्चा बाईपास बनाया गया था वह भी अभी कुछ दिन पहले आई बाढ़ में बह चुका है ।

### पक्का पुल एक वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं बना - लोकपाल

ग्राम के लोकपाल सिंह कोसरे द्वारा बताया गया कि बीते वर्ष भारी बारिश की बाढ़ में पुलिया क्षतिग्रस्त होकर बह गया था और ग्रामीणों का आना-जाना पूरी तरह बंद हो गया था और ग्रामीणों ने लकड़ी का पुलिया बनाया था । इसके बाद प्रशासन की टीम भी ग्राम में पहुंची थी जिनके द्वारा ग्रामीणों को पक्का पुल बनाए जाने का आश्वासन दिया गया था। आवागमन के लिए कच्चा बाईपास भी बनाया गया था, किंतु अभी कुछ दिन पहले हुई तेज बारिश से बनाया गया कच्चा बायपास रोड बह चुका है। और पक्का पुल एक वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं बना है जिससे अब पुन: आगामी बारिश में बाढ़ की स्थिति आने पर ग्रामीण गांव में ही कैद हो जाएंगे और स्थिति इस प्रकार निर्मित हो जाएगी और ग्रामीणों को पुनः प्राचीन काल की तरह लकड़ी का पुल इस वर्ष भी बनाना पड़ेगा वह विभाग से मांग कर रहे हैं कि यदि पुलिया स्वीकृत हो गया है तो उसे जल्द से जल्द बनाया जाए ।

# निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। किरनापुर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम खारा में इसी ग्राम के एक व्यक्ति की निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक में डूबने से मौत हो गई। मृतक विनोद पिता ओमकार पारधी ग्राम छिंदीटोला जागपुर थाना वारासिवनी निवासी है। 29मई को सुबह 8:00 बजे यह घटना उस समय हुई जब यह व्यक्ति अपने ससुराल में उसी के द्वारा बनाए गए सेप्टिक टैंक के अंदर पटिया निकालने के लिए उतरा था। किरनापुर पुलिस ने इस व्यक्ति का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विनोद पारधी ग्राम छिंदीटोला जागपुर निवासी करीब 4 वर्ष से अपने ससुराल ग्राम खारा में घर जवाई आया था और वह अपने खेती किसानी के अलावा वह मिस्त्री का भी काम करता था। जिसके परिवार में पत्नी यमन बाई पारधी दो बेटी और एक बेटा है। बताया गया है कि विनोद पारधी ने अपने ससुराल में ही आंगन में 10 फिट गहरा सेफ्टी टैंक बनाया था और सेप्टिक टैंक का काम चालू ही था । सेप्टिक टैंक में करीब 2 फीट पानी था वही वर्तमान बारिश से मवेशियों के मल मूत्र सेफ्टी टैंक में बहकर आ गए थे। 29 मई को 8ः00 बजे विनोद पारधी सेप्टिक टैंक के अंदर लगी पटिया को निकालने के लिए नीचे उतरा था और सेप्टिक टैंक के पास ही उसका ससुर चेपालाल उर्फ शिवलाल बोपचे भी था। विनोद पारधी के सेप्टिक टैंक में उतरने के बाद कोई हलचल महसूस नहीं हुई और नहीं आवाज आ रही थी। चेपालाल उर्फ शिवलाल बोपचे ने पड़ोसियों को बुलवाया। सेप्टिक टैंक के अंदर देखने पर विनोद सेप्टिक टैंक के अंदर पानी में डूबा हुआ था और उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना की रिपोर्ट चेपालाल उर्फ शिवलाल बोपचे 62 वर्ष ने रजेगांव पुलिस चौकी में की थी। जहां से सहायक उपनिरीक्षक ग्लैडविन क्षत्रियाअपने स्टाफ के साथ ग्राम खारा पहुंचे और ग्रामीणों से सेप्टिक टैंक का ऊपर का सीमेंट सीट तुड़वाकर विनोद पारधी की लाश को बाहर निकाले।भावना व्यक्त की गई है कि सेप्टिक टैंक के अंदर वर्तमान बारिश से जहरीले गैस के प्रभाव में आने से विनोद पारधी चक्कर आने से वही गिर गया। जिससे उसकी पानी में डूबने से मौत हो गई ।सहायक उप निरीक्षक श्री क्षत्रिया ने शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात विनोद पारधी का शव किरनापुर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर उनके परिजनों को सौंप दिये और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।



# अंजलि ट्रेवल का संचालक राजा कुकरेजा विधवा महिला का देहशोषण और ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कोतवाली पुलिस ने अंजलि ट्रेवल्स के संचालक राजा कुकरेजा के विरुद्ध एक विधवा महिला ने जबर्दस्ती शारीरिक संबंध और ब्लैकमेलिंग करने का आरोप लगाई। कोतवाली पुलिस ने इस 38 वर्षीय विधवा महिला द्वारा की गई रिपोर्ट पर राजा कुकरेजा के विरुद्ध महिला का देहशोषण ब्लैकमेलिंग करने के आरोप में अपराध दर्ज कर उसे इस अपराध में गिरफ्तार कर लिये है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस महिला के पति की पिछले वर्ष ही अटैक से निधन हुआ है और वह अपने दो बच्चों के साथ में रहती है। यह महिला राजा कुकरेजा को 3 साल से पहचानती है। सन 2023 में इस महिला ने राजा कुकरेजा से अच्छे संबंध होने के कारण डेढ़ लाख रूपए उधार ली थी और उसने अपने जमीन की पावती खसरा नक्शा और चेक राजा कुकरेजा को दे दी थी और दोनों के बीच डेढ़ लाख रुपए वापस करने पर जमीन की पावती खसरा नक्शा और चेक वापस कर देने तय हुआ था। 16 दिसंबर 2024 को इस महिला ने राजा कुकरेजा को डेढ़ लाख रुपए केश वापस कर दी थी। रुपए वापस करते समय महिला ने जमीन की पावती खसरा नक्शा और चेक वापस मांगी तो राजा कुकरेजा ने उसे दूसरे के पास में है बोलकर टाल दिया था।जिसके बाद इस महिला ने दो-तीन बार अपने दस्तावेज मांगे किंतु राजा कुकरेजा ने किसी के पास रखे होने का हवाला देकर वह दस्तावेज देने में टाल मटोल करते रहा। 19 दिसंबर 2024 को राजा कुकरेजा ने इस महिला को फोन करके गर्रा आने के लिए बोला था।महिला ने आने से मना कर दी थी। राजा कुकरेजा ने जमीन के दस्तावेज वही रखे होने का हवाला दिया और आकर दस्तावेज ले जाने बोला था। तब राजा कुकरेजा के साथ यह महिला गर्रा उसके रेस्ट हाउस गई। राजा कुकरेजा ने इस महिला को रेस्ट हाउस के अंदर ले जाकर उसके साथ बातचीत की और दस्तावेज नहीं दिया और गलत व्यवहार किया। रात्रि में राजा कुकरेजा ने इस महिला के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए और उसे बालाघाट लाकर छोड़ दिया। इसी प्रकार 5 जनवरी 2025 को राजा कुकरेजा ने इस महिला को नगर के गणपति हॉस्पिटल के पास स्थित अपने निर्माणाधीन मकान में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाएं। महिला ने राजा कुकरेजा से बातचीत करना बंद कर दी थी। जिसके बाद राजा कुकरेजा ने इस महिला को परेशान करने की नीयत से उसके नाम का चेक लगा दिया और महिला को ब्लैकमेल करने लगा कि अगर तू मेरे साथ शारीरिक संबंध नहीं बनाएंगी तो तुम्हारी दस्तावेज वापस नहीं करूंगा और वह इस महिला को जान से मार डालने की धमकी देने लगा। इस संबंध में इस महिला ने अपने परिचितों को बताई और 30 मई को यह महिला रिपोर्ट करने के लिए कोतवाली पहुची और इस महिला द्वारा की गई शिकायत और कुछ साक्ष पेश किए गए थे। उप निरीक्षक किरण वरकडे ने इस महिला द्वारा की गई शिकायत पर राजा कुकरेजा पिता कन्हैया वाला कुकरेजा 53 वर्ष वार्ड नंबर 20 सिंधी मोहल्ला बालाघाट निवासी के विरुद्ध इस महिला का देहशोषण और ब्लैकमेल करने के आरोप में धारा64,64(1),64(2)एम,308(2),351(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज की और तुरंत कार्रवाई करते हुए इस मामले में राजा कुकरेजा को गिरफ्तार कर लिए।


पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

Kaira
तकनीक जापानी सोच हिन्दुस्तानी
आधुनिक तकनीकी का प्रीमियम काईरा राईस ट्रांसप्लांटर
विश्व की नं. 1 धान रोपाई मशीन एवं हार्वेस्टर पर विशेष अनुदान
शासकीय अनुदान उपलब्ध
फायनेंस सुविधा उपलब्ध
ट्रे, सीडर स्टॉक उपलब्ध
14900/- में सीडर पायें
~~62/-~~ 58/- 4 रु. की बचत
~~18900/-~~ 14900/- 4000 रु. की बचत
पिछले 3 वर्ष में सिवनी, बालाघाट एवं पूरे महाकौशल में 500 से भी ज्यादा संतुष्ट ग्राहक
- रोट्रावेटर मल्टीस्पीड में उपलब्ध
- स्टेनलेश स्टील ब्लेड के साथ जो चले सालों साल
- 6.5 फीट एवं 7.5 फीट में उपलब्ध, जो जुताई में दमदार, दिखने में जोरदार
- 4 गियर में उपलब्ध जो सुखे एवं कीचड़ में आसानी से चले
- मार्केट से कम दाम में उपलब्ध
रोट्रावेटर की हर खरीदी पर रेनकोट फ्री
के.के. इंटरप्राईजेस/ सांई ट्रेक्टर्स (पॉवरट्रेक ट्रेक्टर्स)
सांई ट्रेक्टर्स के बाजू में, मोती तालाब रोड, बालाघाट
के.के. इंटरप्राईजेस
बालाघाट रोड, पटेलटोला, बरघाट
मो. 9425138685, 8770334649, 9669674379

AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा इंजीनियरिंग & पॉलिटेक्निक कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. & Polytechnic
- COMPUTER SCIENCE ENGINEERING
- MINING ENGINEERING
- CIVIL ENGINEERING
- MECHANICAL ENGINEERING
- ELECTRICAL ENGINEERING
Lateral Entry Admission NEP 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा/B.Sc. (Maths) उत्तीर्ण छात्रों का B.Tech. एवं ITI उत्तीर्ण छात्रों का पॉलिटेक्निक के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा, बालाघाट
6262604111, 9425836824

JOB VACANCY
आवश्यकता है
PADMESH X FIBERNET में
TECHNICAL ENGINEER
हम देंगे...
★ सम्मानजनक मानदेय ★ पेट्रोल खर्च अतिरिक्त
★ तेजी से विकास का मौका ★ नौकरी की सुरक्षा
पता- पद्मेश सिटी केबल, काली पुतली चौक, बालाघाट 9752771444





स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.७, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट